राष्ट्रीय दैनिक

प्रातःकिरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

08 एयरटेल ने एक साथ 125 शहरों में 5जी लॉन्च की घोषणा की ...

अडानी के सपोर्ट में दिख रहे ऑस्ट्रेलिया के टॉप लीडर ... 08

वर्ष : 13 | अंक : 294 | नई दिल्ली, बुधवार, 08 मार्च, 2023 | फाल्गुन मास, पूर्णिमा, विक्रम संवत् 2079 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

प्रातः किरण परिवार की तरफ से आप सभी को रंगो का त्योहार होली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। आप सभी को सूचित किया जाता है कि होली के पावन असवर पर दिनांक 08.03.2023 दिन बुधवार व दिनांक 09.03.2023 गुरुवार को प्रातः किरण का दफ्तर बंद रहेगा। अतएव पाठकों को प्रातः किरण का अगला अंक दिनांक 11.03.2023 दिन शनिवार को मिलेगा।

नौकरी के बदले जमीन घोटाला मामला : सीबीआई ने लालू प्रसाद से की पूछताछ

प्रात : किरण संवाददाता

नई दिल्ली। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने नौकरी के बदले जमीन घोटाला मामले की जांच के तहत बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी से पूछताछ करने के अगले दिन उनके पति, पूर्व रेलवे मंत्री लालू प्रसाद से मंगलवार को करीब दो घंटे तक पूछताछ की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यह मामला लालू प्रसाद के परिवार को तोहफे में जमीन देकर या जमीन बेचने के बदले में रेलवे में कथित तौर पर नौकरी पाने से संबंधित है। यह मामला तब का है जब प्रसाद 2004 से 2009 के बीच रेल मंत्री थे। इससे एक दिन पहले सीबीआई ने राजद सुप्रीमो की पत्नी और बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी से उनके पटना स्थित आवास पर सोमवार को करीब पांच घंटे तक पूछताछ की थी। अधिकारियों ने बताया कि पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी की गयी और इस दौरान एक विशेष कमरे में कुछ दस्तावेजों को लेकर प्रसाद से पूछताछ की गयी। प्रसाद किडनी प्रतिरोपण सर्जरी के बाद, अपनी बेटी मीसा भारती के आवास पर इस कमरे में पृथक रह रहे हैं। अधिकारियों के अनुसार, पांच सीबीआई अधिकारियों का एक दल दो कार में सवार होकर मंगलवार को सुबह 10 बजकर 40 मिनट पर इंडिया गेट के समीप पंडारा पार्क में मीसा भारती के आवास पर पहुंचा, जहां प्रसाद अभी रह रहे हैं। सीबीआई दल दोपहर करीब 12 बजकर 55 मिनट पर वहां से निकला। उन्होंने बताया कि सीबीआई ने इस मामले में आपराधिक षडयंत्र और भ्रष्टाचार रोकथाम कानून के प्रावधानों के तहत प्रसाद, राबड़ी देवी और 14 अन्य के खिलाफ पहले ही एक आरोपपत्र दाखिल कर दिया है और सभी आरोपियों को 15 मार्च को अदालत में पेश होने के लिए सम्मन भेजा गया है। उन्होंने कहा कि यह पूछताछ आगे की जांच के तौर पर की जा रही है जिसमें जांच एजेंसी धन के लेनदेन और वृहद साजिश का पता लगाने की कोशिश कर रही है। प्रसाद चारा घोटाला मामले में दोषी ठहराए जा चुके हैं और अभी बीमार हैं।

चाणक्या पब्लिक स्कूल सोंगर, मोरवा, समस्तीपुर की ओर से सभी क्षेत्रवासियों और अभिभावकों एवं छात्र-छात्राओं को रंगों का पर्व होली की हार्दिक शुभकामनाएं
मो:- 9386538459,7004630967
रजिस्ट्रेशन नंबर:- SAM/MOR/015
क्लास:-नर्सरी से आठवां वर्ग तक
पाठ्यक्रम :- सीबीएसई
निशुल्क नामांकन जारी.....सत्र- 2023-2024 के लिए, (सीट सीमित) जल्दी करें।
निदेशक:- सुनील कुमार सर
M.Sc.(PHY),D.Ed & CTET Qualified
प्राचार्य :- शशि राज झा
B.Sc.(Ho»»fs.), B.Ed & CTET+STET Qualified

मां श्यामा इंडस्ट्रीज
निमार्ता और विक्रेता :- फ्लाई ऐश ब्रिक्स और पेभर ब्लॉक
ग्राम+पोस्ट :- पोखरैड़ा, समस्तीपुर

प्रोपराइटर:
आदित्य कुमार जुगनू
मोबाइल :- 9709426181

भारतीय जन औषधि परियोजना से करोड़ों लोगों का जीवन हुआ आसान: मोदी

प्रात : किरण संवाददाता

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को भारतीय जन औषधि परियोजना की उपलब्धियों को संतोषप्रद बताते हुए कहा कि इससे करोड़ों लोगों का जीवन आसान हुआ है। प्रधानमंत्री मोदी ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया के ट्वीट पर प्रतिक्रिया देते हुए ट्वीट किया। कहा कि भारतीय जन औषधि परियोजना की उपलब्धियां काफी संतोषप्रद हैं। इससे न केवल इलाज के खर्च को लेकर देश के करोड़ों लोगों की चिंताएं दूर हुई हैं, बल्कि उनका जीवन भी आसान हुआ है। जन औषधि दिवस के अवसर पर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने ट्वीट संदेश में कहा कि देश में आज प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना का 5वां दिवस मनाया जा रहा है। इस परियोजना ने भारत के आम जनमानस के जीवन पर सीधा सकारात्मक प्रभाव डाला है। एक मृत योजना को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने फिर से जीवित कर देशवासियों की सेवा में समर्पित किया है।

संक्षिप्त खबरें

एक वारंटी गिरफ्तार, भेजे गए जेल

मसौढ़ी। पुलिस ने शुक्रवार को विभिन्न धाराओं में फरार एक वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया ।गिरफ्तार आरोपी मसौढ़ी थाना क्षेत्र के पकड़ी गांव निवासी चंदेश्वर यादव के पुत्र उपेंद्र कुमार उर्फ विलट हैं ।थाना अध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि इन सभी वारंटी न्यायालय में प्रस्तुत नहीं हुए थे, जिसके बाद न्यायालय की ओर से वारंट जारी किया गया था।

केंद्रीय मंत्री अजय भट्ट ने मरीजों को जन औषधि किट देकर किया सम्मानित

हल्द्वानी। केंद्रीय रक्षा एवं राज्यमंत्री अजय भट्ट ने मुख्य अतिथि के रूप में सुशीला तिवारी हॉस्पिटल में दीप प्रज्वलित कर जन औषधि दिवस का शुभारंभ किया। मंत्री भट्ट ने इस दौरान जनऔषधि केंद्र का निरीक्षण किया और वहां काम कर रहे फार्मेसिस्टों से दवाओं के संबंध में जानकारी भी ली, जन औषधि केंद्र की जानकारी को लेकर अजय भट्ट संतुष्ट नजर आए, जन औषधि केंद्र खुलने से देश में रह रहे हर तबके को राहत मिली है, क्योंकि जो मरीज बाहर मेडिकल स्टोर से महंगी दवाएं नहीं खरीद सकते वह जन औषधि केंद्रों से सस्ते रेट पर दवाएं खरीद सकते हैं। मंत्री भट्ट ने वहां मौजूद जन औषधि केंद्र से लाभ ले रहे लोगों से जनसंवाद भी किया उन्होंने प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र बनाने का उद्देश्य जेनेरिक दवाइयां लाभार्थियों को कम से कम कीमतों में उपलब्ध कराना है। मंत्री भट्ट ने कहा कि जन औषधि केंद्रों की शुरूआत देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक ड्रीम योजना के तहत करी गई। जिससे देश के हर गरीब को समुचित इलाज के साथ-साथ सस्ती दवाइयां भी आसानी से मिल सके और हर किसी व्यक्ति को भी लाभ मिल सके। इस समय इन केंद्रों में 1759 दवाइयां 280 सर्जिकल उत्पाद बिक्री के लिए उपलब्ध है, जोकि बाजार की कीमत से बहुत ही न्यूनतम दाम में मिल जाती हैं। जन औषधि केंद्रों में 50% से 90% की छूट में दवाइयां उपलब्ध है, जो दवाइयां जन औषधि केंद्रों में 10 रू0 में उपलब्ध हो रही है वही दवाइयां बाजार रेट में 100 रू0 में मिल रही है। जिसका लाभ देश के हर हर व्यक्ति को आसानी से मिल रही है। भट्ट ने कहा कि अभी तक भारत में 9177 केंद्र खोले जा चुके हैं और साथ ही इस वर्ष 31 दिसंबर 2023 तक भारत में 10000 जन औषधि केंद्र खोले जाने हैं जिसका श्रेय देश के प्रधानमंत्री जी को जाता है। भट्ट ने सीएमओ भागीरथी जोशी के उत्कृष्ट कार्य पर अपनी खुशी जताई। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष बेला तोलिया, जिला अध्यक्ष प्रताप बिष्ट, सीएमओ डॉ0 भागीरथी जोशी, प्राचार्य सुशीला तिवारी अरुण जोशी, जिला पंचायत सदस्य कमलेश चंदोला, शंकर बोरा, कल्पना बोरा, रेनू अधिकारी, शांति भट्ट आदि लोग मौजूद रहे।

नैनीताल पुलिस ने स्मैक की खेप के साथ दो तस्कर किये गिरफ्तार

हल्द्वानी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नैनीताल पंकज भट्ट के जनपद नैनीताल को नशा मुक्त बनाये जाने एवं आगामी होली के पर्व को ध्यान में रखते हुये समस्त थाना / चौकी प्रभारियों को अपने-अपने थाना क्षेत्र में होली के पर्व पर नशे की तस्करी करने वालों के विरुद्ध प्रभावी चैकिंग अभियान चलाकर चलाते हुये नशे की तस्करी पर अंकुश लगाने एवं अवैध बिक्री करने वालों की धड़ पकड़ करने हेतु निर्देशित किया गया है। साथ ही थाना स्तर पर गठित ए0एन0टी0एफ0 को भी थाना क्षेत्र में होली पर्व में सक्रिय रूप से कार्य कर नशा तस्करों के विरुद्ध ज्यादा से ज्यादा निरोधात्मक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये हैं। आदेश के क्रम में नशे के विरुद्ध प्रचलित अभियान के दौरान एसपी क्राईम / यातायात नैनीताल डा0 जगदीश चन्द्र, एसपी सिटी हल्द्वानी हरबन्स सिंह, क्षेत्राधिकारी हल्द्वानी भूपेन्द्र सिंह धोनी, सफल पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली हल्द्वानी हरेन्द्र चौधरी के नेतृत्व में प्रभारी एस. ओ.जी. नैनीताल राजवीर सिंह नेगी एवं चौकी प्रभारी हीरानगर उ0नि0 धर्मेन्द्र कुमार व एएनटीएफ की संयुक्त टीम द्वारा होटल मिनी पैराडाईज रेस्टोरेन्ट वर्क शॉप लाईन हल्द्वानी से दो अभियुक्तों को अवैध स्मैक की तस्करी करते हुए गिरफ्तार किया गया है । ता दें कि एस.ओ.जी. नैनीताल एंव चौकी प्रभारी हीरानगर उ0नि0 धर्मेन्द्र कुमार संयुक्त टीम के द्वारा होटल मिनी पैराडाईज रैस्टोरेन्ट वर्क शॉप लाईन हल्द्वानी से दो अभियुक्त राजा उम्र 24 वर्ष पुत्र गुलाब सिंह निवासी अहमदनगर पो0 विटोरा नई बस्ती फतेहगंज पश्चिमी जिला बरेली उङ्गप्रङ्ग और रविन्द्र कुमार उम्र 30 वर्ष पुत्र छरिराम निवासी सराय नई बस्ती वार्ड न0 07 थाना फतेहगंज पश्चिमी जिला बरेली उ0प्र0 के द्वारा 101.07 ग्राम अवैध की तस्करी करते हुए गिरफ्तार गया। जिस संबंध में अभियुक्तगण के विरुद्ध कोतवाली हल्द्वानी में संबंधित धाराओं के तहत एनडीपीएस एक्ट के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया। अभियुक्त द्वारा पूछताछ में बताया कि आगामी त्याहौरी सीजन के कारण स्मैक की मांग अधिक होने पर स्मैक को कम दामों में खरीद कर ऊंचे दामों में बेचकर मुनाफ कमाना था।

यूजीईटी 2023 के लिए कॉमेडके-यूनी-गॉज एंट्रेंस एग्जाम की

400 सेंटर पर 1 लाख से अधिक छात्रों के परीक्षा में शामिल होने की उम्मीद है

प्रात :किरण संवाददाता

कॉमेडके यूजीईटी और यूनी-गॉज एंट्रेंस एग्जाम रविवार 28 मई 2023 को 150 से अधिक इंजीनियरिंग कॉलेजों और 50 से अधिक रैप्यूटेटेड प्राइवेट और डीम्ड यूनिवर्सिटी में प्रवेश के लिए कंबाइंड एग्जामिनेशन के रूप में आयोजित की जाएगी। एंट्रेंस एग्जाम कर्नाटक अनएडेड प्राइवेट इंजीनियरिंग कॉलेज एसोसिएशन (केयूपीईसीए) से संबद्ध कॉलेजों और बीई/बीटेक प्रोग्राम की चलाने वाले यूनी-गॉज मेंबर यूनिवर्सिटी के लिए आयोजित की जाएगी। एग्जाम 400 से अधिक एग्जाम सेंटर के साथ देशभर के 150 से अधिक शहरों में ऑनलाइन आयोजित की जाएगी। इस साल 1 लाख से अधिक छात्रों के परीक्षा में शामिल होने की उम्मीद है। अप्लीकेंट www.comedk.org or www.unigauge.com पर रजिस्टर कर सकते है। रजिस्ट्रेशन प्रोसेस 15 फरवरी, 2023 से शुरू हो गया है जो कि 24 अप्रैल, 2023 तक ऑनलाइन खुला रहेगा। पिछले 50 वर्षों से, कर्नाटक हायर एजुकेशन के मामले में लीडर रहा है। यह इंजीनियरिंग में करियर बनाने की चाह रखने वालों के लिए अपने विविध प्रकार के कॉलेजों, असाधारण शिक्षा और स्नातक स्तर की पढ़ाई के बाद हाई जॉब प्लेसमेंट रेट के कारण टॉप चॉइस रहा है। हायर एजुकेशन पर राज्य के फोकस के परिणामस्वरूप स्किल्ड प्रोफेशनल के एक बड़ा पूल का तेयार हुआ है, जिनकी ग्लोबल लेवल काफी डिमांड है। इस साल कॉमेडके ने एक पहल कॉमेडके केयर्स भी लॉन्च की है, इसके तहत भाग लेने वाले इंस्टीट्यूट के स्टूडेंट्स की स्किल को बढ़ाने वाले कोर्सेस के माध्यम से जॉब रेडी होने में मदद की जाएगी। कॉमेड केयर्स ने कर्नाटक में आठ इनोवेशन हब स्थापित किए हैं, जिनमें से 4 बेंगलुरु में हैं और बाकी मैसूर, कलाबुर्गी, मैंगलोर, बेलगाम में स्थित हैं। प्रत्येक हब 5000 वर्ग फीट के अत्याधुनिक सेंटर में स्थित है। हब हाई एंड इक्विपमेंट (वुड रूटिंग, लेजर कटिंग, 3डी प्रिंटर, एआर-वीआर इक्विपमेंट, हैंड टूल्स, कंप्यूटर एसडब्ल्यू, यूआई-यूएक्स टूल्स आदि) से लैस हैं। इनोवेशन हब में रैपिड प्रोटोटाइपिंग, रोबोटिक्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग और इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी) जैसे प्रोग्राम पेश किए जाते हैं। इस पहल के साथ, कर्नाटक प्राइवेट इंजीनियरिंग कॉलेजों को स्किल-बेस्ड ट्रेनिंग शुरू करने वाला पहला राज्य भी बन गया है। कॉमेडके के एग्जीक्यूटिव सेक्रेटरी डॉ. कुमार ने कहा कि कर्नाटक के प्रमुख इंजीनियरिंग संस्थानों में प्रवेश पाने के लिए भारत भर के छात्रों का स्वागत करते हुए हमें खुशी हो रही है।150 से अधिक प्रमुख कॉलेज यूजीईटी के माध्यम से छात्रों को प्रवेश देते हैं, और हमें उन्हें यंग टैलेंट्स से जोड़ने के लिए एक निष्पक्ष, समावेशी और गैर-शोषक मंच प्रदान करने पर गर्व है।&०४ङ्क३; ईआरए फाउंडेशन के सीईओ श्री पी. मुरलीधर कहते हैं: ह्लहम मानते हैं कि मेरिट और एप्टीट्यूट ही एकमात्र मापदंड होना चाहिए जो यह निर्धारित करें कि एक छात्र को आगे की पढ़ाई कहां करनी चाहिए। यूनी-गॉज को एक टेस्टिंग प्लेटफॉर्म के रूप में निष्पक्षता और वस्तुनिष्ठता के उच्चतम मानकों को पूरा करने के लिए सख्ती से डिजाइन किया गया है, और हमें कल के वर्कफोर्स के होलिस्टिक डेवलपमेंट डिजाइन की दिशा में अपनी भूमिका पर गर्व है। एप्लीकेशन और एग्जाम की पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन होगी। ऑनलाइन एग्जाम और एप्लीकेशन प्रोसेस की डीटेल गाइडलाइन स्टूडेंट्स के लिए www.comedk.org or www.unigauge.com पर उपलब्ध है। नोटः www.comedk.org कॉमेडके की एकमात्र आधिकारिक वेबसाइट है। छात्रों, अभिभावकों से अनुरोध है कि वे अत्यधिक सावधानी बरतें और सूचना अपडेट और एप्लीकेशन प्रोसेस के लिए केवल आधिकारिक वेबसाइट का उपयोग करें।

नगर परिषद में एक करोड 94 लाख के लाभ का बजट पारित

प्रात :किरण संवाददाता

मसौढ़ी। स्थानीय नगर परिषद कार्यालय के सभाकक्ष में सोमवार को बोर्ड के बजट को लेकर विशेष बैठक आहूत हुई. इसकी अध्यक्षता मुख्य पार्षद पिंकी देवी ने की. इस मौके पर मुख्य पार्षद ने वितीय वर्ष 2023-24 के लिए 89 करोड 97 लाख का अनुमानित बजट सदन के पटल पर रखा. बजट की जानकारी देते हुए कार्यपालक पदाधिकारी जगन्नाथ प्रसाद ने बताया कि वितीय वर्ष 2023-24 में कुल अनुमानित आयमद 91 करोड 90 लाख है. इससे नगर परिषद को इस वितीय वर्ष में कुल एक करोड 94 लाख के अनुमानित लाभ होने की संभावना है. चर्चा में भाग लेते हुए वार्ड पार्षद मो0 एकराम हसैनन ने पिछली बैठक में गांधी मैदान में होने वाले जलजमाव के मामले के निदान के लिए बजट में प्रावधान की जानकारी की मांग की. लेकिन उसे टाल दिया गया. मो0 एकराम हुसनैन ने कुछ घरों में नल का जल नहीं पहुंचने के बाबजूद उसकी राशि की वसूली करने की शिकायत की और उन घरों में नलजल की पूरी व्यवस्था करने की मांग की. इस दौरान कुछ पार्षदों के सुझाव को सम्मिलित करते हुए सदन ने बजट को पारित कर दिया.बजट के दौरान मुख्य पार्षद ने सदन को बताया कि नगर परिषद अपने आंतरिक संसाधानों और केंद्र व राज्य सरकार से मिलने वाले अनुदान से अपनी आय प्राप्त करेगी.उन्होंने बताया कि वितीय वर्ष 2023-24 के लिए नगर परिषद नगर पालिका के नए लैंडफिल साइट एवं अन्य उपयोग हेतु जमीन भूमि क्रय के लिए सात करोड, मार्केट कंप्लेक्स के लिए तीन करोड, सामुदायिक भवन के लिए एक करोड 50 लाख, टाउन हॉल के लिए 50 लाख, रैन बसेरा के लिए एक करोड, पुस्कालय के लिए 50 लाख, शवदाह गृह के लिए तीस लाख, शहरी गरीबों के लिए बहुमंजिला आवासन हेतु दो करोड, वेंडर जोन के लिए एक करोड, रोड एवं नाला निर्माण हेतु 29 करोड बीस लाख का प्रावधान बजट में किया है. इसके अलावे जलापूर्ति प्रणाली एवं जल जीव हरियाली योजना के तहत एक करोड बीस लाख, पब्लिक लाइट हेतु एक करोड, यात्री शेड के लिए तीस लाख, शौचालय एवं स्नान घर हेतु एक करोड, एंबुलेंस एवं शववाहन के लिए साठ लाख, मृत पशुओं के निपटान हेतु वाहन एवं स्थल के जीर्णोद्धार के लिए चालीस लाख, ओपन जिम एवं पार्क विकास के लिए पचास लाख, पार्किंग विकास के लिए तीस लाख, सफाई उपकरण एवं वाहन क्रय हेतु पांच करोड और डस्टबीन क्रय के लिए तीन करोड खर्च करने का प्रावधान बजट में किया गया.मौके पर उप मुख्य पार्षद चंद्रकांत कुमार, वार्ड पार्षद उज्जवल कुमार, आनंद शेखर, रेणु देवी, आशा देवी समेत अन्य पार्षद मौजूद थे.

इंटरसिटी ट्रेन हमले का आरोपी अजीत कोड़ा गिरफ्तार, पुलिस कार्रवाई से बैकफुट पर नक्सली

पटना, एजेंसी

जिले में नक्सलियों के खिलाफ की जा रही कार्रवाई से संगठन बैकफुट पर है। एएसपी अभियान मोतीलाल के नेतृत्व में एसएसबी अभियान दल ने पीरी बाजार थाना क्षेत्र के लाठिया कोल जंगल से रविवार को नक्सली अजीत कोड़ा को गिरफ्तार किया है। कोड़ा धनबाद-पटना इंटरसिटी ट्रेन पर हमले में शामिल था। गिरफ्तार नक्सली चानन थाना क्षेत्र के कछुआ गांव का रहने वाला है, जो विगत साढ़े नौ वर्षों से फरार था। उसने 13 जून 2013 को जिले के चानन थाना क्षेत्र अंतर्गत कुंदर रेलवे हाल्ट पर धनबाद-पटना इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन को रोककर अपने साथियों के साथ फायरिंग की, जिसमें एक एसआई समेत तीन लोगों की गोलीमार कर हत्या कर दी थी। पुलिसकर्मियों से हथियार व कारतूस भी लूट लिए थे। नक्सली संगठन के शीर्ष नेताओं का खास शागिर्द अजित कोड़ा फरार था, जिसे पुलिस ने गिरफ्तार किया है। यह पुलिस के लिए बड़ी उप लब्धि है। एसपी पंकज कुमार ने सोमवार को अपने कार्यालय कक्ष में प्रेस कांफ्रेंस में इसकी जानकारी दी है। एसएसबी के जाल में फंस गया कोड़ा जले के नक्सल क्षेत्र में एसएसबी की लगातार कार्रवाई से नक्सलियों में हड़कंप मचा हुआ है। फरार नक्सली अजीत कोड़ा के लाठिया कोल जंगल में आने का इनपुट मिला। इसके बाद एएसपी अभियान मोती लाल के नेतृत्व में एसएसबी जवानों के बिछाए जाल में अजीत कोड़ा फंस गया। एसपी ने बताया कि नक्सली अजीत कोड़ा के खिलाफ एक एके 47 राइफल, दो इंसास राइफल, 230 कारतूस लूटने का आरोप है। साथ ही ट्रेन पर हुए हमले की सूचना पर जब पुलिस टीम कुंदर हाल्ट जा रही थी तो रास्ते में गोपालपुर टोला हनुमानगढ़ी के पास पुलिस बल को जान से मारने एवं हथियार लूटने के उद्देश्य से बम विस्फोट करने का मामला भी चानन थाना में दर्ज है।

पिछली बैठक की खबर से नाराज नगर परिषद ने मीडियाकर्मियों को नहीं दी बैठक सूचना

प्रात :किरण संवाददाता

मीडियाकर्मियों को बैठक में न देख और मीडिया गैलरी खाली पाकर वार्ड पार्षद आनंद शेखर ने मुख्य पार्षद से इसकी वजह पूछा. आनंद शेखर समेत पार्षद उज्जवल कुमार,मो0 एकराम हुसनैन, रेणु देवी, आशा देवी समेत अन्य कुछ पार्षदों ने कहा कि जब मीडियकर्मी ही बैठक में नहीं आएंगें तो सदन की चर्चा की खबर से आम जनता को अवगत कौन कराएंगा. इसके जबाब में कार्यपालक पदाधिकारी जगन्नाथ यादव ने कहा कि पिछले 6 फरवरी की बैठक में शामिल मीडियार्मियों ने बैठक की कुछ ऐसी चचाओं और कमियों को खबर बना दिया था जिससे आम लोगों में गलत संदेश जाता है. इस पर उन पार्षदों का कहना था कि पिछली बैठक की सकारात्मक पहलूओं को भी मीडियार्मियों ने छापा था. उनका कहना था कि मीडिया स्वतंत्र है और सदन में हुई हर तरह की चर्चा से जनता को रूबरू कराना उनका दायित्व बनता है. इसपर इंशे ने दलील दी कि ससंद और विधानमंडल की बैठक के अलावे अन्य किसी सदन की बैठक में मीडियाकर्मियों को आमंत्रित करने का कोई प्रावधान नहीं है. मुख्य पार्षद का कहना था कि कुछ नए पार्षद अनुभव के अभाव में बैठक में ऐसी चर्चा कर देते हैं जिसे भी मीडिया में प्रकाशित कर दिया जाता है.

फतुहा पुलिस ने निरंजन के हत्यारे को रानीपुर से किया गिरफ्तार

प्रात :किरण संवाददाता

फतुहा। थाना क्षेत्र बड़ी रानीपुर के रहने वाले निरंजन की हत्या बीते 23 जनवरी को चाकू से गोद कर दी गई थी। थानाध्यक्ष मुकेश कुमार मुकेश एवं उनकी टीम ने परिजनों को न्याय का भरोसा दिलाया था। लेकिन हत्यारा पुलिस के पहुंच से बाहर था। डीएसपी राजेश कुमार मांझी की अध्यक्षता में फतुहा थानाध्यक्ष की टीम के जांच के क्रम में निरंजन की गाड़ी चलाने वाला छोटी रानीपुर का रहने वाला जागेसर पंडित का पैसे को लेकर निरंजन से विवाद बताया जा रहा था। इस संबंध में थानाध्यक्ष ने बताया कि हत्या के दिन से यह फरार चल रहा था। जिसको लेकर पुलिस छापेमारी में लगी हुई थी। जिसके बाद इसे बीते दिनों गिरफ्तार किया गया है। बता दें कि निरंजन बीते 23 जनवरी की रात घर में अकला था, उसकी पत्न ी किसी समारोह में अपने मायके गई हुई थी इसी दौरान हत्यारे ने उसकी हत्या कर दिया था। जिसको आज पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

डांस स्कूल में किया गया होली मिलन समारोह का आयोजन

प्रात :किरण संवाददाता

दानापुर खगौल नगर के डांस स्कूल में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में खगौल नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष सुनील कुमार, पत्रकार मनोज कुमार सिन्हा रंजीत कुमार सिन्हा सामाजिक कार्यकर्ता चंदू प्रिंस को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया खगौल की धरती पर पहली बार खगौल डांस स्कूल में बच्चों ने होली मिलन के शुभ अवसर पर डांस करके जलवा बिखेरने का कोशिश किया स्कूल में इस तरह का आयोजन हर वर्ष होता है करो ना कॉल को लेकर इस बार बच्चों द्वारा होता है इससे सभी डांस कर चुके बच्चे बच्चियों को काफी प्रभावित की जाती है इस मौके पर खगौल डांस स्टूडियो के डायरेक्टर नवीन कुमार कोरियोग्राफर रोहित रेहान डांस स्टूडियो के बच्चे अंशुमान वैभव राहुल शुभम नंदनी प्रिया अंजली मुस्कान कृतिका नीतू रोशनी नेहा स्मृति ईशा खुशी आरोही नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष सुनील कुमार अजय कुमार यादव सामाजिक कार्यकर्ता चंदू प्रिंस नवीन कुमार एवं सैकड़ों की संख्या में बच्चे एवं उनके परिजन मौजूद थे

युवाओं ने अबीर-गुलाल से खेली होली

प्रात :किरण संवाददाता

फतुहा। चौराहा स्थित संचार ओनलाइन सेंटर में युवाओं द्वारा होली खेली गई। जिसमें नवीन कुमार, द्रोणा प्रभात, गौरव कुमार, प्रकाश कुमार उर्फ गोलू, रवि कुमार, विकास कुमार, अंकित कुमार, मनोज कुमार ने हर्षोल्लास पूर्वक एक दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामना दिया। इस संबंध में नवीन कुमार ने बताया कि हमें होली शांतिपूर्ण ढंग से मनाना चाहिए। किसी के साथ जोर-जबरदस्ती नहीं करनी चाहिए।

होली व शब-ए-बरात के पूर्व पुलिस जवानों ने किया फ्लैग मार्च

प्रात :किरण संवाददाता

मसौढ़ी: होली एवं शब ए बरात को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के मद्देनजर पदाधिकारी एवं थाना की टीम ने सोमवार को शहर में फ्लैग मार्च निकाला। फ्लैग मार्च का नेतृत्व अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी आईपीएस शुभम कुमार आर्य ने किया ।मार्च कपूरी चौक से शुरू होकर स्टेशन रोड अस्पताल रोड पटेल नगर मणिचक कुम्हारटोली मोहल्ला, मेन रोड सहित आदि इलाकों निकाला गया। इस दौरान अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने लोगों से अपील की कि त्योहार के दौरान किसी भी प्रकार की शांति व्यवस्था भंग नहीं हो इस बात का खास ख्याल रखा जाए। फ्लैग मार्च में मसौढ़ी थाना अध्यक्ष संजय कुमार भगवानगंज थाना अध्यक्ष जावेद अहमद खां कादीरगंज थाना प्रभारी एसआई मनोज सिंह रणविजय कुमार निरमा बैठा प्रमोद कुमार कविंद्र पाल कश्यप जी प्रशांत कुमार सहित तमाम पुलिस जवान शामिल थे।

शौच के लिए गई नाबालिग लड़की का किया अपहरण

प्रात :किरण संवाददाता

मसौढ़ी। अनुमंडल अंतर्गत धनरूआ थाना क्षेत्र के एक गांव मे शनिवार की रात घर से शौच के लिए बाहर गई नाबालिग लड़की के अपहरण करने का मामला प्रकाश में आया है ।लड़की के पिता राजेश कुमार ने थाना में आवेदन देकर कहा है कि मेरी 17 वर्षीय पुत्री शनिवार की रात शौच करने घर से बाहर गई थी। लेकिन काफी समय होने के बाद भी घर वापस नहीं आई तो सभी परिवार वालों ने आसपास में खोजबीन करना शुरू किया, तो पता लगा कि थाना क्षेत्र के रेड़बिगहा गांव निवासी साहिल मुस्तफापुर गांव निवासी अनिल शर्मा के पुत्र पुचुन कुमार व गोपाल यादव आदि पर आरोप लगाते हुए कहा है कि इन सभी ने मिलकर मेरे पुत्री का अपहरण कर लिया है ।पिता ने थाना को आवेदन देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है।

एक साथ दो युवकों का शव पहुंचते ही आंसुओं में डूबा गोकुलपुर, बारात जा रहे थे तभी रास्ते में हुआ हादसा

पटना, एजेंसी

बारात में जाने के दौरान अररिया के फारबिसगंज में कार हादसे में मरने वाले दोनों युवकों के शव सोमवार को केनगर थाना क्षेत्र के गोकुलपुर पंचायत के वार्ड सात पहुंचे। इसके बाद पूरे गांव में मातम पसर गया। हर आंखें नम थी। गांव में होली मनाने की तैयारियों पर पानी फिर गया। जानकारी के अनुसार, गोकुलपुर पंचायत के वार्ड सात में ही रहने वाले जीवछ लाल मेहता के पुत्र रूपेश कुमार के रिश्तेदार क शादी थी। इस शादी समारोह में शामिल होने के लिए रूपेश कुमार, वीरेंद्र मेहता के पुत्र कुंदन कुमार मेहता और शिवानंद मेहता के पुत्र संतोष कुमार मेहता रविवार रात कार से अररिया जिले के रामपुर बसगड़ा गांव जा रहे थे। सड़क किनारे पोल से टकराई थी कार अररिया जिले के फारबिसगंज थाना अंतर्गत दोगच्छी पुल के समीप कार सड़क किनारे पोल से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार चला रहे कुंदन की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। इधर बुरी तरह जख्मी संतोष की मौत इलाज के लिए राजकीय मेडिकल कालेज अस्पताल पूर्णिया लाने के दौरान हो गई। गंभीर रूप से घायल रूपेश का इलाज सदर अस्पताल पूर्णिया में चल रहा है। इस हादसे से पूरा गांव ही गम में डूब गया है। मृतक कुंदन और संतोष की पत्न ी क्रमशः चांदनी देवी एवं नैना आनंद का रो-रो कर बुरा हाल था। चांदनी और नैना आनंद बार-बार बेहोश हो जा रही थीं। अपने बेटों को खोने वाली मांओं के हालत भी बेहद खराब हैं। परिवार सदमे में है। कुंदन के दो बेटे और दो बेटियां हैं, जबकि संतोष के दो बेटियां हैं। पीड़ितों से मिलने पहुंचे सांसद सांसद संतोष कुशवाहा ने गोकुलपुर पहुंचकर मृतक के स्वजनों को सांत्वना दी। सांसद ने कहा कि दुःख की इस घड़ी में वे पीड़ित परिवार के साथ हैं। सरकारी नियमानुसार, मृतक के आश्रितों को सरकारी लाभ दिया जाएगा। मौके पर सुबोध मेहता, पप्पू मेहता, मिस्टर मेहता, कुंदन यादव और मु. ताहिर समेत कई अन्य लोग भी मौजूद थे।

मुख्य पार्षद शिल्पी कुमारी ने किया अनुकंपा पर एक शिक्षक की नियुक्ति

प्रात :किरण संवाददाता

दानापुर. नगर परिषद कार्यालय के मुख्य पार्षद के कक्ष में शनिवार को मुख्य पार्षद शिल्पी कुमारी ने अनुकंपा पर एक शिक्षक को नियुक्ति पत्र प्रदान किया. मुख्य पार्षद शिल्पी कुमारी ने बताया कि अनुकंपा के आधार पर प्रणय कुमार को प्राथमिक विद्यालय जुनैदपुर झुग्गी झोपड़ी में शिक्षक पद पर नियुक्त पत्र प्रदान किया है. परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी सुशील कुमार ने बताया कि सारी प्रक्रिया के बाद अनुकंपा पर शिक्षक को नियुक्त पत्र प्रदान किया गया है. मौके पर प्रभात सौरभ, विजय कुमार, हरेंद्र कुमार, केके संतोष, शिवपूजन राय, सुभाष कुमार, रंजीत कुमार, सुनील कुमार आदि थे. दानापुर. होली मिलन समारोह में रंग-गुलाल से सराबोर हुए बच्चे दानापुर. आंबेदकर भवन बीबीगंज सबका विकास द्वारा संचालित स्कूल में शनिवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया. समारोह में शिक्षिका व बच्चे सभी रंग गुलाल से सराबोर रहे. मौके पर बच्चों ने होली खेले रघुवीरा और रंग बरसे भीगे चुनरवाली होली गीतों पर खूब थिरके. बच्चे के साथ शिक्षिका भी खूब झूमी. मौके पर महादलित समुदाय भवन विकास मंच के अध्यक्ष सुजीत कुमार, सुरेश प्रसाद, उमेश प्रसाद ने कहा कि होली सिर्फ रंगों का त्योहार नहीं है, बल्कि यह सामाजिक समरसता व आपसी सौहार्द का प्रतीक है. यह पर्व आपसी आत्मीयता व सहभागिता का अनूठा पर्व है. मौके पर शिक्षिका सुमन भारती, प्रेरण कुमारी व लीला देवी आदि थे ।

कॉलेजों में प्रिंसिपल अपॉइंटमेंट्स व एडॉहक टीचर्स को परमानेंट कराने की जिम्मेदारी गवर्निंग बॉडी की होती है : सोमनाथ भारती

वित्त पोषित कॉलेजों में एडहॉक शिक्षकों को समायोजित करने के बजाय प्रिंसिपल अपनी मनमानी थोप रहें सोमनाथ भारती

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

आम आदमी पार्टी ने दिल्ली सरकार के वित्त पोषित 28 कॉलेजों के लिए पूरी तरह कार्यात्मक गवर्निंग बॉडीज के जल्द से जल्द गठन की मांग की है। साथ ही इन कॉलेजों में गवर्निंग बॉडी के लिए दिल्ली सरकार द्वारा भेजे गए नामों को तुरंत अप्रूव करने का अनुरोध किया है। आम आदमी पार्टी का कहना है कि केजरीवाल सरकार के इन 28 कॉलेजों में फुल फ्लेज्ड गवर्निंग बॉडी के गठन के बिना कोई साक्षात्कार नहीं होना चाहिए। क्योंकि दिल्ली सरकार की मंशा ऐसे सिस्टम का निर्माण करना है जिससे मौजूदा एडहॉक शिक्षकों के समायोजन को पहली प्राथमिकता दी जाए। इस संबंध में ह्लआपह्व विधायक सोमनाथ भारती ने कहा कि दिल्ली सरकार ने 28 सरकारी वित्त पोषित कॉलेजों की गवर्निंग बॉडीज के लिए उम्मीदवारों की सूची भेजी है. लेकिन डीयू प्रशासन नामांकन को मंजूरी नहीं दे रहा है। पूर्ण स्थापित गवर्निंग बॉडी के अभाव में दिल्ली सरकार के वित्त पोषित कॉलेजों में एडहॉक शिक्षकों को समायोजित करने के बजाय प्रिंसिपल्स अपनी मनमानी थोप रहे हैं। हमारी मांग है कि इन कॉलेजों की गवर्निंग बॉडीज के लिए दिल्ली सरकार द्वारा भेजे गए नॉमिनीज को तुरंत ही एग्जीक्यूटिव काउंसिल में अप्रूव करें। साथ ही फुली-फ्लेज्ड गवर्निंग बॉडीज के गठन के बिना किसी भी व्यक्ति का अपॉइंटमेंट गैर-कानूनी माना जाएगा। एएडीटीए के नेशनल प्रेसिडेंट प्रो. आदित्य नारायण मिश्रा ने कहा कि बीजेपी वाले 100 साल पुराने एजुकेशन इंस्टीट्यूट को खत्म करना चाह रहे हैं। ये सिर्फ चाहते हैं कि हर जगह पर इनके लोग आ जाएं, फिर चाहे वो योग्य हो या नहीं।

आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता व विधायक सोमनाथ भारती और दिल्ली टीचर्स एसोसिएएन (एएडीटीए) के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो. आदित्य नारायण मिश्रा ने मंगलवार को एक महत्वपूर्ण प्रेसवार्ता को संबोधित किया। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता सोमनाथ भारती ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एग्जीक्यूटिव, ज्यूडिशियरी, एकेडमिक सहित हर क्षेत्र में मनमानी कर संस्थानों को कमजोर करने में लगी है। दिल्ली विश्वविद्यालय में भी बीजेपी चुनी हुई सरकार को दरकिनार कर रही है। दिल्ली विश्वविद्यालय के 28 कॉलेज ऐसे हैं, जिसमें गवर्निंग बॉडीज की सरंचना के लिए दिल्ली सरकार मेंबर्स को नियुक्त करती है। इन 28 कॉलेजों में से 12 कॉलजों में 100 फीसद फंडिंग दिल्ली सरकार द्वारा की जाती है। जबकि 16 कॉलेज 5 फीसद फंडिंग दिल्ली सरकार करती है। इन 28 कॉलेजों में गवर्निंग बॉडीज के लिए दिल्ली सरकार सदस्यों के नाम भेजती है। इसके बाद उन नामों को एग्जीक्यूटिव काउंसिल के समक्ष अप्रूव कराया जाता है।

उन्होंने कहा कि यह गवर्निंग बॉडी बेहद महत्वपूर्ण होती है। कॉलेज में प्रिंसिपल का अपॉइंटमेंट, एडॉहक टीचर्स को परमानेंट कराने की जिम्मेदारी गवर्निंग बॉडी की होती है। केजरीवाल सरकार का शुरू से उद्देश्य रहा है कि जिन एडहॉक शिक्षकों ने अपने जीवन के 15 से 20 साल कॉलेजों में बच्चों को पढ़ाने के लिए दिए हैं, उन्हें कॉलेज में परमानें

टीचर्स की भर्ती के दौरान प्राथमिकता दी जाए। इसलिए यह जरूरी है कि कॉलेजों में फूली फ्लेजड गवर्निंग बॉडीज बने। दिल्ली सरकार की तरफ से भेजे गए नॉमिनीज के नामों को एग्जीक्यूटिव काउंसिल अप्रूव करें, ताकि पूरी तरह कार्यात्मक गवर्निंग बॉडीज अपने काम में लगे।

इस संबंध में तत्कालीन उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने 28 जनवरी 2023 को 28 कॉलेजों के गवर्निंग बॉडीज के लिए नॉमिनीज की सूची दिल्ली विश्वविद्यालय को सौंपी थी। जिसे अप्रूव करने की जिम्मेदारी वाइस चांसलर की थी। लेकिन उन्होंने लोकतांत्रिक तरीके से चल रही सरकार की बात नहीं मानी। इसी कारण 3 फरवरी 2023 को सूची को अप्रूव कराने के लिए एग्जीक्यूटिव काउंसिल की बैठक बुलाई गई। लेकिन नॉमिनीज की सूची को अप्रूव नहीं किया गया।

जानकारी

- दिल्ली सरकार द्वारा वित्त पोषित कॉलेजों में एडहॉक शिक्षकों को समायोजित करने के बजाय प्रिंसिपल अपनी मनमानी थोप रहे हैं- सोमनाथ भारती

विधायक सोमनाथ भारती ने कहा कि कुछ दिनों पहले भारती कॉलेज में प्रिंसिपल के अपॉइंटमेंट के लिए असिस्टेंट रजिस्ट्रार के माध्यम से 3 नॉमिनीज का नाम भेजा गया। हमने मुद्दा उठाया कि इन तीन नॉमिनीज पर एग्जीक्यूटिव काउंसिल का अप्रूवल नहीं है। भारती कॉलेज के अंदर 3 नॉमिनी गैर-कानूनी तरीके से लाए गए। कॉलेजों में प्रिंसिपल अपनी मनमर्जी थोप रहे हैं, हम इसकी निंदा करते हैं। हमारी मांग है कि इन 28 कॉलेजों की गवर्निंग बॉडीज के लिए दिल्ली सरकार द्वारा भेजे गए नॉमिनीज को तुरंत ही एग्जीक्यूटिव काउंसिल में अप्रूव करें। ताकि इन कॉलेजों मे फुली फ्लेज्ड गवर्निंग बॉडीज बने। उसके बाद ही अन्य प्रोसेस शुरू हो। फुली फ्लेज्ड गवर्निंग बॉडीज के बगैर किसी भी व्यक्ति का अपॉइंटमेंट गैर-कानूनी माना जाएगा। डीयू के कुलपति लोकतांत्रिक तरीके से लिए गए फैसलों की अवमानना ना करें।

इस दौरान दिल्ली टीचर्स एसोसिएएन (एएडीटीए) के नेशनल प्रेसिडेंट प्रो. आदित्य नारायण मिश्रा ने कहा कि जिस तरह बीजेपी संस्थाओं को ध्वस्त करने का काम कर रही है, उसी तरह दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति के नेतृत्व में डीयू का प्रशासन काम कर रहा है। दिल्ली विश्वविद्यालय की क्रेडिबिलिटी को बनाने के पीछे 100 साल की मेहनत, तपस्या और नियम कानून का ऑब्जरवेशन शामिल है। बीजेपी उस संस्था की क्रेडिबिलिटी को खत्म करने का काम कर रही है। डीयू के कानून के अनुसार गवर्निंग बॉडी में जो भी नाम शामिल होंगे, वो एग्जीक्यूटिव काउंसिल से अप्रूव होकर जाएंगे। डीयू में 3 फरवरी को एग्जीक्यूटिव काउंसिल की मीटिंग से एक हफ्ते पहले ही तत्कालीन उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने 28 कॉलेजों की गवर्निंग बॉडी के लिए नामों की सूची भेजी थी। मगर इसके बावजूद इन नामों को नहीं रखा गया। 27 जनवरी को तत्कालीन डिप्टी सीएम ने दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति को पत्र लिखाकर साफ कहा था कि जो एडहॉक टीचर्स जहां काम कर रहे हैं, हम उन्हें वहीं समायोजित करना चाहते हैं। हम उन्हें डिस्प्लेस नहीं करना चाहते है, क्योंकि इन शिक्षकों की आजीविका का सवाल है। मगर तब तक डीयू ने 70 फीसद से ज्यादा एडहॉक शिक्षकों को हटा दिया था।

चाकू की नोक पर बस चालक व यात्रियों से लूटपाट करने वाला गिरफ्तार

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

सीमापुरी के पास चलती बस में चाकू की नोक पर बस चालक और यात्रियों को लूटपाट करने वाले बदमाश सद्दाम को क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार कर लिया है। इसके खिलाफ पहले के छह आपराधिक मामले दर्ज हैं। विशेष आयुक्त अपराध शाखा रवींद्र सिंह यादव के मुताबिक सद्दाम नई सीमापुरी का रहने वाला है। एक मार्च को हर्ष विहार निवासी बीए तृतीय वर्ष के छात्र ने नंद नगरी थाना पुलिस से शिकायत कर बताया था कि 28 फरवरी को वह आरटीवी बस से आनंद विहार से हर्ष विहार जा रहा था। रात करीब नौ बजे जब बस डीएलएफ क्रासिंग सीमापुरी के पास रुकी तो तीन बदमाश बस में सवार हो गए। उनमें एक ने बस चालक के गले पर चाकू रख कर बस धीरे से चलाने व शांत रहने की धमकी दी, जबकि अन्य दो लड़कों ने चाकुओं की नोक पर यात्रियों को लूटना शुरू कर दिया। एक यात्री द्वारा विरोध जताने पर बदमाश ने उन्हें चाकू मार दिया और उनका पर्स लूट लिया। यात्रियों से लूटपाट ने के बाद तीनों बदमाश बस रूकवा उतर कर भाग गए। घायलों के बयान पर थाना नंद नगरी में मामला दर्ज कर लिया गया था। क्राइम ब्रांच को इस मामले को जल्द सुलझाने का काम सौंपा गया। जांच के दौरान पता चला कि सद्दाम सीमापुरी के पास आने वाला है। संयुक्त आयुक्त एचडी मिश्रा व डीसीपी सतीश कुमार के नेतृत्व में एसीपी मंगेश गेदम, इंस्पेक्टर कुंवर सेन, एसआई कौशिक घोष, एएसआई प्रवीण, हवलदार सचिन तोमर, प्रदीप की टीम ने सीमापुरी से सद्दाम को गिरफ्तार कर लिया। उसने ही लूट के दौरान चालक के गले पर चाकू रखा था। सद्दाम से पूछताछ के बाद उसके साथियों समीर और मुस्ताक की भी पहचान कर ली गई है।

दिल्ली में होली के दिन दो बजे के बाद शुरू होगी बस और मेट्रो सेवा

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

होली के दिन सुबह की पाली यानी सुबह के वक्त न ही बस सेवा आपको मिलेगी और न ही मेट्रो सेवा का इस्तेमाल कर सकेंगे। ऐसे में अपने यात्रियों को परेशानी से बचाने के लिए दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) और दिल्ली मेट्रो ने फैसला किया है कि सुबह की शिफ्ट में जहां सेवा निलंबित रहेगी। वहीं दोपहर बाद सेवा शुरू कर दी जाएगी, जिससे आम लोग डीटीसी बस और मेट्रो का इस्तेमाल अपनी यात्रा के लिए कर सकेंगे। डीटीसी के अनुसार दुलहंडी पर्व पर सुबह की पाली में डीटीसी बस सेवा निलंबित रहेगी। दोपहर दो बजे के बाद बस सेवाएं फिर से शुरू हो जाएंगी। हालांकि, 25 प्रतिशत बसों का संचालन आवश्यकता के अनुसार किया जाएगा। आगे कहा गया कि आठ मार्च 2023 को मनाए जाने वाले दुल्हेंडी महोत्सव को ध्यान में रखते हुए सभी सिटी बस सेवाएं 2 बजे दोपहर तक निलंबित रहेंगी। वहीं शाम की शिफ्ट में कुछ चुनिंदा बस रूटों पर यातायात आवश्यकता के अनुसार बस सेवा संचालित की जाएगी। चूंकि इस दिन ट्रैफिक लोड बहुत कम रहेगा, इसलिए दोपहर की सेवा में सक्रिय बेड़े की केवल 25 प्रतिशत बसें ही संचालित की जाएंगी। डीटीसी बस सेवाओं के संबंध में किसी भी पूछताछ के लिए यात्री 1800118181 (टोल फ्री) और 41400400,पर कॉल कर जानकारी ले सकते हैं। वहीं दिल्ली मेट्रो ने बताया कि होली' के त्योहार के दिन रैपिड मेट्रो/एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन सहित दिल्ली मेट्रो की सभी लाइनों पर दोपहर 14.30 बजे (दोपहर 2:30 बजे) तक मेट्रो सेवाएं उपलब्ध नहीं रहेंगी। मेट्रो ट्रेन सेवाएं इस प्रकार 08 मार्च को सभी लाइनों पर टर्मिनल स्टेशनों से 14.30 बजे (दोपहर 2:30 बजे) शुरू होंगी और उसके बाद सामान्य रूप से जारी रहेंगी। इसके अलावा, मेट्रो फीडर बस सेवाएं भी 14.30 बजे (दोपहर 2:30 बजे) के बाद फिर से शुरू हो जाएंगी।

होली पर 491 फेरे लगाएंगी 196 विशेष ट्रेन



नई दिल्ली। होली के त्योहार के दौरान रेल यात्रियों की सुविधा और भीड़ कम करने के लिए 196 विशेष ट्रेन 491 फेरे लगाएंगी। रेलवे के अनुसार, विशेष ट्रेन देशभर के महत्वपूर्ण गंतव्यों को जोड़ेंगी।

रेल मंत्रालय ने सोमवार को एक बयान में कहा, होली के त्योहार के मौके पर रेल यात्रियों की सुविधा और यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को कम करने के लिए भारतीय रेलवे 196 विशेष ट्रेन के 491 फेरे चला रहा है।

बयान के मुताबिक, देशभर के प्रमुख स्थलों जैसे दिल्ली-पटना, दिल्ली-भागलपुर, दिल्ली-मुजफ्फरपुर, दिल्ली-सहरसा, गोरखपुर-मुंबई, कोलकाता-पुरी, गुवाहाटी-रांची, नई दिल्ली-श्री माता वैष्णो देवी कटरा, जयपुर- बांद्रा टर्मिनस, पुणे-दानापुर आदि को जोड़ने के लिए विशेष ट्रेन चलाई जाएंगी।

रेलवे ने अनारक्षित डिब्बों में यात्रियों को व्यवस्थित तरीके से चढ़ाने के लिए आरपीएफ (रेलवे पुलिस बल) के कर्मचारियों की देखरेख में टर्मिनस स्टेशन पर कतारें लगवाने सहित भीड़ नियंत्रण के विभिन्न उपाय लागू किए हैं। मंत्रालय के अनुसार, ट्रेन का सुचारु संचालन सुनिश्चित करने के लिए प्रमुख स्टेशनों पर अधिकारियों को आपातकालीन ड्यूटी में तैनात किया गया है।

होली, शब-ए-बारात पर यातायात की सुचारू आवाजाही के लिए व्यापक इंतजाम

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

होली और शब-ए-बारात पर नशे में गाड़ी चलाने और यातायात नियमों के उल्लंघनों पर लगाम लगाने के लिए शहर की विभिन्न सड़कों पर पीसीआर के साथ यातायात पुलिस के विशेष दल और स्थानीय पुलिस को तैनात किया जाएगा। अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि राष्ट्रीय राजधानी में यातायात की सुचारू आवाजाही सुनिश्चित करने तथा लापरवाही से गाड़ी चलाने या दुपहिया वाहनों पर स्टंट करने से रोकने के साथ ही वाहन चालकों और पैदल यात्रियों की सुरक्षा के लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं। होली और शब-ए-बारात दोनों पर्व बुधवार को हैं। शब-ए-बारात के दौरान मुस्लिम समुदाय के लोग अपने पूर्वजों की कब्रों पर और मस्जिदों में नमाज पढ़ते हैं। अधिकारियों ने बताया कि सात और आठ मार्च की मध्यरात्रि को मनाए जाने वाले शब-ए-बारात के लिए पुलिस के अलावा सुरक्षाकर्मियों की 150 से अधिक टुकड़ियों, यातायात पुलिस के 800 कर्मियों और स्थानीय पुलिस के 9,000 कर्मियों को तैनात किया जाएगा।

दिल्ली पुलिस ने एक परामर्श में कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में 600 से अधिक चौकियां स्थापित होंगी और मोटरसाइकिल पर गश्त करने वाले 1,300 दल तैनात किए जाएंगे।

इसमें कहा गया है कि तेज गति से गाड़ी चलाने की जांच करने के लिए रडार गन भी तैनात की जाएंगी।

परामर्श के अनुसार, होली के लिए 287 प्रमुख चौराहों और 233 संवेदनशील स्थानों पर 2,033 अधिकारियों के विशेष दल गठित किए जाएंगे।

इसमें कहा गया है कि जनता को यातायात नियमों का पालन करने और शराब पीकर गाड़ी न चलाने की सलाह दी जाती है। इसमें कहा गया है, निर्धारित गति सीमा का पालन करें। यातायात सिग्नल का पालन करें। अन्य वाहनों से स्पर्धा न करें। दुपहिया चालक और उस पर सवार लोग हेलमेट पहनें और दुपहिया वाहन पर तीन लोग न बैठें।

सीबीआई ने नौकरी के बदले जमीन घोटाला मामले में लालू प्रसाद से पूछताछ शुरू की

- यह मामला तब का है जब प्रसाद 2004 से 2009 के बीच रेल मंत्री थे।

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने नौकरी के बदले जमीन घोटाला मामले की जांच के तहत पूर्व रेलवे मंत्री लालू प्रसाद से मंगलवार को पूछताछ शुरू की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यह मामला लालू प्रसाद के परिवार को तोहफे में जमीन दे कर या जमीन बेचने के बदले में रेलवे में कथित तौर पर नौकरी पाने से संबंधित है। यह मामला तब का है जब प्रसाद 2004 से 2009 के बीच रेल मंत्री थे। इससे एक दिन पहले सीबीआई ने करीब पांच घंटे तक राजद सुप्रीमो की पत्नी और बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी से उनके पटना स्थित आवास पर करीब पांच घंटे तक पूछताछ की थी। अधिकारियों के अनुसार, पांच सीबीआई अधिकारियों का एक दल दो कार में सवार होकर मंगलवार को सुबह 10 बजकर 40 मिनट पर पंडारा पार्क में मीसा भारती के आवास पर पहुंचा, जहां प्रसाद अभी रह रहे हैं। उनसे पूछताछ दिन भर जारी रहेगी। उन्होंने बताया कि सीबीआई ने इस मामले में आपराधिक षडयंत्र और भ्रष्टाचार रोकथाम कानून के प्रावधानों के तहत प्रसाद, राबड़ी देवी और 14 अन्य के खिलाफ पहले ही एक आरोपपत्र दाखिल कर दिया है और सभी आरोपियों को 15 मार्च को अदालत में पेश होने के लिए सम्मन भेजा गया है। उन्होंने कहा कि यह पूछताछ आगे की जांच के तौर पर की जा रही है जिसमें जांच एजेंसी धन के लेनदेन और वृहद साजिश का पता लगाने की कोशिश कर रही है।

प्रसाद चारा घोटाला मामले में दोषी ठहराए जा चुके हैं और अभी बीमार हैं। उनसे तथा उनकी पत्नी से नए सिरे से पूछताछ की विपक्षी दलों ने सोमवार को तीखी आलोचना की। प्रसाद के छोटे बेटे एवं बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने कहा कि उनका परिवार केंद्र में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का लगातार विरोध करता रहा है और यही कारण है कि सीबीआई की टीम पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी के आवास पर पहुंची।

दिल्ली के आठ इलाकों की हवा खराब श्रेणी में

नई दिल्ली। दिल्ली के आठ इलाकों की हवा मंगलवार को खराब श्रेणी में रही। इन सभी जगहों का वायु गुणवत्ता सूचकांक 200 के अंक से ऊपर चला गया है। हालांकि, समग्र तौर पर दिल्ली का सूचकांक अभी 200 से नीचे यानी मध्यम श्रेणी में बना हुआ है। पश्चिमी विक्षोभ के चलते आमतौर पर होने वाली बारिश इस बार नहीं होने के चलते दिल्ली के लोगों को सामान्य से ज्यादा प्रदूषण का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि, तेज हवाओं के चलते पिछले तीन-चार दिनों से हवा अपेक्षाकृत साफ है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक मंगलवार को दिल्ली का सूचकांक 173 के अंक पर रहा। इस स्तर की हवा को मध्यम श्रेणी में रखा जाता है। एक दिन पहले यह सूचकांक 142 के अंक पर था। यानी चौबीस घंटे के अंदर इसमें 29 अंकों की बढ़ोतरी हुई है। वहीं, दिल्ली के आठ इलाके ऐसे हैं जहां की हवा मंगलवार को खराब श्रेणी में रही। इनमें शादीपुर, एनएसआईटी द्वारका, नेहरू नगर, नरेला, वजीरपुर, बवाना, मुंडका और आनंद विहार जैसे इलाके शामिल हैं।

स्वास्थ्य सेवाओं को दुरुस्त करने के लिए मेयर ने कसी कमर, लगातार दूसरे दिन भी किया अस्पताल का दौरा

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

- सरकार की तरह स्वास्थ्य अब एमसीडी का भी प्रमुख एजेंडा है, एमसीडी की 'आप' सरकार लोगों को विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है- डॉ. शैली ओबरॉय

एमसीडी की स्वास्थ्य सेवाओं को दुरुस्त करने के लिए लगातार दूसरे दिन मेयर शैली ओबरॉय ने अस्पताल का निरीक्षण किया। मेयर ने एमसीडी के माता गुजरी अस्पताल का आज औचक निरीक्षण किया। इस दौरान पाया कि मरीजों को अभी तक सभी जांचों की सुविधा नहीं मिल रही थी। ऐसे में तत्काल अधिकारियों को कमियों को दूर कर सभी प्रकार की स्वास्थ्य जांच मुहैया कराने के निर्देश दिए। मेयर डॉ. शैली ओबरॉय ने कहा कि केजरीवाल सरकार की तरह स्वास्थ्य अब एमसीडी का भी प्रमुख एजेंडा है। एमसीडी की 'आप' सरकार लोगों को विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। एमसीडी के अस्पतालों का लगातार निरीक्षण किया जाएगा। इसमें सामने आने वाली कमियों को तुरंत दूर कराया जाएगा। एमसीडी की पुरानी सरकारों ने स्वास्थ्य सेवाओं पर ध्यान नहीं दिया। इसकी वजह से अस्पताल कई सालों से फंड की कमी से जूझ रहे थे। अस्पतालों को फंड के साथ-साथ अत्याधुनिक स्वास्थ्य उपकरण मुहैया कराए जाएंगे। एमसीडी की स्वास्थ्य सेवाएं भी जल्द केजरीवाल सरकार के अस्पतालों की तरह विश्वस्तरीय होंगी। एमसीडी मेयर डॉ. शैली ओबेरॉय ने विधायक जरनैल सिंह, पार्षद अशोक मान, जोनल डीसी संदीप कुमार, डीसी (स्वास्थ्य) प्रदीप कुमार के साथ तिलक नगर स्थित माता गुजरी अस्पताल का दौरा किया। मेयर ने चिकित्सा सुविधाओं और अस्पताल द्वारा प्रदान की जा सेवाओं का जायजा लिया। इस दौरान मेयर डॉ. शैली ओबरॉय के सामने डॉक्टरों, एचआर स्टाफ की कमी का मामला आया। इसके अलावा मेयर ने पाया कि फंड के अभाव में मरीजों को सीटी स्कैन, अल्ट्रासाउंड, एमआरआई की सुविधा नहीं मिल रही है। अस्पताल की जरूरत से कम इलेक्ट्रिक लोड है। जिसकी वजह से इलेक्ट्रिक स्वास्थ्य उपकरणों को चलाने में दिक्कत आती है। ऐसे में तत्काल मेयर ने व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए।

मेयर डॉ. शैली ओबरॉय ने कहा कि केजरीवाल सरकार के बाद स्वास्थ्य अब एमसीडी का भी प्रमुख एजेंडा है। आम आदमी पार्टी की सरकार एमसीडी में भी दिल्ली के लोगों को सर्वोत्तम और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। भविष्य में वह सभी एमसीडी के अस्पतालों का निरीक्षण करेंगी। उन्होंने कहा कि एमसीडी की पुरानी सरकारों ने स्वास्थ्य सेवाओं पर ध्यान नहीं दिया। इसकी वजह से अस्पताल कई सालों से फंड की कमी से जूझ रहे थे। एमसीडी के अस्पतालों का लगातार निरीक्षण किया जाएगा। इसमें सामने आने वाली कमियों को तुरंत दूर किया जाएगा। अस्पतालों को फंड के साथ-साथ अत्याधुनिक स्वास्थ्य उपकरण मुहैया कराए जाएंगे। एमसीडी के सभी वार्डों का निरीक्षण किया जाएगा।

स्किल यूनिवर्सिटी लाई 'रियल स्टेट' में एमबीए प्रोग्राम

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

स्किल एजुकेशन को बढ़ावा देने के लिए देश में पहली बार रियल स्टेट में एमबीए और पीजी डिप्लोमा प्रोग्राम शुरू किया गया है। लैमरिन टेक गवर्नमेंट स्किल्स यूनिवर्सिटी द्वारा सोमवार को दिल्ली में यह एमबीए पाठ्यक्रम जारी किया गया। इन पाठ्यक्रमों को सेव मैक्स ग्लोबल एजुकेशन ने तैयार किया है। विश्वविद्यालय का कहना है कि पीजी डिप्लोमा और एमबीए दोनों प्रोग्राम 100 प्रतिशत कैंपस प्लेसमेंट के साथ जारी किए गए हैं।सेव मैक्स एजुकेशन के संस्थापक और सीईओ रमन दुआ ने कहा कि यह भारत में अब तक का पहला रियल एस्टेट पीजी प्रोग्राम है। इसे नई शिक्षा नीति और यूजीसी के दिशानिदेर्शों के अनुसार तैयार किया गया है। व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में एमबीए प्रोग्राम 60 सीटों के साथ 2 वर्ष की अवधि का है। वहीं रियल एस्टेट में पीजी डिप्लोमा 1 वर्ष का है और इसमें 120 सीटे हैं।

किसी भी स्ट्रीम में ग्रेजुएशन करने वाले छात्र रियल एस्टेट में पीजी डिप्लोमा के लिए आवेदन कर सकते हैं। देशभर से इस पाठ्यक्रम के लिए आवेदन करने वाले छात्रों को तय योग्यता के आधार पर शॉर्टलिस्ट किया जाएगा।

दुआ ने कहा, हमारा उद्देश्य रियल एस्टेट उद्योग में आने वाली पीढ़ियों के लिए रोजगार के अवसरों को बढ़ाना है। हम रियल एस्टेट क्षेत्र में अपना मूल्यवान अनुभव और ज्ञान प्रदान करना चाहते हैं। छात्रों को उद्योग की जरूरतों को पूरा करने के लिए डिजाइन किए गए पेशेवर पाठ्यक्रमों से इस स्किल में निपुण बनाया जाएगा। इसके साथ ही कुशल पेशेवरों को रियल एस्टेट उद्योग में कदम रखने के लिए प्रोत्साहित करना भी संभव हो सकेगा।दुआ के मुताबिक रियल स्टेट भारत में दूसरा सबसे बड़ा रोजगार सृजक है। यह भारत में छात्रों को रियल एस्टेट क्षेत्र में विशेषज्ञता विकसित करने का अवसर देगा। उन्होंने बताया कि यह रियल एस्टेट क्षेत्र में भी एआई, एमएल, एआर, वीआर, मेटावर्स आदि

कोठा संख्या-52 में चली गोली, दो घायल

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

मध्य जिले के कमला मार्किट स्थित जीबी रोड पर बदमाशों ने दो लोगों को गोली मार दी। वारदात को अंजाम देने के बाद बदमाश मौके से फरार हो गए। वहीं मामले की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां उनका उपचार चल रहा है। घायलों की पहचान राधा और इमरान चौधरी के रूप में हुई है। डीसीपी संजय सेन ने बताया कि मंगलवार दोपहर करीब दो बजे सूचना मिली कि जीबी रोड कोठा संख्या-52 में बदमाशों ने दो लोगों को गोली मारी है। घटना में महिला समेत दो लोग घायल हो गए। जिन्हें नजदीकी एलएनजेपी अस्पताल में भर्ती कराया है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

ई–निविदा सूचना

निविदा संख्या : 28A–क.वि.– नई दिल्ली–2022–23 दिनांक: 06.03.2023

वरिष्ठ मंडल वि. अभि./क. वि., डी. आर. एम. ऑफिस, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्य हेतु खुली निविदाये आमंत्रित करते हैं।

1.	कार्य का नाम व स्थान	दिल्ली डिवीजन में मौजूदा टीएसएस और स्विचिंग पोस्ट में अर्थिंग व्यवस्था का प्रतिस्थापन/प्रावधान।
2.	अनुमानित लागत	रू. 11815578.5/–
3.	बयाना राशि	रू. 209100/–
4.	ई–निविदा ऑनलाइन जमा करने की अवधि	17.03.2023 (10:30 बजे)
5.	ई–निविदा समापन की अंतिम तथा ई–निविदा खुलने की तारीख और समय	31.03.2023 (15:00 बजे)
6.	वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है	www.ireps.gov.in

723/23

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

निविदा सूचना

ई–प्रापण प्रणाली के माध्यम से निविदाएं आमंत्रित करना।

प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली–110001, भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से, निम्नलिखित मदों की आपूर्ति के लिए ई–प्रोक्योरमेंट सिस्टम के माध्यम से ई–निविदा आमंत्रित करता है:–

क्र.सं.	निविदा सं.	संक्षिप्त विवरण	मात्रा	अंतिम तिथि
01	82233731ए	क्रॉस लिंक्ड पॉली के साथ कुल घुटने के कृत्रिम अंग के लिए सेट। हड्डी सीमेंट के साथ विनिमेय आधार पर कोकर और टाइटेनियम टिबिया	55 नग	05.04.2023

ध्यान दें:– 1. विक्रेता IREPS वेबसाइट्स यानी www.ireps.gov.in पर जा सकते हैं। विवरण के लिए। 2. किसी भी मैनुअल प्रस्ताव पर विचार नहीं किया जाएगा।

निविदा सूचना क्रमांक सर्जरी मद दिनांक: 07.03.2023 717/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातः किरण

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran
www.pratahkiran.com
नई दिल्ली, बुधवार, 08 मार्च, 2023

संक्षिप्त खबरें

चुनावी बॉन्ड को लेकर चिदंबरम का कटाक्ष : गुमनाम लोकतंत्र जिंदाबाद

नई दिल्ली। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम ने चुनावी बॉन्ड के माध्यम से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को मिले चंदे का उल्लेख करते हुए मंगलवार को दावा किया कि यह चंदा और इसकी एवज में लाभ गोपनीय तरीके से दिया और लिया जाता है। पूर्व वित्त मंत्री ने कटाक्ष करते हुए यह भी कहा कि हमारा गुमनाम लोकतंत्र जिंदाबाद। उन्होंने ट्वीट किया, अब तक 12,000 करोड़ रुपये की कीमत के चुनावी बॉन्ड बिके हैं। इनका ज्यादातर हिस्सा कारोबारी समूहों ने खरीदा और भाजपा को गुपचुप तरीके से चंदा दे दिया। कांग्रेस नेता ने कहा, कारोबारी समूह गैर-पारदर्शी चुनावी बॉन्ड व्यवस्था के जरिये चंदा देने के लिए आतुर क्यों हैं ? कॉरपोरेट समूह चुनावी बॉन्ड के जरिये चंदा इसलिए नहीं देते कि वे लोकतंत्र से प्यार करते हैं। कॉरपोरेट चंदा उन लाभ का आभार जताने का एक माध्यम होता है, जो उन्हें अतीत के वर्षों में मिले हैं। चिदंबरम ने कटाक्ष करते हुए कहा, यह स्पष्ट समझौता है। लाभ गुपचुप ढंग से पहुंचाए जाते हैं। इनाम भी गोपनीय तरीके से मिलता है। हमारा गुमनाम लोकतंत्र जिंदाबाद।

आबकारी मामला : तिहाड़ जेल में सिसोदिया से पूछताछ करेगी ईडी

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) दिल्ली आबकारी नीति में कथित अनियमितताओं से जुड़े धन शोधन मामले में मंगलवार को पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया से पूछताछ कर सकता है और उनका बयान दर्ज कर सकता है। सूत्रों ने बताया कि संघीय जांच एजेंसी ने इस मामले में एक और गिरफ्तारी की है। उसने हैदराबाद के शराब कारोबारी अरुण रामचंद्र पिल्लई को हिरासत में लिया है। ईडी के अधिकारी धन शोधन रोकथाम कानून के तहत सिसोदिया का बयान दर्ज करने के लिए दोपहर को तिहाड़ जेल पहुंचेंगे। सीबीआई ने इस मामले में सिसोदिया को पिछले महीने गिरफ्तार किया था और वह अभी न्यायिक हिरासत में हैं। पिल्लई को लंबी पूछताछ के बाद सोमवार शाम को धन शोधन रोकथाम कानून (पीएमएलए) की आपराधिक धाराओं के तहत हिरासत में लिया गया। ईडी द्वारा इस मामले में यह 11वीं गिरफ्तारी है। सूत्रों ने बताया कि पिल्लई को एक स्थानीय अदालत में पेश किया जाएगा, जहां ईडी पूछताछ के लिए उनकी हिरासत देने का अनुरोध करेगी।

दिल्ली में न्यूनतम तापमान 14.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी में मंगलवार सुबह न्यूनतम तापमान 14.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने दिन में शहर के आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहने के आसार जताए हैं। आईएमडी के मुताबिक, दिल्ली में सुबह सापेक्ष आर्द्रता 84 फीसदी दर्ज की गई। राष्ट्रीय राजधानी में सोमवार को न्यूनतम तापमान 15 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया था, जो सामान्य से दो डिग्री अधिक है। दिल्ली में मंगलवार सुबह नौ बजे समग्र वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 167 दर्ज किया गया, जो मध्यम श्रेणी में आता है। मालूम हो कि शून्य से 50 के बीच एक्यूआई अच्छा, 51 से 100 के बीच संतोषजनक, 101 से 200 के बीच मध्यम, 201 से 300 के बीच राब, 301 से 400 के बीच बेहद खराब और 401 से 500 के बीच गंभीर जाता है।

स्वास्थ्य मंत्री राजकुमार आनंद ने दिल्ली स्टेट कैंसर इंस्टीट्यूट और इहबास में परखी स्वास्थ्य व्यवस्था

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

केजरीवाल सरकार,दिल्ली में सभी नागरिकों को बेहतरीन स्वास्थ्य सुविधाएं देने और पब्लिक हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने की दिशा में युद्धस्तर पर काम कर रही है। इसी के मद्देनजर दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री राजकुमार आनंद मंगलवार को दिलशाद गार्डन स्थित दिल्ली स्टेट कैंसर इंस्टीट्यूट और इंस्टीट्यूट ऑफ ह्यूमन बिहैवियर एंड अलाइड साइंसेज (इहबास) का अचानक औचक निरीक्षण करने पहुंचे। इस मौके पर उन्होंने दोनों संस्थानों के विभिन्न वार्डों और ओपीडी का दौरा किया। इन संस्थानों में इलाज करा रहे मरीजों से मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली और व्यवस्थाओं को बारीकी से जांचा। संस्थानों में अव्यवस्थाओं को दूर कर मरीजों को किफायती और गुणवत्तायुक्त स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने के निर्देश दिए।

स्वास्थ्य मंत्री ने कैंसर रोगियों को तत्परता से राहत पहुंचाने के दिए निर्देश

दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री राजकुमार आनंद मंगलवार सुबह अचानक दिलशाद गार्डन स्थित दिल्ली स्टेट कैंसर इंस्टीट्यूट में व्यवस्थाओं को सुविधा प्रदान करने के निर्देश दिए।

स्वास्थ्य मंत्री ने कैंसर रोगियों को तत्परता से राहत पहुंचाने के दिए निर्देश

दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री राजकुमार आनंद मंगलवार सुबह अचानक दिलशाद गार्डन स्थित दिल्ली स्टेट कैंसर इंस्टीट्यूट में व्यवस्थाओं को जायजा लेने पहुंचे। यहां विभिन्न वार्डों में जाकर मशीनों और उपकरणों के बारे में जानकारी ली। साथ ही जांच प्रक्रियाओं का मुआयना कर कैंसर रोगियों के इलाज संबंधी प्रक्रियाओं का जायजा लिया। इस मौके पर स्वास्थ्य मंत्री ने कैंसर रोगियों के इलाज में आने वाली अड़चनों को खत्म कर मरीजों को तत्परता से राहत पहुंचाने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य मंत्री राजकुमार आनंद ने कहा कि वर्तमान समय में कैंसर एक भयानक बीमारी के रूप में उभरकर सामने आई है। यह एक ऐसा रोग है जो किसी भी उम्र में हो सकता है। अगर हमें देश को कैंसर मुक्त राष्ट्र बनाना है तो सबसे पहले इस रोग से जुड़े मिथकों व विकृत मानसिकता को मिटाने के लिए जन-जागृति कार्यक्रमों में तेजी लानी होगी। केजरीवाल सरकार का लक्ष्य कैंसर मरीजों को बेहतर जिंदगी देना है। दिल्ली स्टेट कैंसर इंस्टीट्यूट में केजरीवाल सरकार की ओर से बेहद किफायती व कैंसर की गुणवत्तायुक्त चिकित्सा उपलब्ध की जा रही है।

इहबास में व्यवस्थाओं का जायजा लेने पहुंचे स्वास्थ्य मंत्री राजकुमार आनंद इसके बाद स्वास्थ्य मंत्री राजकुमार आनंद, इंस्टीट्यूट ऑफ ह्यूमन बिहैवियर एंड अलाइड साइंसेज (इहबास) में व्यवस्थाओं का जायजा लेने पहुंचे। मरीजों से मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य व व्यवस्थाओं की जानकारी ली। हालांकि, मरीज इहबास की सेवाओं से संतुष्ट दिखें। किसी मरीज या तीमारदार ने किसी प्रकार की कोई शिकायत नहीं की। उन्होंने आपातकालीन सेवाओं (मनोचिकित्सा और तंत्रिका विज्ञान), न्यूरो-इमेजिंग सेवाओं (सीटी स्कैन), न्यूरोलॉजी वार्ड और आईसीयू सहित संस्थान की विभिन्न सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। स्वास्थ्य मंत्री राजकुमार आनंद ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में दिल्ली सरकार संस्थान को इसके विकास के लिए हर संभव सहायता प्रदान कर रही है। इहबास में ओपीडी के संचालन को बेहतर करने के लिए नया क्यू मेनेजमेंट सिस्टम (कतार प्रबंधन प्रणाली) बनाने का आदेश दिया, जिसे एक माह के अंदर शुरू कर दिया जाएगा। हमारा लक्ष्य दिल्ली के सरकारी अस्पतालों को पूरे देश में सबसे बेहतरीन अस्पतालों में से एक बनाना है स्वास्थ्य मंत्री राजकुमार आनंद ने कहा कि केजरीवाल सरकार दिल्ली के सभी लोगों तक गुणवत्ता युक्त स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचने की दिशा में लगातार काम कर रही है। दिल्ली के स्वास्थ्य ढांचे को दुनिया में सर्वश्रेष्ठ बनाने के लिए अस्पतालों का कायाकल्प किया जा रहा है। हमारा उद्देश्य दिल्ली के सरकारी अस्पतालों को पूरे देश में सबसे बेहतरीन अस्पतालों में से एक बनाना है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निदेर्शों का पालन करते हुए दिल्ली के अस्पतालों में ट्रीटमेंट फेसिलिटी को और सुगम बनाया जा रहा है। साथ ही मौजूदा अस्पतालों में जरूरी बदलाव करके उन्हें वातानुकूलित बनाया जा रहा है।

ऑपरेशन अंकुश के तहत पिस्टल और कारतूस के साथ एक गिरफ्तार

नई दिल्ली। आगामी त्योहारों पर इलाके में अपराधियों को पकडे और झपटमारी/सडक पर होने वाले अपराधों को रोकने के लिए चल रहे ऑपरेशन अंकुश के तहत पुलिस ने दो जिंदा कारतूसों एक अत्याधुनिक, सेमी ऑटोमेटिक पिस्टल, एक कार बरामद के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया आरोपी आदित्य डेढ़ा उर्फ छिट्टा निवासी खजूरी खास है। पुलिस पकड़े गए आरोपी से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है।

उत्तर-पूर्वी जिला डीसीपी डॉ. जॉय टिर्की ने बताया कि शाम के समय थाना अध्यक्ष राधे श्याम की देखरेख में पुलिस टीम एएसआई जमशेद, एचसी हवा सिंह, एचसी योगेश खजूरी चौक पर वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इसी बीच यूपी की तरफ से खजूरी पुश्त की ओर आ रही एक कार को रूकने का इशारा किया। चालक ने बचने के प्रयास में कार को रोकने के बजाय और तेज कर दिया, लेकिन पुलिस ने उसका पीछा कर उसे रोक लिया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से दो जिंदा कारतूसों से एक अत्याधुनिक, सेमी ऑटोमेटिक पिस्टल बरामद हुई। पकड़ा गया आरोपी आदित्य डेढ़ा उर्फ छिट्टा है।

सिसोदिया या सत्येंद्र जैन नहीं, देश की दयनीय स्थिति को लेकर चिंतित हूं : केजरीवाल

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को कहा कि वह होली पर देश के लिए प्रार्थना करेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि अच्छा काम करने वालों को गिरफ्तार किया जा रहा है, जबकि देश को लूटने वाले बच कर निकल रहे हैं।

डिजिटल माध्यम से एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए केजरीवाल ने कहा कि वह देश की दयनीय स्थिति को लेकर चिंतित हैं। उन्होंने कहा, सभी जानते हैं कि दिल्ली के सरकारी स्कूलों और अस्पतालों का बुरा हाल है लेकिन इन सरकारी स्कूलों और अस्पतालों को सुधारने वाले दो लोग-मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन-जेल में हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह चिंताजनक है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत के लिए अच्छा काम करने वालों को जेल में डाल दिया है, जबकि देश को लूटने वालों को गले लगाया जा रहा है। उन्होंने कहा, होली पर मैं देश की दयनीय स्थिति में सुधार के लिए ध्यान और प्रार्थना करूंगा। अगर आपको भी लगता है कि प्रधानमंत्री सही तरह से काम नहीं कर रहे हैं, तो आप भी होली का त्योहार मनाने के बाद देश के लिए प्रार्थना करें।

केजरीवाल ने कहा, मैं सिसोदिया और जैन के जेल में होने को लेकर चिंतित नहीं हूं। वे बहादुर लोग हैं, जो देश के लिए अपनी जान कुर्बान करने को तैयार हैं। लेकिन देश के हालात मुझे चिंता में डालते हैं। सिसोदिया को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने इस साल 26 फरवरी को दिल्ली आबकारी नीति में कथित अनियमितताओं से जुड़े मामले में गिरफ्तार किया था। उन्हें सोमवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया था।

वहीं, जैन को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने धन शोधन के एक मामले में पिछले साल मई में गिरफ्तार किया था। सिसोदिया और जैन ने हाल ही में मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था।

डिजिटल ऑफ इंडिया ने मनाया होली का उत्सव

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

लक्ष्मी नगर स्थित डिजिटल ऑफ इंडिया ने होली का रंग उत्सव मनाया अमित वर्मा, व मनीष रघुवंशी, ने बताया विशेष बात यह रही की वंचित और गरीब लोगों में गुलाल के पैकेट और मिठाई बाँट कर यें होली का उत्सव और भी मंगलमय हो गया

नीतीश कुमार ने बताया डिजिटल इंडिया ऑनलाइन प्रमोशन का काम करती है इस रंगारंग उत्सव में मुकुल, मनीष रघुवंशी, नितीश पटेल,कपिल, हितेश, प्रभास, गोविन्द अवस्थी मौजूद रहे।

बेहतरीन स्वास्थ्य सुविधाएं देने के लिए युद्धस्तर पर काम कर रही आप सरकार : आनंद

नई दिल्ली। दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री राजकुमार आनंद ने मंगलवार को कहा कि आम आदमी पार्टी (आप) सरकार राष्ट्रीय राजधानी में सभी नागरिकों को बेहतरीन स्वास्थ्य सुविधाएं देने और जनस्वास्थ्य की आधारभूत संरचनाओं को मजबूत करने की दिशा में युद्धस्तर पर काम कर रही है। आनंद दिलशाद गार्डन स्थित दिल्ली स्टेट कैंसर इंस्टीट्यूट और इंस्टीट्यूट ऑफ ह्यूमन बिहैवियर एंड अलाइड साइंसेज (इहबास) का औचक निरीक्षण करने पहुंचे। इस मौके पर उन्होंने दोनों संस्थानों के विभिन्न वार्डों और ओपीडी का दौरा किया। इन संस्थानों में इलाज करा रहे मरीजों से मुलाकात करकेउनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। संस्थानों में अव्यवस्थाओं को दूर कर मरीजों को किफायती और गुणावत्तायुक्त स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कैंसर रोगियों के इलाज में आने वाली अड़चनों को खत्म कर मरीजों को तत्परता से राहत पहुंचाने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि वर्तमान समय में कैंसर एक भयानक बीमारी के रूप में उभरकर सामने आई है। यह एक ऐसा रोग है जो किसी भी उम्र में हो सकता है। उन्होंने कहा, अगर हमें देश को कैंसर मुक्त राष्ट्र बनाना है तो सबसे पहले इस रोग से जुड़े मिथकों और विकृत मानसिकता को मिटाने के लिए जन-जागृति कार्यक्रमों में तेजी लानी होगी। केजरीवाल सरकार का लक्ष्य कैंसर मरीजों को बेहतर जिंदगी देना है। दिल्ली स्टेट कैंसर इंस्टीट्यूट में केजरीवाल सरकार की ओर से बेहद किफायती व कैंसर की गुणवत्तायुक्त चिकित्सा उपलब्ध की जा रही है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि केजरीवाल सरकार दिल्ली के सभी लोगों तक गुणवत्ता युक्त स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचने की दिशा में लगातार काम कर रही है। दिल्ली के स्वास्थ्य ढांचे को दुनिया में सर्वश्रेष्ठ बनाने के लिए अस्पतालों का कायाकल्प किया जा रहा है। उन्होंने कहा, हमारा उद्देश्य दिल्ली के सरकारी अस्पतालों को पूरे देश में सबसे बेहतरीन अस्पतालों में से एक बनाना है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निदेर्शों का पालन करते हुए दिल्ली के अस्पतालों में ट्रीटमेंट फेसिलिटी को और सुगम बनाया जा रहा है। साथ ही मौजूदा अस्पतालों में जरूरी बदलाव करके उन्हें वातानुकूलित बनाया जा रहा है।

जल मंत्री कैलाश गहलोत ने गर्मी के मौसम में निर्बाध जलापूर्ति सुनिश्चित करने के लिए डीजेबी के साथ की समीक्षा बैठक

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

दिल्ली के जल मंत्री कैलाश गहलोत ने आज दिल्ली में गर्मी के मौसम से पहले निर्बाध जलापूर्ति की तैयारियों की समीक्षा के लिए दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) और जल विभाग के अधिकारियों के साथ एक बैठक की। बैठक के दौरान जल मंत्री ने दिल्ली के लिए पानी के सभी मौजूदा स्रोतों, पानी के संभावित नए स्रोतों और पानी में प्रदूषण के कारणों के बारे में विस्तृत चर्चा की।

दिल्ली के जल मंत्री कैलाश गहलोत ने एक बयान में कहा, दिल्ली में आगामी गर्मी के मौसम में निरंतर पानी की आपूर्ति की तैयारियों पर चर्चा करने के लिए दिल्ली जल बोर्ड के अधिकारियों के साथ बैठक की। स्वच्छ पानी-भोजन और बिजली की तरह प्रत्येक व्यक्ति का अधिकार है। डीजेबी 15,300 किमी के अपने विस्तृत नेटवर्क के साथ दिल्ली की सभी कॉलोनियों में पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए कई रणनीतियों पर काम कर रहा है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि दिल्लीवासियों को स्वच्छ पानी मिले।

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (क्टऊ) की भविष्यवाणी के अनुसार, इस वर्ष दिल्ली में गर्मी की लंबी अवधि हो सकती है, जिससे शहर में पीने के पानी की मांग बढ़ सकती है। जल मंत्री ने पानी की बढ़ती मांग के बारे में अपनी चिंता व्यक्त करते हुए सूक्ष्म स्तर पर समाधान खोजने के लिए समय-समय पर बैठकें करने और स्वयं और वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा लगातार दौरे करने का निर्णय लिया।

दिल्ली जल बोर्ड 990 पानी की आपूर्ति करता है जिसमें 864 सतही पानी और 126 भूजल शामिल है। दिल्ली में 21.5 मिलियन आबादी की वर्तमान मांग 1290 है। डीजेबी अब 9 जल उपचार संयंत्र (डब्ल्यूटीपी), 16 रेनी वेल और 4681 नलकूप संचालित करता है। 9 डब्ल्यूटीपी सोनिया विहार, भागीरथी, चंद्रावल, वजीराबाद, हैदरपुर, नांगलोई, ओखला, बावन और द्वारका में हैं। प्राथमिक भूमि जलाशय और बूस्टर पम्पिंग स्टेशनों की संख्या 117 है जबकि वाटरलाइन नेटवर्क 15300 कि.मी. का है। दिल्ली में पानी की कमी वाले क्षेत्रों में डीजेबी 1200 टैंकरों के माध्यम से पानी की आपूर्ति करता है। दिल्ली में पानी की आपूर्ति बढ़ाने के लिए, डीजेबी भूजल वृद्धि पर काम कर रहा है जिसमें उच्च जल स्तर वाले क्षेत्रों में नलकूप, झीलों में अच्छी गुणवत्ता वाले उपचारित प्रवाह का पुनर्भरण, 6 स्थानों पर आरओ संयंत्रों की निकासी और स्थापना, विकेंद्रीकृत स्थापना शामिल है। इसके अलावा पूर्वी दिल्ली में अमोनिया रिमूवल ट्रीटमेंट प्लांट, ओखला में 6 एमजीडी अमोनिया रिमूवल डब्ल्यूटीपी का पुनर्वास और बवाना में रिसाइकिलिंग प्लांट शामिल हैं ।

होली पर आपात स्थिति से निपटने के लिए अस्पताल तैयार

नई दिल्ली। होली को लेकर दिल्ली के अस्पताल तैयार हैं। अस्पतालों में स्वास्थ्यकर्मियों की संख्या में इजाफा किया गया है। आंख, त्वचा और सर्जरी वाले डॉक्टरों की विशेष तैनाती की गई है, जिससे मरीजों को तुरंत उपचार मिल सके। साथ ही डॉक्टरों ने होली खेलने के दौरान लोगों को सावधानी बरतने के निर्देश दिए हैं। लोकनायक अस्पताल की उप चिकित्सा डॉ. रितु सक्सेना ने बताया कि होली को लेकर स्वास्थ्यकर्मियों को तैयार रहने के निर्देश दिए गए हैं। होली खेलने के दौरान लोगों के बीच आपसी झगड़े भी हो जाते हैं, जिसमें मारपीट तक नौबत पहुंच जाती है। ऐसे में घायलों को तुरंत उपचार मिले, उसके लिए स्वास्थ्यकर्मियों की संख्या में इजाफा किया लोकनायक अस्पताल की उप चिकित्सा डॉ. रितु सक्सेना ने बताया।

स्कूलों में 16 हजार से अधिक शिक्षकों के पद खाली

नई दिल्ली। उच्च न्यायालय ने मंगलवार को दिल्ली सरकार और नगर निगम को स्कूलों में शिक्षकों के खाली पदों की स्थिति और इसे भरने के लिए उठाए गए कदमों को बताने का आदेश दिया है। इससे पहले, दिल्ली सरकार के शिक्षा निदेशालय ने न्यायालय को बताया कि उसके स्कूलों में 16 हजार से अधिक शिक्षकों के पद खाली हैं। कुल रिक्तियां 16 हजार 546 हैं, इनमें करीब तीन पद लाइब्रेरियन के हैं। जस्टिस मनमीत प्रीतम सिंह अरोड़ा ने 4 सप्ताह के भीतर हलफनामा दाखिल करने को कहा है। उन्होंने दिल्ली अधीनस्थ सेवा चयन बोर्ड (डीएसएसएसबी) को भी हलफनामा दाखिल कर खाली पदों को भरने की स्थिति के बारे में जानकारी देने को कहा है। न्यायालय ने स्पष्ट किया कि यदि 4 सप्ताह के भीतर हलफनामा दाखिल नहीं किया जाता है तो संबंधित प्रतिवादी को 25 हजार रुपये का जुमार्ना जमा करना होगा। उच्च न्यायालय ने गैर सरकारी संगठन सोशल ज्यूरिस्ट की ओर से दाखिल याचिका पर यह आदेश दिया है। मामले की सुनवाई के दौरान अधिवक्ता अशोक अग्रवाल ने बताया कि 1 अप्रैल से नया शैक्षणिक सत्र शुरू होने वाला है, लेकिन इतने बड़े पैमाने पर शिक्षकों के पद खाली है।

आबकारी मामला : ईडी ने तिहाड़ जेल में सिसोदिया से पूछताछ की

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली आबकारी नीति में कथित अनियमितताओं से जुड़े धन शोधन मामले में मंगलवार को पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया से पूछताछ की और उनका बयान दर्ज किया। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि संघीय जांच एजेंसी ने इस मामले में एक और गिरफ्तारी की है। उसने सोमवार की शाम को हैदराबाद के शराब कारोबारी अरुण रामचंद्र पिल्लई को हिरासत में लिया है। ईडी के अधिकारी धन शोधन रोकथाम कानून के तहत सिसोदिया का बयान दर्ज करने के लिए तिहाड़ जेल पहुंचे।

सीबीआई ने 2021-22 के लिए आबकारी नीति बनाने और इसके क्रियान्वयन में कथित भ्रष्टाचार के संबंध में 26 फरवरी को सिसोदिया को गिरफ्तार किया था और वह 20 मार्च न्यायिक हिरासत में हैं।

ईडी ने आम आदमी पार्टी (आप) के 51 वर्षीय नेता से पूछताछ के लिए अदालत से अनुमति ले ली है। सिसोदिया जेल की कोठरी संख्या एक में बंद हैं।

ऐसी संभावना है कि एजेंसी ने उनसे कथित तौर पर सेलफोन बदलने और उन्हें नष्ट करने तथा दिल्ली के आबकारी मंत्री के तौर पर लिए नीतिगत निर्णयों और समयसीमा का पालन किए जाने को लेकर पूछताछ की। ईडी ने अदालत में दाखिल अपने पूरक आरोपपत्र में ये आरोप लगाए थे।

अगर जांच अधिकारी को यह मानने की वजहें मिलती हैं कि व्यक्ति धन शोधन के अपराध का दोषी है तो ईडी पीएमएलए की धारा 19 लगा सकती है जिसके तहत उसे मामले में शामिल या आरोपी लोगों को गिरफ्तार करने की अनुमति मिल जाती है।

सीबीआई ने सिसोदिया की हिरासत के दौरान आबकारी नीति में कथित गड़बड़ी के संबंध में उनका सामना उनके पूर्व सचिव सी अरविंद और तत्कालीन आबकारी आयुक्त आरव गोपी कृष्ण से कराया था।

सीबीआई ने पिछले साल 25 नवंबर को दर्ज किए गए मामले के आरोपपत्र में सिसोदिया को आरोपी के तौर पर नामजद नहीं किया।

ऐसा आरोप है कि दिल्ली सरकार की शराब कारोबारियों को लाइसेंस देने के लिए 2021-22 की आबकारी नीति से उद्यमियों को सांठगांठ करने का अवसर दिया गया तथा कुछ डीलरों को अनुचित लाभ पहुंचाया गया जिन्होंने इसके लिए कथित तौर पर घूस दी। बहरहाल, आम आदमी पार्टी (आप) ने इस आरोप का जोरदार खंडन किया है। बाद में यह नीति रद्द कर दी गयी और दिल्ली के उपराज्यपाल ने सीबीआई जांच की सिफारिश की जिसके बाद ईडी ने पीएमएलए के तहत आरोपियों के खिलाफ एक मामला दर्ज किया।

इस बीच, अरुण पिल्लई को लंबी पूछताछ के बाद सोमवार शाम को धन शोधन रोकथाम कानून (पीएमएलए) की आपराधिक धाराओं के तहत हिरासत में लिया गया। ईडी द्वारा इस मामले में यह 11वीं गिरफ्तारी है।

पिल्लई रॉबिन डिस्टिलरीज एलएलपी नामक कंपनी में साझेदार हैं। ईडी ने दावा किया कि यह कंपनी तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव की बेटी एवं विधान परिषद सदस्य के. कविता और अन्य से जुड़े कथित शराब कार्टल ह्यसाउथ ग्रुपह्न का प्रतिनिधित्व करती है। पिल्लई गिरफ्तार शराब कारोबारी समीर महंदरू, उनकी पत्नी गीतिका महंदरू और उनकी कंपनी इंडोस्प्रिरिट ग्रुप से भी जुड़ा है। सूत्रों ने बताया कि पिल्लई को एक स्थानीय अदालत में पेश किया जाएगा, जहां ईडी पूछताछ के लिए उनकी हिरासत देने का अनुरोध करेगी।

देश के हालात को लेकर चिंतित केजरीवाल, होली पर पूरे दिन देश के लिए करेंगे प्रार्थना और ध्यान

- अधिकतम तापमान सामान्य से चार डिग्री ज्यादा 31.0 डिग्री, जबकि न्यूनतम तापमान सामान्य से तीन डिग्री ज्यादा 16.3 डिग्री अधिक दर्ज किया गया।

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

मोदी सरकार में जांच एजेसियों के बढ़े दुरुपयोग और उससे देश भर में उत्पन्न परिस्थितियों को लेकर आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल बेहद चिंतित हैं और होली पर पूरे दिन प्रार्थना और ध्यान करेंगे। उन्होंने मंगलवार को प्रेसवार्ता कर देशवासियों को होली की बधाई देते हुए कहा कि जिस देश के प्रधानमंत्री अच्छी शिक्षा और इलाज देने वालों को जेल में डाल दें और देश को लूटने वाले का साथ दें, तो यह देश के लिए बहुत चिंताजनक हैं। मैं मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन की गिरफ्तारी से चिंतित नहीं हूं। वो देश के लिए अपनी जान दे देंगे, लेकिन देश के जो हालात हैं, उससे मैं चिंचित हूं। मनीष सिसोदिया ने देश को शिक्षा, तो सत्येंद्र जैन ने स्वास्थ्य मॉडल दिया। वहीं एक शख्स ने देश को लूट लिया। प्रधानमंत्री मोदी लूटने वाले शख्स के साथ हैं। इसलिए मैंने तय किया है कि होली पर पूरे दिन मैं देश के लिए ध्यान और प्रार्थना करूंगा। देश भर के लोगों से अपील है कि अगर आपको लगता है कि प्रधानमंत्री ठीक नहीं कर रहे हैं, तो आप भी मेरे साथ देश के लिए प्रार्थना करें। आप के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि देश भर के सरकारी स्कूलों को बहुत बुरा हाल है। सरकारी स्कूलों में गरीब परिवार मजबूरी में अपने बच्चों को पढ़ने के लिए भेजते हैं। आजादी के 75 साल बाद एक ऐसा शख्स आया, जिसने सरकारी स्कूलों की काया पलट दी और गरीबों के बच्चों को भी अमीरों के बच्चों जैसी अच्छी शिक्षा मिलने लगी। वो शख्स पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया हैं। देश भर में सरकारी अस्पतालों का भी बहुत बुरा हाल है। सरकारी अस्पतालों में गरीब मजबूरी में अपना इलाज करवाने जाते हैं। आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि आजादी के 75 साल बाद एक ऐसा शख्स आया, जिसने सरकारी अस्पातलों की दशा बदल दी। गली-गली में मोहल्ला क्लीनिक बनाकर अच्छा और फ्री इलाज हर घर तक पहुंचाया। पूरी दुनिया को मोहल्ला क्लीनिक का एक नया मॉडल दिया। वो शख्स पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन हैं। वहीं, दूसरी ओर एक शख्स है, जिसने भारत की जनता का खून-पसीने से कमाया अरबों-खरबों रुपए लूट लिया।

आईजीआई एयरपोर्ट को मिला एक और खिताब, एशिया प्रशांत क्षेत्र में सबसे स्वच्छ एयरपोर्ट बना

नई दिल्ली, एजेंसी। राजधानी दिल्ली का इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट को एक बार फिर एशिया प्रशांत क्षेत्र के सबसे स्वच्छ एयरपोर्ट का पुरस्कार मिला है। एयरपोर्ट काउंसिल इंटरनेशनल की ओर से इस पुरस्कार की घोषणा की गई है।

यह पुरस्कार 40 मिलियन यात्री प्रति वर्ष की आवाजाही वाले एयरपोर्ट में एयरपोर्ट सर्विस क्वालिटी की श्रेणी में आईजीआई को मिला है। यह श्रेणी ग्राहकों को दी जाने वाली सुविधा व उनके अनुभव को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है।

एयरपोर्ट की संचालक एजेंसी डायल के अनुसार, यह पुरस्कार यात्रियों व अन्य स्त्रोतों से एकत्र किए गए सर्वेक्षण नतीजों के माध्यम से शोध के आधार पर प्रदान किया जाता है। इस सर्वेक्षण के तहत दुनिया भर के कुल 75 एयरपोर्ट के लिए साल 2022 में 465,000 से अधिक यात्रियों से प्रतिक्रियाएं एकत्रित की गई। यह प्रतिक्रिया प्रमुख रूप से एयरपोर्ट पर यात्रियों को प्रदान किए जाने वाली 30 से अधिक सुविधाओं के अनुभवों पर ली गई थी। डायल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी विदेह कुमार जयपुरियार ने कहा कि दिल्ली एयरपोर्ट पर सेवा मानकों को बढ़ाना हमारी सर्वोपरि प्राथमिकता है।

अरावली में बनाई गई टनल में ट्रैक बिछाने का काम हुआ शुरू

दुनिया की पहली सुरंग जिससे गुजरेगी डबल डेकर ट्रेन

गुरुग्राम, एजेंसी। वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कारिडोर पर अरावली पहाड़ी क्षेत्र में बनाई गई एक किलोमीटर लंबी सुरंग में ट्रैक बिछाने का काम शुरू हो गया। अगले 20 दिनों के भीतर कार्य पूरा कर लिया जाएगा। इस महीने के अंत तक कारिडोर के तावडू से पृथला भाग को हर हाल में तैयार करने का लक्ष्य है ताकि अप्रैल से दादरी से रेवाड़ी रूट पर ट्रेनें (मालगाड़ियां) चलाई जा सकें। दादरी से पृथला और तावडू से रेवाड़ी तक का भाग पूरी तरह तैयार है। तावडू से पृथला भाग के तैयार होते ही इसका लाभ दिखाई देने लगेगा। मालगाड़ियों के लिए स्वतंत्र

कारिडोर हो, इसे ध्यान में रखकर केंद्र सरकार वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कारिडोर विकसित करने का निर्णय लिया है। कारिडोर बेहतर तरीके से तैयार हो और जल्द से जल्द तैयार हो इसे ध्यान में रखकर कई भाग में बांटकर काम किया जा रहा है। इनमें से एक भाग उत्तर प्रदेश में दादरी से लेकर हरियाणा में रेवाड़ी तक है। इसी भाग पर सोहना के नजदीक अरावली पहाड़ी क्षेत्र में सुरंग बनाई गई है। ट्रैक बिछाने का काम पूरा होते पहले डीजल इंजन का फिर इलेक्ट्रिक इंजन का ट्रायल किया जाएगा। इस महीने के भीतर ही निर्माण कार्य पूरा कर ट्रायल करने का भी लक्ष्य है। सुरंग की खासियत यह है कि इससे होकर न केवल डबल डेकर ट्रेनें गुजरेंगी, बल्कि एक साथ दो ट्रेनें निकलेंगी। इसकी चौड़ाई 15 जबकि ऊंचाई 12 मीटर है। दावा है दुनिया में कहीं भी ऐसी सुरंग नहीं है जिससे होकर डबल डेकर ट्रेनें गुजरती हों।

यही नहीं एक साथ दो ट्रेनें निकलती हैं, ऐसी भी सुरंग नहीं है। बता दें कि डब्ल्यूडीएफसी जवाहरलाल नेहरू पोर्ट टर्मिनल (महाराष्ट्र) से दादरी (उत्तर प्रदेश) तक विकसित किया जा रहा है। इसके दायरे में हरियाणा, राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश आएंगे। इसकी लंबाई 1504 किलोमीटर होगी। कारिडोर पर औसतन 100 किलोमीटर की रफ्तार से ट्रेनें चलेंगी। इसके चालू होने से सड़कों पर से माल ढुलाई वाले वाहनों का दबाव काफी हद तक कम हो जाएगा।

दिल्ली में कासिम ने घर में घुसकर हिंदू लड़की को मारी गोली, जीटीबी अस्पताल में भर्ती; हालत गंभीर

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली के नंद नगरी इलाके में सोमवार रात एक मुस्लिम युवक ने घर में घुसकर हिंदू किशोरी को गोली मार दी। किशोरी का कसूर इतना था कि उसने फोन पर दूसरे युवक से बात की थी। किशोरी को गोली मारकर आरोपित कासिम मौके से फरार हो गया। घायल हालत में किशोरी को जीटीबी अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां उसकी हालत गंभीर है। किशोरी के कंधे में गोली लगी है।

दोनों के बीच लंबे समय से है दोस्ती: नंद नगरी थाना पुलिस प्राथमिकी पंजीकृत कर मामले की जांच कर रही है। आरोपित की तलाश जारी है। घायल किशोरी अपनी मां के साथ नंद नगरी इलाके में रहती है। उसके पिता की मौत हो चुकी है। मां घरेलू सहायिका है। सोमवार रात करीब आठ बजे पीड़िता अपने घर पर थी। तभी उसके पड़ोस में रहने वाला कासिम उसके घर पहुंचा। दोनों के बीच काफी समय से दोस्ती है।

नॉर्थ ईस्ट दिल्ली के डीसीपी जॉय तिर्की ने बताया कि नंद नगरी थाना के अंतर्गत एक फायरिंग की घटना हुई थी। 16 वर्षीय लड़की के कंधे पर गोली लगी थी, उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। लड़की ने बताया कि उसके कासिम नामक दोस्त ने उसपर गोली चलाई। कासिम को पकड़ लिया है। पूछताछ जारी है।

कासिम ने लड़की से मोबाइल छीनकर चेक की डायल लिस्ट: कासिम ने किशोरी से कहा कि उसके होते हुए वह किसी दूसरे युवक से दोस्ती नहीं कर सकती, इस बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हो गई। आरोपित ने किशोरी का फोन छीन लिया और डायल लिस्ट चेक की। देखा कि एक नंबर पर कुछ देर बात की गई है। उसने जब उस नंबर पर काल किया तो एक युवक ने उठाया। इससे कासिम आग बबूला हो गया। उसने पिस्टल से किशोरी के कंधे पर गोली मार दी।

पड़ोसियों ने बुलाई पुलिस: गोली लगते ही किशोरी फर्श पर गिर गई और आरोपित मौके से फरार हो गया। पड़ोसियों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। घायल हालत में किशोरी को अस्पताल में भर्ती करवाया गया, उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है। केस दर्ज कर पुलिस जांच कर रही है।

लोकतंत्र में जनता सर्वोच्च सत्ता है और संविधान अंतिम मार्गदर्शक

भारत में न्यायपालिका, कार्यपालिका और विधायिका के अधिकार स्पष्ट

लोकतंत्र में जनता सर्वोच्च सत्ता-रिजिजू

पणजी, एजेंसी। केंद्रीय कानून मंत्री किरेन रिजिजू ने सोमवार को कहा कि एक संवैधानिक संस्था द्वारा दूसरे की शक्तियों का अतिक्रमण करने के प्रयासों का डटकर विरोध किया जाना चाहिए, क्योंकि यह लोकतंत्र के लिए एक बड़ा खतरा है। उन्होंने कहा, लोकतंत्र में जनता सर्वोच्च सत्ता है और संविधान अंतिम मार्गदर्शक।

रिजिजू की टिप्पणी, सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए उस फैसले के कुछ दिनों बाद आई है, जिसमें मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों की नियुक्तियां प्रधानमंत्री, नेता विपक्ष और चीफ जस्टिस वाली समिति की सिफारिश पर राष्ट्रपति द्वारा की जाने की बात कही गई थी। शीर्ष अदालत ने यह भी कहा था कि यह सिद्धांत कि अदालतें कानून नहीं बना सकती, एक मिथक है, जो बहुत पहले ही टूट चुका है।

न्यायपालिका, कार्यपालिका और विधायिका के अधिकार स्पष्ट

गोवा की राजधानी पणजी में आयोजित 23वें राष्ट्रमंडल विधि सम्मेलन के दौरान रिजिजू ने कहा कि न्यायपालिका, कार्यपालिका और विधायिका के अधिकार स्पष्ट हैं। यदि कोई शाखा दूसरी शाखा के क्षेत्र में अतिक्रमण करने की कोशिश करती है तो इसका जमकर विरोध किया जाना चाहिए, क्योंकि यह लोकतंत्र के लिए ही बड़ा खतरा है। कानून मंत्री ने कहा कि कोई भी संवैधानिक प्रविधानों को चुनौती नहीं दे सकता। किसी को भी संविधान के प्रविधानों की अवहेलना करने का प्रयास नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा कि कानून की उचित प्रक्रिया का पालन कर दिए गए जनादेश का किसी भी कीमत पर सम्मान किया जाना चाहिए और इसे केवल अभियान से चुनौती नहीं दी जा सकती। रिजिजू ने यह भी कहा कि उन्होंने हाल के दिनों में देखा है कि अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर लोकतंत्र पर हमला करने की कोशिश की जा रही है। उनका कहना था कि जब हम स्वतंत्रता और संवैधानिक अधिकारों की बात करते हैं तो हमें संवैधानिक कर्तव्यों को नहीं भूलना चाहिए।

कानून मंत्री ने कहा कि भारत में लोकतंत्र को खत्म नहीं किया जा सकता, क्योंकि भारतीय स्वाभाविक रूप से लोकतांत्रिक हैं। 1975 में आपातकाल लगाने का प्रयास किया गया था, लेकिन इसका विरोध किया गया। उन्होंने कहा कि लोगों के जनादेश का अपमान करने के लिए सभी सोच-समझकर किए गए दुर्भावनापूर्ण अभियानों का पर्दाफाश किया जाना चाहिए और उनका विरोध किया जाना चाहिए। कानून मंत्री कहा कि देश के जज असाधारण रूप से काम कर रहे हैं लेकिन लंबित मामलों की संख्या दिन पर दिन बढ़ती जा रही है। इसलिए उनके मंत्रालय का लक्ष्य न्यायपालिका को पूरी तरह से कागज रहित बनाना है। रिजिजू ने कहा, हम मामलों में हो रहे विलंब को खत्म करना चाहते हैं। देश की अदालतों में 4.9 करोड़ से अधिक मामले लंबित हैं।

पोर्टेबल ऑक्सीजन कंसंट्रेटर के बैग में मिली सोने की सात ईंटे, आरोपी गिरफ्तार

नई दिल्ली, एजेंसी। आईजीआई एयरपोर्ट पर सोना तस्करी के एक मामले में कस्टम अधिकारियों ने पोर्टेबल आक्सीजन कंसंट्रेटर के बैग से सोना की सात ईटें बरामद की हैं। इनका वजन करीब सात किलो है। आरोपित अफ्रीकी देश केन्या का नागरिक है। आरोपित से पूछताछ कर मामले की जांच की जा रही है।

कस्टम अधिकारियों का कहना है कि आईजीआई एयरपोर्ट पर तस्करी का अपने तरह का यह पहला मामला है। कस्टम अधिकारियों ने बताया कि आरोपित मेडिकल प्रोफेशनल है। यह चार महीने के एक बच्चे जिसकी भारत में हृदय से जुड़ी सर्जरी होनी है, उसके साथ मेडिकल सहायता देने के नाम पर सफर कर रहा था। बच्चे के साथ उसके माता-पिता भी थे।

केन्या से आए विमान से आईजीआई पर उतरने के बाद कस्टम अधिकारियों ने आरोपित का लगातार पीछा किया और आरोपित से कहा कि कंसंट्रेटर की जांच जरूरी है। जांच के दौरान जब पुलिस ने कंसंट्रेटर के बैग की तलाशी ली तो पाया कि इसमें एक दो नहीं बल्कि सात ईटे हैं। इससे पहले आईजीआई एयरपोर्ट पर तस्करी के मामले में कस्टम अधिकारियों ने चार किलो सोना बरामद किया था।

किम जोंग उन की बहन ने अमेरिका और दक्षिण कोरिया को दी चेतावनी, कहा- कड़ी कार्रवाई के लिए तैयार

सियोल, एजेंसी। उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन की बहन किम यो जोंग अब देश में एक ताकतवर नेता बनती जा रही हैं। इसी कड़ी में किम की बहन ने अमेरिका और दक्षिण कोरिया को चेतावनी देते हुए कहा है कि उत्तर कोरिया इन दोनों देशों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के लिए तैयार है। किम यो जोंग का ये बयान अमेरिका के दक्षिण कोरियाई युद्धक विमानों के साथ एक संयुक्त अभ्यास के लिए परमाणु-सक्षम बी-52 बॉम्बर को कोरियाई प्रायद्वीप में उड़ाने के एक दिन बाद आया है। किम यो जोंग ने राज्य मीडिया द्वारा दिए गए एक बयान में कहा कि हम अमेरिकी बलों और दक्षिण कोरियाई कठपुतली सेना पर अपनी नजर रखते हैं ताकि हम किसी भी समय जबरदस्त कार्रवाई करने के लिए तैयार रहे। किम की बहन ने आग कहा कि अमेरिका और दक्षिण कोरिया द्वारा चली जा रही सैन्य चालें और सभी प्रकार की बयानबाजीयों की अनदेखी नहीं की जा सकती, निस्संदेह उत्तर कोरिया उनसे निपटने के लिए हमेशा तैयार रहेगी। बता दें कि अमेरिकी और दक्षिण कोरियाई सेनाएं इस महीने के अंत में अपने सबसे बड़े क्षेत्र अभ्यास को फिर से शुरू करने की तैयारी कर रही हैं। उत्तर कोरिया ने अक्सर अमेरिका-दक्षिण कोरियाई सैन्य अभ्यास के जवाब में मिसाइल परीक्षण किया है। 3 मार्च को, दक्षिण कोरियाई और अमेरिकी सेनाओं ने घोषणा की थी कि वे 13 से 23 मार्च तक एक कंप्यूटर-सिम्युलेटेड कमांड पोस्ट प्रशिक्षण आयोजित करेंगे और 2018 में आखिरी बार आयोजित किए गए अपने सबसे बड़े स्प्रिंगटाइम फील्ड अभ्यास को बहाल करेंगे। वहीं, पिछले महीने किम यो जोंग ने प्रशांत को उत्तर के फायरिंग रेंज में बदलने की धमकी दी थी। आज के अपने बयान में, किम की बहन ने कहा कि उत्तर कोरिया के आईसीबीएम को युद्ध की घोषणा के रूप में रोकने के संभावित अमेरिकी प्रयास पर विचार करेगा।

शहबाज शरीफ के मंत्री का दावा- पुलिस के डर से पड़ोसी के घर में कूद गए थे इमरान खान

इस्लामाबाद , एजेंसी। पाकिस्तान के पूर्व पीएम इमरान खान को गिरफ्तार करने के लिए पंजाब पुलिस रविवार को उनके लाहौर स्थित घर पहुंची थी। इस दौरान उनकी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के हजारों कार्यकर्ता पुलिस से भिड़ गए थे और उसे खाली हाथ लौटना पड़ा था। यही नहीं पुलिस सूत्रों का कहना था कि एसपी घर के अंदर भी घुस गए थे और इमरान खान के कमरे तक गए थे, लेकिन वह वहां पर पाए ही नहीं गए। इस बीच पाकिस्तान के गृह मंत्री राणा सनाउल्लाह ने दावा किया है कि इमरान खान पुलिस के डर से दीवार फांदकर पड़ोसी के घर में कूद गए थे ताकि गिरफ्तारी से बचा जा सके। द न्यूज इंटरनेशनल की रिपोर्ट के मुताबिक पीटीआई के कार्यकर्ताओं ने पुलिस से कहा था कि इमरान खान घर में ही नहीं हैं। राणा सनाउल्लाह ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि कल इमरान खान को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस गई थी तो वहां काफी ड्रामा हुआ था। यह भी कहा जा रहा है कि इमरान खान दीवार फांदकर पड़ोसी के घर में कूद गए थे ताकि गिरफ्तार न किया जा सके। इसके बाद उन्होंने कहीं और से लंबा भाषण दिया था। उन्होंने कहा कि इमरान खान को यदि पुलिस गिरफ्तार करना चाहती है तो इस तरह दूसरे घरों में कूदकर वह बच नहीं सकते। शहबाज शरीफ सरकार के मंत्री ने कहा कि यदि पुलिस उन्हें गिरफ्तार करके कोर्ट में ले जाना चाहेगी तो वह बिना हिचक के ऐसा करेगी।

पीओके में छात्राओं और शिक्षिकाओं के लिए हिजाब पहनना हुआ अनिवार्य

इस्लामाबाद, एजेंसी। अधिसूचना के अनुसार सह-शिक्षा संस्थानों में छात्राओं और शिक्षिकाओं के लिए हिजाब पहनना अनिवार्य होगा। आदेशों का उल्लंघन करने पर संस्था प्रमुख के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।अधिकारियों द्वारा जारी निर्देशों को लागू करने में विफल रहने पर संस्थान के प्रमुख के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

मुजफ्फराबाद (पीओके), एजेंसी। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के नेतृत्व वाली सरकार ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में सह-शिक्षा संस्थानों में महिला छात्रों और शिक्षकों के लिए हिजाब अनिवार्य कर दिया है। समा ने बताया कि इस संबंध में पीओके सरकार द्वारा इस आशय की एक अधिसूचना जारी की गई है। अधिसूचना के अनुसार, सह-शिक्षा संस्थानों में छात्राओं और शिक्षिकाओं के लिए हिजाब पहनना अनिवार्य होगा। आदेशों का उल्लंघन करने पर संस्था प्रमुख के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

जियो न्यूज ने सर्कुलर में चेतावनी दी है कि अधिकारियों द्वारा जारी निर्देशों को लागू करने में विफल रहने पर संस्थान के प्रमुख के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। हालांकि, सर्कुलर में यह स्पष्ट नहीं किया गया है कि हिजाब नहीं पहनने वाली छात्राओं और शिक्षिकाओं के खिलाफ क्या कार्रवाई की जाएगी। सरदार तनवीर के नेतृत्व वाली पीटीआई सरकार के फैसले की लोग कड़ी आलोचना कर रहे हैं। मारियाना बाबर ने फैसले की आलोचना करते हुए कहा कि महिलाओं को एक विकल्प दिया जाना चाहिए। एक ट्वीट में मारियाना बाबर ने कहा कि पाक सरकार ने छात्राओं और महिला शिक्षकों के लिए को-एजुकेशन वाले शैक्षणिक संस्थानों में हिजाब पहनने के लिए अनिवार्य कर दिया है। वहीं, मुर्तजा सोलंगी ने पीटीआई-नेतृत्व वाली सरकार के फैसले की तुलना तालिबना से की है। पिछले साल तालिबान ने महिलाओं के लिए अफगानिस्तान में सार्वजनिक रूप से हिजाब पहनना भी अनिवार्य कर दिया था।

सरकार के निर्णय की तुलना तालिबान के फैसले से हुई: मुर्तजा सोलंगी ने सरकार के निर्णय की तुलना तालिबान के फैसले से की है। पिछले साल तालिबान ने भी अफगानिस्तान में महिलाओं के लिए सार्वजनिक रूप से हिजाब पहनना अनिवार्य कर दिया था। सोलंगी ने कहा, द टूथलेस डेंटिस्ट (पाकिस्तान के राष्ट्रपति आरिफ अल्वी) जो फासीवादी पार्टी के एक कार्यकर्ता की तरह काम करते हैं, उन्हें जवाब देना चाहिए कि उनकी सरकार पीओके में तालिबान शासन कैसे लागू कर रही है।

पाकिस्तान में हिंदुओं के साथ तालिबानी सुलूक, होली मना रहे छात्रों पर हमला, 15 घायल

इस्लामाबाद , एजेंसीं। पाकिस्तान के अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय के साथ एक बार फिर तालिबानी सुलूक किया गया है। पाकिस्तान में हिंदुओं के लोकप्रिय त्योहार होली को मनाने से रोका गया है। कम से कम 15 छात्र पर सोमवार को एक कट्टरपंथी इस्लामी छात्र संगठन के सदस्यों की तरफ से शक्ति का इस्तेमाल कर घायल कर दिया गया। पाकिस्तान के पंजाब विश्वविद्यालय कैंपस में कथित तौर पर होली मानने से रोकने को लेकर हुए विवाद के दौरान हंगामा खड़ा हो गया। यह घटना सोमवार को पंजाब विश्वविद्यालय के लॉ कॉलेज में हुई, जब करीब 30 हिंदू छात्र होली मनाने के लिए जमा हुए। विश्वविद्यालय के एक छात्र और एक चश्मदीद काशिफ ब्रोही ने बताया, जैसे ही छात्र लॉ कॉलेज के कैंपस में इकट्ठा हुए, इस्लामी जमीयत तुलबा (आईजेटी) के कार्यकर्ताओं ने उन्हें जबरन होली मनाने से रोक दिया, जिसके कारण झड़प हुई। झड़प के परिणामस्वरूप 15 हिंदू छात्र घायल हो गए। ब्रोही ने दावा किया कि उन्होंने विश्वविद्यालय प्रशासन से पूर्व अनुमति ली थी। खेत कुमार के हाथ में इस दौरान चोट आई है। उसने कहा कि विश्वविद्यालय के सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें तब

पीटा जब उन्होंने आईजेटी सदस्यों की तरफ से जबरन होली मनाने से रोकने का विरोध करने के लिए कुलपति कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। कुमार ने कहा, हमने आईजेटी की तरफ से हमें पीटने और प्रताड़ित करने में शामिल लोगों के खिलाफ पुलिस में एक शिकायत दी है, लेकिन अभी तक एफआईआर दर्ज नहीं की गई है। आईजेटी (पंजाब विश्वविद्यालय) के प्रवक्ता इब्राहिम शाहिद ने इस घटना में उसके छात्रों की संलिप्तता से इनकार किया। पंजाब विश्वविद्यालय के प्रवक्ता खुर्रम शहजाद ने बताया कि विश्वविद्यालय प्रशासन ने लॉ कॉलेज के कैंपस में होली मनाने की अनुमति नहीं दी थी। उन्होंने कहा, अगर समारोह कमरे के अंदर मनाया जाता तो कोई समस्या नहीं होती।

निजी एआरवाई न्यूज चैनल का लाइसेंस निलंबित, प्रतिबंध लगने के बाद भी प्रसारित किया इमरान खान का भाषण

इस्लामाबाद, एजेंसी। पाकिस्तान के मीडिया नियामक ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के भाषणों को प्रसारित करने पर प्रतिबंध लगा दिया है। इसी बीच एक निजी चैनल एआरवाई समाचार टीवी ने सोमवार को उनके एक दिन पहले का भाषण प्रसारित कर दिया, जिसके कारण कुछ घंटों के बाद ही उसके लाइसेंस को निलंबित कर दिया गया है।

पाकिस्तान इलेक्ट्रॉनिक मीडिया रेगुलेटरी अथॉरिटी (पीईएमआरए) ने रविवार रात सैटेलाइट टेलीविजन चैनलों पर क्रिकेटर से राजनेता बने इमरान खान के लाइव प्रसारण और रिकॉर्ड किए गए भाषणों को प्रसारित करने पर प्रतिबंध लगा दिया, क्योंकि इस्लामाबाद पुलिस उन्हें गिरफ्तार करने में विफल रही थी। एआरवाई चैनल को खान के पक्ष में खबरें दिखाने के लिए जाना जाता है और ब्रॉडकास्टर के खिलाफ पहले भी कार्रवाई की गई थी।

पेमरा के एक आदेश में कहा गया, यह देखा गया है कि इमरान खान, पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के अध्यक्ष, अपने भाषणों/बयानों में

लगातार निराधार आरोप लगा रहे हैं और राज्य के संस्थानों और अधिकारियों के खिलाफ अपने भड़काऊ बयानों के माध्यम से अभद्र भाषा फैला रहे हैं, जो रखरखाव के लिए प्रतिकूल है।

नियामक ने कहा कि यह देखा गया है कि पीईएमआरए कानूनों के प्रावधानों के साथ-साथ शीर्ष अदालतों के फैसले के उल्लंघन करते हुए टीवी चैनलों पर इस तरह के प्रसारण किए जा रहे थे। पीईएमआरए के आदेश में कहा गया है, इसलिए, सक्षम प्राधिकारी यानी पेमरा के अध्यक्ष सभी सैटेलाइट टीवी चैनलों पर इमरान खान के भाषणों के प्रसारण/पुनः प्रसारण/प्रेस वार्ता को तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित करते हैं।

इसने सभी सैटेलाइट टीवी चैनलों को यह सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया कि इलेक्ट्रॉनिक मीडिया (कार्यक्रम और विज्ञापन) आचार संहिता 2015 के खंड 17 के तहत आवश्यक निष्पक्ष संपादकीय बोर्ड का गठन किया जाए, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि उनके प्लेटफॉर्म का उपयोग अपमानजनक टिप्पणी या घृणित या पूर्वाग्रहपूर्ण बयान प्रसारित करने के लिए नहीं किया जाता है।

पेमरा ने टीवी चैनलों को चेतावनी दी कि अनुपालन न करने की स्थिति में उनका लाइसेंस निलंबित कर दिया जाएगा। यह पहली बार नहीं है कि पीईएमआरए ने खान के खिलाफ कार्रवाई की है, इसने पिछले साल नवंबर में भी पीटीआई अध्यक्ष के भाषणों और प्रेस कॉन्फ्रेंस के प्रसारण और पुनः प्रसारण पर रोक लगा दी थी, लेकिन संघीय सरकार ने उसी दिन इसे रद्द कर दिया था। इससे पहले रविवार को इस्लामाबाद पुलिस खान को गिरफ्तारी वारंट के साथ गिरफ्तार करने के लिए लाहौर गई थी, क्योंकि उसे शक था कि उसने अदालत में पेश होने से परहेज किया था। हालांकि, पुलिस को बताया गया कि खान अपने आवास पर नहीं थे, लेकिन बाद में वह आवास के बाहर दिखाई दिए और एक भड़काऊ भाषण दिया।

सम्पादकीय

मोदी-पराजय का फॉमूर्ला

प्रधानमंत्री मोदी से लेकर बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, तेलंगाना के मुख्यमंत्री चंद्रशेखर राव, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और कुछ वक्त के लिए कांग्रेस के चुनावी सलाहकार एवं रणनीतिकार रहे प्रशांत किशोर ने भाजपा और मोदी को चुनावी चुनौती देने का एक फॉमूर्ला बताया है। वह कितना कारगर साबित होगा, यह तो चुनाव ही तय करेंगे, लेकिन उनका दावा है कि विपक्ष के कितने भी गठबंधन तैयार कर लिए जाएं अथवा वे किसी भी तरह की लामबंद राजनीति कर लें, प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा को पराजित करना फिलहाल संभव नहीं है। प्रशांत ने तब यह दावा किया है, जब विपक्ष के 9 बड़े नेताओं ने केंद्रीय जांच एजेंसियों के अत्यंत दुरुपयोग के मद्देनजर प्रधानमंत्री मोदी को एक साझा पत्र भेजा है।

इन नेताओं में शरद पवार, ममता बनर्जी, चंद्रशेखर राव, अरविंद केजरीवाल, भगवंत मान, तेजस्वी यादव, अखिलेश यादव, फारूक अब्दुल्ला और उद्धव ठाकरे शामिल हैं। सीबीआई और प्रवर्तन निदेशालय के अतिरेक दुरुपयोग का हालिया उदाहरण मनीष सिसोदिया का दिया गया है। चुनावी रणनीतिकार रहे प्रशांत किशोर का विश्लेषण है कि हिंदूवाद, राष्ट्रवाद और विभिन्न लाभार्थी समूह भाजपा की चुनावी जीत की बुनियाद हैं। भाजपा काडर और संघ परिवार इन आधारों को सुरक्षित रखते हैं और सुनिश्चित भी करने में सक्षम हैं। देश में जितने भी हिंदू हैं, उनका आधा हिस्सा भी प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा के मतदाता नहीं हैं। औसतन 38-40 फीसदी वोट ही भाजपा के पक्ष में आते हैं, शेष उनके खिलाफ अलग-अलग पक्षों में बंट जाते हैं। जो विरोधी पक्ष हिंदू हैं, उनमें गांधीवादी, अंबेडकरवादी, सोशलिस्ट और कम्युनिस्ट विचारधारा के भी लोग हैं। हिंदू सिर्फ संघवादी ही नहीं हैं। प्रशांत किशोर का आकलन है कि यदि हिंदूवाद, राष्ट्रवाद और लाभार्थी में से दो आधारभूत वोट बैंक में प्रभावी सेंध लगाई जाए, तो विपक्ष चुनावों में प्रधानमंत्री मोदी को तगड़ी चुनौती दे सकता है। लाभार्थियों में वे समुदाय और वर्ग शामिल हैं, जिन्हें मुफ्त 5 किलोग्राम अनाज मिल रहा है या उनके बैंक खातों में राशि जमा कराई जा रही है अथवा जिन बहुत छोटे कारोबारियों को मुद्रा लोन मुहैया कराए जा रहे हैं। इन लाभार्थियों में महिलाएं, किसान और गरीब तबके शिद्दत से मोदी और भाजपा के पक्ष में वोट दे रहे हैं। जिन राज्यों में सरकारों ने कल्याण, समाज-सेवा के बेहतर काम किए हैं, स्थानीय गौरव और इतिहास को जिंदा रखा है, वे स्थानीय चुनावों में भाजपा के राष्ट्रवाद को पराजित करते रहे हैं।

मसलन-पश्चिम बंगाल। लेकिन लोकसभा चुनाव में राष्ट्रीय परिस्थितियां, कई विरोधाभासों के बावजूद, प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा के पक्ष में रहती हैं। फिलहाल 2024 की संभावनाएं भी ऐसी लगती हैं। प्रशांत का मानना है कि फिलहाल प्रधानमंत्री मोदी देश के सबसे लोकप्रिय नेता हैं। उन्हें सिर्फ विपक्षी गठबंधन के आधार पर पराजित नहीं किया जा सकता। प्रशांत अब बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को भी, राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य में, अप्रासंगिक नेता मान रहे हैं। मौजूदा मुख्यमंत्री काल उनका अंतिम है। उनकी पार्टी भी दरक और टूट रही है। लोगों में उनके प्रति जो सम्मान का भाव होता था, अब व्यापक मोहभंग में तबदील होता जा रहा है। जब एक नेता स्थानीय स्तर पर खारिज कर दिया जाता है, तो उसके राष्ट्रीय स्तर पर सत्ता-परिवर्तन के आह्वान खोखले और निरर्थक साबित होने लगते हैं। कांग्रेस के संदर्भ में प्रशांत राहुल गांधी को सर्वमान्य नेता मानते हैं, लेकिन राष्ट्रीय स्वीकृति अब भी बहुत दूर है। उनका मानना है कि कांग्रेस को जमीनी स्तर पर आंदोलन की तरह अभियान जारी रखने चाहिए। पार्टी लगातार जनमत तैयार करती रहे। कांग्रेस हिंदूवाद और राष्ट्रवाद पर वैचारिक तौर से लोगों को समझाए कि हकीकत क्या है।

सशक्त महिला यानी सशक्त समाज

प्रत्यूष शर्मा

हर वर्ष 8 मार्च को दुनियाभर में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है। इसे सबसे पहली बार अमेरिका के न्यूयार्क शहर में मनाया गया था। इसका आयोजन अमेरिका की सोशलिस्ट पार्टी ने किया था। रूस में 1917 में महिलाओं ने हक और सम्मान के लिए हड़ताल आयोजित की थी। इसके बाद से दुनियाभर में महिला दिवस मनाया जाने लगा। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस को औपचारिक मान्यता वर्ष 1975 में उस वक्त मिली जब संयुक्त राष्ट्र संघ ने इसे मनाना शुरू किया। इसका मुख्य उद्देश्य महिलाओं के सम्मान और अधिकारों के प्रति लोगों को जागरूक करना है। इस वर्ष का थीम वूमेन इन लीडरशिप अचिविंग एन इक्वल फ्यूचर इन ए कोविड-19 वर्ल्ड यानी महिला नेतृत्व : कोरोना काल में बराबर भविष्य प्राप्त करना है। देश तभी सशक्त बन सकता है जब उसका हर नागरिक सशक्त हो। इसमें भी महिलाओं की भूमिका ही सबसे आगे है। परिवार में एक मां के रूप में वह अपनी यह भूमिका अपनी मेहनत से अदा करती है।

राष्ट्र निर्माण में उसके इस योगदान का लंबा इतिहास रहा है। विद्वानों का मानना है कि प्राचीन भारत में महिलाओं को जीवन के सभी क्षेत्रों में पुरुषों के साथ बराबरी का दर्जा हासिल था। अथर्ववेद में कहा गया है कि माता भूमिः पुत्रो अहं पृथिव्याः अर्थात भूमि मेरी माता है और हम इस धरा के पुत्र हैं। ऋग्वेद और उपनिषद जैसे ग्रंथ कई महिला साध्वियों और संतों के बारे में बताते हैं जिनमें गार्गी और मैत्रेयी के नाम उल्लेखनीय हैं। भारतीय जनजीवन की मूल धुरी नारी है। यदि यह कहा जाए कि संस्कृति, परम्परा या धरोहर नारी के कारण ही पीढ़ी दर पीढ़ी हस्तांतरित हो रही है, तो यह अतिशयोक्ति नहीं होगी। जब-जब समाज में जड़ता आई है, नारी शक्ति ने ही उसे जगाने के लिए, उससे जूझने के लिए अपनी संतति को तैयार करके, आगे बढे का संकल्प दिया है। हमारे देश के विकास में महिलाओं को सहभागी बनाने के लिए विशेष प्रयास किए गए हैं। भारतीय संविधान द्वारा कानूनों के माध्यम से महिलाओं की सुरक्षा और सामान्य जीवन में उनकी समान भागीदारी के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं। महिला साक्षरता दर भी 2011 के आंकड़ों के अनुसार लगभग 65 प्रतिशत बढ़ी है और वे देश में शीर्ष पदों पर कार्य कर रही हैं। देश के चहुंमुखी विकास तथा समाज में अपनी भागीदारी को महिलाओं ने सशक्त ढंग से पूरा किया है। 73वें संवैधानिक संशोधन के बाद देश की पंचायती राज व्यवस्था में महिलाओं को आरक्षण प्रदान किया गया है जिससे आज कई महिलाएं ऊर्जावान नेतृत्व से अपने स्थानीय परिवेश में परिवर्तन ला रही हैं।

शक्त महिला सशक्त समाज की आधारशिला है। भारत के स्वतंत्रता संग्राम में महिलाओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया था। रानी लक्ष्मीबाई, सरोजनी नायडू, मादाम भिखाजी कामा, अरुणा आसफ अली, एनी.बेसेन्ट, भगिनी निवेदिता, सुचेता कृपलानी, कैप्टन लक्ष्मी सहगल, दुर्गा भाभी एवं क्रांतिकारियों को सहयोग देने वाली अनेक महिलाएं भारत में अवतरित हुईं जिन्होंने राष्ट्र निर्माण के लिए अपना सब कुछ न्योछावर कर दिया। राजनीतिक और सामाजिक सुधारों के क्षेत्र में महिलाओं ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। उदाहरण के तौर पर विजयलक्ष्मी पंडित ने संयुक्त राष्ट्र संघ में भारत का प्रतिनिधित्व किया और.संयुक्त राष्ट्र महासभा की सदस्य भी रहीं। मैत्रेयी, गार्गी आदि विदुषी स्त्रियां शिक्षा के क्षेत्र में अपने बहुमूल्य योगदान के लिए आज भी पूजनीय हैं। आधुनिक काल में महादेवी वर्मा, सुभद्रा कुमारी चौहान, अमृता प्रीतम आदि स्त्रियों ने साहित्य तथा राष्ट्र की प्रगति में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है। कला के क्षेत्र में लता मंगेशकर, देविका रानी, वैजयन्ती माला आदि का योगदान प्रशंसनीय है। वर्तमान में महिलाएं समाज सेवा, राष्ट्र निर्माण और राष्ट्र उत्थान के अनेक कार्यों में लगी हैं। भारतीय महिलाएं विधि, अकादमिक, साहित्य, संगीत, नृत्य, खेल, मीडिया, उद्योग, आईटी सहित विभिन्न क्षेत्रों में कार्य कर रही हैं। अग्नि-5 के सफल परीक्षण के बाद महिला वैज्ञानिक टेसी थॉमस की मुख्य भूमिका उभरकर सामने आई है। मिसाइलमैन डा. अब्दुल कलाम की प्रमुख शिष्या रहीं डा. थॉमस को भी इस परीक्षण के बाद मिसाइल वुमन अथवा अग्नि-पुत्री नामों से संबोधित किया जाने लगा है। मिसाइल कार्यक्रम का संपूर्ण नेतृत्व संभालने वाली वे देश की पहली महिला वैज्ञानिक बन गई हैं। वर्तमान में भी महिलाएं कई उच्च पदों पर आसीन हो देश की प्रगति के लिए कार्यशील हैं। देश के विभिन्न राज्यों के ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायतों में भी महिलाएं विभिन्न पदों पर आसीन हैं। आज महिलाओं के मुद्दों और सरोकारों पर कहीं अधिक संवेदनशील होने और परिपक्वता दिखाने की आवश्यकता है। बालिका के जन्म से लेकर उसके युवा होने और युवा से बुजुर्ग होने तक उन्हें हर वाजिब हक की पैरवी हमें करनी होगी। यदि हर माता-पिता लडकी और लडके का भेद अपने मन से हटा दें तो आंकड़ों का यह अंतर अपने आप ही मिट जाएगा। इस सामाजिक मानसिकता को बदलने का जिम्मा देश की वर्तमान युवा पीढ़ी को ही उठाना होगा।

जन औषधि : जनता की फामेर्सी

समय मैं प्रधानमंत्री जी से मिलने गया और कहा की मुझे किस विषय पर कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा की कांग्रेस के समय की ऐसी एक मृत योजना है, जो गरीबो को अत्यधिक लाभ दे सकती है उस योजना को दोबारा से जीवित करना है, और वह है ह्यजन औषधिह्ल। इसके बाद मैंने इस योजना पर कार्य करना शुरू किया। सरकार द्वारा चलाई गई कोई योजना एक आम जन को किस प्रकार से प्रभावित करती है, उनके जीवन में क्या सकारात्मक बदलाव लाती है, वह जानने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी जनता के साथ संवाद करते रहते हैं। वैसे ही एक संवाद मे उन्होंने उत्तराखंड की दीपा साह से बात की, दीपा साह ने उन्हे बताया की उसे पैरालायसिस हो गया था और उनके पति भी दिव्यांग है, उनकी दवाइयाँ बहुत महँगी आती थी, जीवन-यापन करना बड़ा मुश्किल हो गया था। लेकिन जन औषधि परियोजना ने स्थिति को बदल दिया। पहले दवाइयों का खर्च 12,000 से अधिक होता था लेकिन जब उन्होंने जनऔषधि केंद्र से दवाई लेना शुरू किया तो उनका खर्च घटकर 1,500 हो गया।

डॉ. मनसुख मंडाविया
लेखक- केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री

5 जुलाई, 2016 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने मुझे रसायन और उर्वरक मंत्रालय में राज्य मंत्री के रूप में ज़िम्मेदारी दी। उस समय मैं प्रधानमंत्री जी से मिलने गया और कहा की मुझे किस विषय पर कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा की कांग्रेस के समय की ऐसी एक मृत योजना है, जो गरीबो को अत्यधिक लाभ दे सकती है उस योजना को दोबारा से जीवित करना है, और वह है ह्यजन औषधिह्ल। इसके बाद मैंने इस योजना पर कार्य करना शुरू किया।

सरकार द्वारा चलाई गई कोई योजना एक आम जन को किस प्रकार से प्रभावित करती है, उनके जीवन में क्या सकारात्मक बदलाव लाती है, वह जानने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी जनता के साथ संवाद करते रहते हैं। वैसे ही एक संवाद मे उन्होंने उत्तराखंड की दीपा साह से बात की, दीपा साह ने उन्हे बताया की उसे पैरालायसिस हो गया था और उनके पति भी दिव्यांग है, उनकी दवाइयाँ बहुत महँगी आती थी, जीवन-यापन करना बड़ा मुश्किल हो गया था। लेकिन जन औषधि परियोजना ने स्थिति को बदल दिया। पहले दवाइयों का खर्च 12,000 से अधिक होता था लेकिन जब उन्होंने जनऔषधि केंद्र से दवाई लेना शुरू किया तो उनका खर्च घटकर 1,500 हो गया, बचे हुए पैसों से वो अपना अन्य काम करती हैं। उन्होंने कहा की मोदी जी मैंने ईश्वर को तो नहीं देखा, लेकिन आपको ईश्वर के रूप में देखा है आपको बहुत-बहुत धन्यवाद, यह सुनकर स्वयं प्रधानमंत्री जी भी भावुक हो गये थे।

आज के समय में जनता को ऐसी बीमारियों ने घेर रखा है जिनकी दवाइयाँ उन्हे जीवन भर लेनी पड़ती हैं, और उनपर काफी खर्च भी आता है, जैसे मधुमेह, ब्लड प्रेशर, कलस्ट्रोल इत्यादि। जन औषधि केंद्रों पर इन सब की दवाइयाँ बाजार दाम से लगभग 50 से 90 प्रतिशत सस्ते दामों पर उपलब्ध हैं। इससे उनका काफी जेब खर्च बचा है। इसके कारण पूरे देश भर के नागरिकों की 20.000 करोड़ की बचत हुई है। आज जब 5वां जनऔषधि दिवस मनाया जा रहा है, तब इस योजना की सफलता के पिछले सरकार की जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता, मेहनत और लगन को इस लेख के माध्यम से आपके सामने रखना चाहूँगा।

सबसे पहले तो इस प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना को सरकारी ना रखते हुए देश में एक बिजनेस मॉडल के तौर पर शुरू किया गया, जिसके तहत जनऔषधि केंद्रों को रिटेल केंद्र के तौर पर खोले जाने की शुरूआत हुई। जन औषधि केंद्र कोई भी व्यक्ति, फार्मासिस्ट, उद्यमी, एनजीओ, ट्रस्ट, सोसाइटी, इंस्टीटयूशन इत्यादि, जिनके पास 120 वर्ग फूट की दुकान हो एवं एक प्रशिक्षित फार्मासिस्ट उनके पास हो, जन औषधि केंद्र खोल सकता है। जन औषधि केंद्र संचालक को सरकार की तरफ से 5 लाख रुपए तक की सहायता राशि दी जाती है, जो कि मासिक बिक्री पर आधारित होती है। यह राशि प्रति माह अधिकतम 15 हजार रुपए तक ही हो सकती है। महिला उद्यमी, दिव्यांग, सेवानिवृत सैनिक, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति, नार्थ ईस्टर्न स्टेट्स, पर्वतीय क्षेत्रों के आवेदकों को 2 लाख रुपए की वित्तीय सहायता उनको केंद्र तैयार करने के लिए अलग से दी जाती है, साथ ही दवाई उत्पादों की बिक्री करने के लिए एक सॉफ्टवेयर भी दिया जाता है। इस प्रकार यह केंद्र देश मे एक बिसजेस मॉडल के रूप मे स्थापित हुए और रोजगार का भी एक बड़ा साधन बनें।

जैसे-जैसे इस योजना का विस्तार हुआ, यह योजना देश के कौने-कौने मे आम आदमी तक पहुचने लगी। 2014 में देश में केवल 80 केंद्र इस योजना के तहत कार्यरत थे जिसकी संख्या आज बढ़कर 9000 से अधिक हो गई है। यानी केवल पिछले 8 वर्षों में 100 गुणा से ज्यादा। हमने हर वर्ष इस योजना के लिए एक लक्ष्य निर्धारित किया और उस पर कार्य किया। 2014-2015 में जन औषधि केंद्रों पर होने वाली बिक्री 12 करोड़ के लगभग थी, वह आज बढ़कर लगभग 1200 करोड़ पहुँच गई है। इससे लोगों की बचत तो हुई ही, उनका खर्च भी कम हुआ। जनता के जन औषधि केंद्रों के प्रति बढ़ते रुझान और माँग, एवं उनकी सुविधा को देखते हुए हमनें केंद्रों पर मिलने वाले उत्पादों की संख्या भी बढ़ायी। 2014-15 में केंद्रों पर जहां केवल 300 उत्पाद मिलते थे आज उनकी संख्या बढ़कर 2039 हो गई है। इसके साथ मैं आपका ध्यान एक और बिंदु पर लेकर जाना चाहूँगा। केंद्रों पर ना केवल दवाइयाँ मिलती है, बल्कि अन्य सर्जिकल उत्पाद भी इस पर उपलब्ध है। देश भर में जब 9,000 से अधिक जनऔषधि केंद्र खुले तो इस बात का ध्यान भी रखा गया की इनपर होने वाली आपूर्ति में कोई बाधा ना आये। सप्लाई चैन को सुलभ बनाए रखने के लिए हमनें वेयरहाउस की संख्या में बढ़ोतरी की। 2014-2015 में जहां देश में केवल 1 ही वेयरहाउस था आज देश में 4 वेयरहाउस हैं। यहाँ मिलने वाली जेनरिक दवाइयाँ बाजार से कम दाम पर मिलती है वो भी लगभग 50%-90% सस्ती। कैंसर जैसी बीमारी की महँगी दवाई उदाहरण के तौर पर डोसेटेक्सल जो बाजार में 9,828 रुपये में मिलती है वह जनौषधि केंद्र पर मात्र 18,00 रुपये में मिल जाती है यानी की 82% सस्ती। यह भारत के आम नागरिक के लिए एक बहुत बड़ी बात है।

यह एक ऐसी योजना है जिसने देश के आम जनमानस के जीवन को सीधा प्रभावित किया है, लाखों जीवन को बचाया है, मैं यह कह सकता हूँ की यह योजना समुद्र मंथन से निकले उस अमृत के सम्मान है जिसने देश के लाखों लोगों के जीवन को सँवारा।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी एक बात मेरे और मेरे अधिकारियों के लिए एक स्पष्ट दिशा-निर्देश बन गई की देश का कोई भी गरीब व्यक्ति, उसकी जान, दवाई की कीमत और किल्लत की वजह से नहीं जानी चाहिए। यह सुनिश्चित करते हुए हमने महिला स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखा है। प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना ने महिलाओं के सशक्तिकरण और उनके उत्तम स्वास्थ्य को सुनिश्चित करने में अहम भूमिका निभाई है। मुझे यह बताते हुए गर्व है की जन औषधि केंद्रों पर सुविधा सैनेट्री पेड मात्र 1 रुपये में उपलब्ध करवाया जाता है। इसने साभी महिलाओं की बड़ी परेशानी को हल किया है। जन औषधि केंद्रों के माध्यम से अब तक लगभग 34 करोड़ से अधिक सुविधा सैनेट्री पेड विक्रय किए जा चुके हैं। महिलाओं के सम्मान और सुरक्षा के प्रति प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी सरकार हमेशा प्रतिबद्ध रही है, यह उसी का एक उदाहरण है।

प्रधानमंत्री जन औषधि परियोजना मात्र एक योजना नहीं यह गरीब व मध्यम वर्ग का एक ऐसा मित्र बनकर उभरा है जो बुरे वक़्त में हमेशा काम आता है। इसकी सफलता को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व मे सरकार भविष्य में भी इसके विस्तार को लेकर प्रतिबद्ध है। भारत के 140 करोड़ नागरिकों को इस योजना का लाभ मिले इसके लिए भविष्य में हमनें इनकी संख्या 15,000 तक पहुँचाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। ग्रामीण में क्षेत्रों 1 लाख जनसंख्या पर 1 केंद्र व शहरी क्षेत्रों में 1 लाख जनसंख्या पर 2 केंद्र स्थापित किए जाएँगे। अगले 5 वर्षों में केंद्रों पर मिलने वाले उत्पादों की संख्या को बढ़ाकर 2500 तक किया जाएगा। सप्लाई चैन को और अधिक मजबूत करने और माँग की पूर्ति करने के लिए अगले 10 वर्षों में वेयरहाउस की संख्या 10 तक ले जाने का भी लक्ष्य रखा गया है।

यह सभी प्रयास अंत्योदय की भावना और इस योजना का देश के प्रत्येक नागरिक को शत-प्रतिशत लाभ मिले उसको देखकर किए जा रहे हैं। हमारी सरकार की सोच राजनैतिक दृष्टि से नहीं चलती, बल्कि समाज को उसका क्या लाभ होगा उसको लेकर चलती है। इस अमृत काल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने भारत के अगले 25 साल का विजन रखा है, जिसमें हम सभी को आने वाली पीढ़ी के लिए एक स्वस्थ और सशक्त भारत का निर्माण करना है।

पौधे को एक दिन का पानी, 365 दिन की है ज़िन्दगानी.......

सदा त्याग की मूर्ति, बलिदान की देवी न जाने क्या-क्या झूठ के आडंबर में लपेट कर महिलाओं को ये समाज हमेशा से भ्रम से लबरेज थाल परोसता रहा है। ये सब कुछ वैसे ही है जैसे किसी रोते हुए छोटे बच्चे को प्यार की थपकी के लॉली पौप पकड़ा दिया जाए या यूं कहे ---मन को बहलाने के लिए ये ख्याल ही बहुत है गालिब। एक दिन पौधे में पानी दें और बाकी दिन उस बेचारे पौधे को उसकी तकदीर पर छोड़ दें तो क्या वो पौधा खिलेगा? कुछ महिलाओं की बात छोड़ दें तो देश-दुनिया की तमाम महिलाओं के हालात ऐसे नहीं हैं कि हम ये शान से कह सकें कि हम आधुनिक और विकसित समाज का हिस्सा हैं।

शेफाली सुरभि
लेखिका स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं

नहीं चाहिए एक दिन की जिंदगी

महिलाओं के लिए एक दिन मुकर्रर करना बेईमानी है, क्या एक दिन महिलाओं के नाम करने से हम उन्हें उनका अधिकार दे सकते हैं, लंबी लड़ाई जिस अधिकार, बराबरी,समानता के लिए विश्व की महिलाओं लड़ी क्या वो सभी आज तक सच्चे अर्थों में मिल पाए? सवाल बहुत तीखे हैं समाज के समक्ष परन्तु जवाब कुछ खास नहीं है। सदा त्याग की मूर्ति, बलिदान की देवी न जाने क्या-क्या झूठ के आडंबर में लपेट कर महिलाओं को ये समाज हमेशा से भ्रम से लबरेज थाल परोसता रहा है। ये सब कुछ वैसे ही है जैसे किसी रोते हुए छोटे बच्चे को प्यार की थपकी के लॉली पौप पकड़ा दिया जाए या यूं कहे ---मन को बहलाने के लिए ये ख्याल ही बहुत है गालिब। एक दिन पौधे में पानी दें और बाकी दिन उस बेचारे पौधे को उसकी तकदीर पर छोड़ दें तो क्या वो पौधा खिलेगा? कुछ महिलाओं की बात छोड़ दें तो देश-दुनिया की तमाम महिलाओं के हालात ऐसे नहीं हैं कि हम ये शान से कह सकें कि हम आधुनिक और विकसित समाज का हिस्सा हैं। क्यूंकि जिस समाज की आधी आबादी को उसके अधिकार से वंचित रखा जाता है वो कभी भी सवस्थ और सुखी शुभता नहीं रहती. बहुत सी तस्वीरें ऐसी हैं जहां महिलाओं के साथ आज भी पशुवत व्यवहार हो रहा है और वो तस्वीरें हमारे सामने आएंगी तो,जो हम आधुनिक होने का दंभ भरते नहीं थकते वो पल में ही चकनाचूर हो जाएगीं। महिलाओं के लिए कुछ करना है तो पहले अपने घर ऑफिस और आस-पड़ोस के साथ-साथ समाज के उन तमाम जगहों पर जहां महिलाएं पुरषों से कंधे से कंधा मिलाकर काम कर रहीं हैं उन्हें सही रूप में सम्मान देना होगा तभी महिलाओं की साझेदारी सही रूप में आकार लेगी। आनेवाले आठ 8 मार्च को एक बार फिर हमें मुंह चिढ़ाया, जी हां आप सोचेंगे ये क्या बात हुई, तो ठहरिए, सुनिए आधी आबादी का आधा सच झूठे चमकते सच को हर वर्ष अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के तौर पर महिलाऐं और भी बड़े धूमधाम के साथ मनाते हैं. हमारे देश के साथ-साथ पूरे विश्व में महिलाओं और पुरुषों की बराबरी की का उत्सव पार्टियों, सम्मान समारोह, शुभकामनाओं की बौछार के माध्यम से जश्न मनाया जाता है. किसी ने कभी सोचा कि ये सभी देश जो महान बनने का दावा करते हैं उनके नियम कानून उनके नियम कानून और फैसले महिलाओं के लिए कितने हितकारी हैं, तो ये रहे उनके कुछ महान फैसले. कुछ समय पहले ही कि बात है अमेरिका ने पूरे देश में अबॉर्शन पर प्रतिबंध लगा दिया है. ऐसे ही जापान जो प्रति व्यक्ति आय में दुनियां के टॉप 20 देशों में से एक है, वहीं महिलाओं की आर्थिक स्थिति की बात की जाए तो 116 नंबर पर आता है.

ये तो सच है कि देश , राज्य की सत्ता पर अधिकांशतः पुरुषों का ही राज है. मर्दवाद की नींव औरतों के शरीर, आत्मा, दिमाग सभी पर नियंत्रित करने पर ही मजबूत हो सकती है, ऐसा महान आधुनिक पुरुष प्रधान समाज का दृष्टिकोण होता है. पुरुषों का राज या अस्तित्व टिका ही इस बात पर है कि महिलाएं क्या करेंगी, कहां जाएंगी, किसके साथ रहेंगी यानी पुरुष ही तय करेगा कि महिला क्या करेगी क्या नहीं, कितने बच्चे पैदा करेगी, उनके लिए क्या सही है क्या गलत. नैतिक-अनैतिक सारे नियम कानून मापदंड तय करेंगे और महिलाएं उनका चुप शांत होकर पालन करेंगी.

महानता एक और देश भी पेश कर रहा है जो एशिया का नंबर एक आर्थिक मजबूती पर बढ़ा है, पर महिलाओं की बात बराबरी की हो तो उसके फरमान (आदेश) महिलाओं के लिए कुछ ऐसे हैं... विवाह, पारिवारिक संस्था का सम्मान करें और वो इस लिए क्यूंकि चीन में बच्चे के जन्मदर और विवाह में विश्वास बहुत ही निचले स्तर पर पहुंच गया है.

नारी के लिए खुली हवा में सांस लेना स्वयं की ईच्छा से अपनी ज़िंदगी को गढ़ना सशक्त होना बस एक ख़्वाब-सआ ही है, कुछ सशक्त महिलाओं को छोड़कर.आज भी किसी सरकारी या गैर सरकारी संस्था, कंपनी में महिलाएं अपने काबिलियत के दम से काम करती है, फिर भी उन्हें उ. ए. ड या वरिष्ठ संपादक, उच्च अधिकारी तक पहुंचने नहीं दिया जाता. कोई कोशिश भी करे तो कुछ पुरुष उसे गिराने की पूरी कोशिश, साज़िश करता है. कुछ अपवाद छोड़ दें तो अधिकांशतः लिस्ट लंबी है. पितृ सत्तात्मक समाज में पिता की संपत्ति में पुत्री का अधिकार सिर्फ. कानून के कागजों में ही अंकित होकर कानून को ही मुंह चिढ़ाया है. पति पत्न ी के नाम से संपत्ति तो खरीद लेता है पर प्रयोग के नाम पर काफी विवाद होता है. सच ये भी है कि दुनियां भर में महिलाओं के मुकाबले लगभग 40 प्रतिशत सज अधिक आमदनी पुरुषों की होती है. ये भी सोचने पर मजबूर करनेवाली बात है कि जिन्हें महिलाएं प्रेम, अपनापन, अपना कर्तव्य मानकर घर में दिन रात, बीमार होने पर भी लगातार जीवन भर काम करती है उसका उन्हें कैई वेतन नहीं मिलता. इसे ऐसे कहें कि बिना वेतन के मजदूर महिलाओं में इनकी संख्या लगभग 80 फीसदी है. खेती-किसानी में भी जहां महिलाएं रातदिन मेहनत करती है उसमें भी मालिकाना हक पुरुषों का ही होता है. बात दुनियां भर की महिलाओं की करें तो असंगठित क्षेत्र में 70 प्रतिशत कम कम वेतनमान वाली नौकरियां महिलाएं ही करती हैं.

वो सभी जगह जहां पुरुषों का आधिपत्य है, राजनीति, दफ़्तर, घर, संस्था, समाज, ज़िन्दगी, कोई भी कार्य क्षेत्र में हम महिलाओं को वो जगह, बराबरी नहीं दे पाए जो उन्हें मिलनी चाहिए क्यूंकि समाज ये मानने को तैयार ही नहीं कि महिलाओं को बराबरी का अधिकार नहीं मिला है. बात महिलाओं के अपराध मामले की करें तो जितने भी राष्ट्रीय अपराध मामले अंकित (रिकॉर्ड) हैं उनमें से तकरीबन 6.589 लड़कियों की हत्या उनके करीबी ने ही किया जिसमें प्रेमी, पिता, भाई और भी दूसरे शामिल थे।

लाडली बहना: अब आधी आबादी के दिलों में शिवराज

राघवेन्द्र सिंह

पांव-पांव वाले शिवराज सिंह चौहान राजनीति में नई हवा बनाने वाले युवा तुर्क मुख्यमंत्री बने तो कन्यादान योजना लाडली लक्ष्मी के साथ सूबे की सियासत में सबके दिमाग पर छा गए। अब जब उनके तरकश में सियासतदां नए तुणीर तलाश रहे थे तब उन्होंने रिटर्न गिफ्ट के तौर पर एक हजार रु हर महीने ह्यलाडली बहनाह्ल का ऐसा तीर चलाया जो आने वाले चुनाव में जीत का ब्रह्मास्त्र बन सकता है। यह रिटर्न गिफ्ट सरकार रिटर्न करा सकता है। 5 मार्च को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का जन्मदिन भी मनाया गया और ऐसे मौके पर बेटियों के लिए लाडली लक्ष्मी और कन्या दान योजना के हर माह मई 2023 से बहनों के लिए एक हजार रुपए देने के एलान ने कई जगह विरोध झेल रहे भाजपाइयों खास तौर से विधायक और मंत्रियों को उत्साह से भर दिया। एक लीडर के तौर पर सीएम शिवराज सिंह ने अपनी भूमिका एक बार फिर जोरदार तरीके से निभा दी है लेकिन अभी भी पहरेदार और ओहदेदार भाजपा नेता विधायक और मंत्रियों ने अपना रवैया कार्यकर्ता और जनता फ्रेंडली नहीं किया तो चुनाव में रास्ता कांटों भरा ही होगा ऐसी भय मिश्रित आशंका से कोई इनकार नहीं कर सकता। वर्ष 2003 दिसंबर में मध्य प्रदेश के राजनीतिक फलक पर दीदी उमा भारती की सरकार थी कुछ महीने बाद दादा बाबूलाल गौर की सरकार बनी यह भी कुछ महीने चल सकी इसके बाद शिवराज भैया की सरकार बनी। एक तरह से यह मुंबईया मसाला मूवी की तरह मध्य प्रदेश की कंप्लीट पॉलिटिकल पिक्चर वाली सरकार थी। दिन रात की कड़ी मेहनत भावनाओं से ओतप्रोत भाषण राजनीतिक प्रतिद्वंदी और कुछ अब तक सियासी शत्रुओं से सरलता सहजता संवाद करने वाले शिवराज सिंह चौहान सूबे की सत्ता में अपने केंद्रीय नेतृत्व का खुद को हनुमान साबित किया। इसके चलते राज्य की राजनीति में अंगद की भांति साढ़े अठ्ठारह साल जमे रहने का कीर्तिमान भी कायम कर डाला। अभी और कितने रिकॉर्ड बनाएंगे शायद उन्हें भी नहीं पता क्योंकि जब चौथी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली तब कहा जा रहा था वे अपना चौथा कार्यकाल पूरा नहीं कर पाएंगे और बीच में पार्टी कोई नया मुख्यमंत्री बनाएगी लेकिन धीरे-धीरे उनकी मेहनत मशक्कत के साथ केंद्रीय नेतृत्व ने उन पर भरोसा जताया। अब यह साफ हो गया है कि 2023 के विधानसभा चुनाव बेटियों के मामा और बहनों की भैया के नेतृत्व में लड़ा जाएगा। टीम कप्तान के तौर पर शिवराज सिंह चौहान अपना प्रदर्शन बेहतर करते जा रहे हैं लेकिन अच्छे नतीजे बेहतर प्रत्याशियों के चयन,संगठन की रणनीति और पार्टी के प्रति कार्यकताओं की श्रद्धा भक्ति लौटना बड़ी चुनौती होगा। भाजपा के भीतर इस बात की चर्चा बहुत जोरों पर है कि इस दफा कितने मंत्री और विधायकों के टिकट कटेंगे। संख्या काफी ज्यादा बताई जाती है। लेकिन यह आंकड़ा हो सकता है कि एक दो महीने बाद अनुमान के तौर पर बाहर भी निकल कर आए लेकिन अभी तो 230 विधायक प्रत्याशियों में से करीब 80 ऐसे हैं जिनके टिकट कर सकते हैं विकास यात्रा के दौरान और सरकार को संगठन के साथ मिले फीडबैक से कुछ इस तरह के संकेत मिलते हैं। पार्टी कोर ग्रुप की बैठक में खराब रिपोर्ट वाले मंत्री और विधायकों को संकेत समझाएं और चेतावनी देने की रस्में पूरी की जा रही है। इसके बाद उन्हें साफ तौर पर कह दिया जाएगा कि आपके टिकट काटे जा रहे हैं। बेहतर हो चुनाव ना लड़ने की घोषणा आप ही कर दें लेकिन इस तरह की सूचियां बनने तक पार्टी प्रभावित होने वाले नेताओं को मानसिक तौर पर इतना तैयार कर देगी कि वे इस पर सहमत हो जाए। कांग्रेस में भी हुई बहनों की चिंता राज्य की करीब एक करोड़ बहनों के लिए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा अपने जन्मदिन पर लाडली बहना योजना के लांच करने पर कॉन्ग्रेस चिंतित हो गई है। बहना वोट हमें भी देना की तर्ज पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने भी लगे हाथ कह दिया कि वे सरकार में आए तो बहनों के लिए हर महीने डेढ़ हजार रुपए देंगे। इससे एक बात तो साफ हो गई है कि मतदाताओं में आधी आबादी माने जाने वाली महिलाओं पर कांग्रेस की भी नजर बनी हुई है। कमलनाथ वोट पाने की नीतियों पर ध्यान दे रहे हैं तो वरिष्ठ कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह एक बार फिर कार्यकताओं के बीच में सक्रिय है। वे साफ तौर पर कह रहे हैं इस बार सभी ने कांग्रेस को पूरी ताकत से नहीं जिताया तो समझ लेना अगले चुनाव से घर बैठना पड़ेगा और जो लोग राजनीति में उनका कैरियर खत्म..!

यूपी बोर्ड की परीक्षाओं को नकल विहीन संपन्न कराने में सफल रही योगी सरकार

- 30 वर्षों में पहली बार यूपी बोर्ड में नहीं रद की गई कोई परीक्षा
- न ही घटित हुई प्रश्न पत्रों के परीक्षा से पहले ही वायरल होने और सामूहिक नकल कराने की कोई घटना
- 81 छात्रों को परीक्षा में अनुचित साधन के उपयोग में पकड़ा गया, 85 पर दर्ज हुई एफआईआर
- 4.31 लाख से अधिक छात्रों ने छोड़ी परीक्षा, 54.54 लाख से अधिक परीक्षार्थी हुए सम्मिलित

लखनऊ, एजेंसी

उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने यूपी बोर्ड परीक्षाओं को नकल विहीन कराने की जो मुहिम शुरू की थी, उसका सफलतापूर्वक समापन किया है। ये योगी सरकार की मुहिम का ही परिणाम रहा कि पांच मार्च को संपन्न हुई बोर्ड परीक्षाओं में 30 वर्ष में पहली बार किसी परीक्षा को रद्द नहीं करना पड़ा और दोबारा परीक्षा नहीं करानी पड़ी। पूरे प्रदेश में संचालित की गई इन परीक्षाओं की तैयारियों और सुरक्षा को इतना पुख्ता रखा गया था कि परीक्षा से पहले प्रश्न पत्रों के वायरल होने का एक भी वाकया सामने नहीं आया। इतना ही नहीं, परीक्षा में नकल करते हुए पाए जाने वाले छात्रों की संख्या भी काफी कम रही। वहीं, हीलाहवाली के कुछ मामलों में छात्रों, कक्ष निरीक्षकों, प्रधानाचार्यों, प्रबंधकों व अन्य के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज कराई गई। उल्लेखनीय है कि परीक्षाओं को नकल विहीन बनाने के लिए योगी सरकार की ओर काफी तैयारी की गई थी। यूपी एसटीएफ की मदद से संवेदनशील परीक्षा केंद्रों की मॉनीटरिंग कराई गई थी। लखनऊ में दो राज्य स्तरीय कंट्रोल रूम से प्रत्येक परीक्षा केंद्र की निगरानी रखी गई तो वहीं 3 लाख कैमरों ने भी नकलविहीन परीक्षाएं संपन्न कराने में अहम योगदान दिया।

कारगर रहे कड़े प्रबंध उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद के सचिव दिव्यकांत शुक्ल के अनुसार इस बार जो तैयारियां की गई थीं, उनका अच्छा परिणाम सामने आया है। प्रश्नपत्रों की सुरक्षा के दृष्टिगत इस वर्ष पहली बार प्रश्नपत्रों की पैकेजिंग चार लेयर में टेम्पर्ड प्रूफ लिफाफों में सुरक्षा के सभी मानकों को ध्यान में रखते हुए कराई गई। इसके चलते प्रश्नपत्रों के गलत खोलने एवं उनके वायरल किए जाने की कोई घटना घटित नहीं हुई। इसके अलावा सामूहिक नकल कराया जाना, प्रश्नपत्रों के गलत खोलने, प्रश्नपत्रों को वायरल किए जाने की कोई घटना घटित नहीं हुई जिसके चलते विगत तीस वर्षों के इतिहास में इस वर्ष पुनः परीक्षा आयोजित कराने की कोई स्थिति उत्पन्न नहीं हुई। उन्होंने कहा कि सुरक्षा के जो इंतजाम किए गए, निगरानी समेत जो तैयारियां की गईं, उनके परिणाम बेहद कारगर रहे और सफलतापूर्वक नकलविहीन परीक्षाएं संचालित करा सके।

85 लोगों पर कराई गई एफआईआर दिव्यकांत शुक्ल के अनुसार, इस बार की परीक्षाओं में कुल 58 लाख 85 हजार 745 छात्रों ने परीक्षाओं में रजिस्ट्रेशन कराया था। इनमें हाई स्कूल के 3116487 छात्र थे, जबकि इंटरमीडिएट के 2769258 छात्र शामिल थे। हालांकि कुल 5454174 छात्रों (हाईस्कूल के 2907533 और इंटर के 2546640 छात्र) ने ही परीक्षा दी। कुल 431571 छात्र (हाईस्कूल के 208953 और इंटर के 222618 छात्र) परीक्षाओं में अनुपस्थित रहे। यदि अनुचित साधनों का प्रयोग करते हुए पकड़े गए परीक्षार्थियों की बात करें तो कुल 81 छात्र इसमें सम्मिलित रहे। हाईस्कूल में 51 (32 बालक व 19 बालिकाएं), जबकि इंटर में 30 (22 बालक व 8 बालिकाएं) नकल करते हुए पाए गए। यही नहीं, 85 लोगों पर एफआईआर की भी कार्यवाही की गई। 133 छद्म छात्र पाए गए, जिनमें से कई को चेतावनी देकर छोड़ दिया गया। वहीं 3 कक्ष निरीक्षकों, 6 प्रधानाचार्यों या केंद्र व्यवस्थापकों, 4 प्रबंधकों और 14 अन्य के खिलाफ एफआईआर की गई।

किए गए थे पुख्ता इंतजाम इस बार परीक्षाओं को नकलविहीन कराने के लिए पुख्ता प्रबंध किए गए थे। प्रश्नपत्रों के रख-रखाव हेतु स्ट्रांग रूम को प्रधानाचार्य कक्ष से इतर अन्य सुरक्षित कक्ष में रखा गया। इसे खोलने एवं बंद करने का उत्तरदायित्व पहली बार जिलाधिकारी द्वारा नामित परीक्षा केंद्र पर नियुक्त स्टेटिक मजिस्ट्रेट को दिया गया। 2023 में पहली बार उत्तर पुस्तिकाओं पर क्यूआर कोड तथा माध्यमिक शिक्षा परिषद का लोगो लगाया गया। इसके साथ ही सभी जनपदों में पहली बार सिलाईयुक्त उत्तर पुस्तिकाएं तैयार कराई गईं। इस वर्ष पहली बार प्रश्नपत्रों की सुरक्षा हेतु स्ट्रांग रूम की रात्रिकालीन निगरानी हेतु अधिकारियों की 632 भ्रमण टीमों का गठन करके सभी 8753 परीक्षा केंद्रों के स्ट्रांग रूम का कुल 28716 बार निरीक्षण कराया गया।

ये भी किए गए थे प्रबंध सभी परीक्षा केंद्रों के लगभग 1.43 लाख परीक्षा कक्षों और परिसर में लगभग 3 लाख वॉयस रिकॉर्डरयुक्त सीसीटीवी कैमरे, डीवीआर राउटर डिवाइस और हाईस्पीड इंटरनेट कनेक्शन की व्यवस्था की गई। सभी 75 जनपदों में एवं राज्य स्तर पर कंट्रोल एवं मॉनीटरिंग सेंटर के माध्यम से सभी 8753 परीक्षा केंद्रों की वेब कास्टिंग द्वारा लाइव मॉनीटरिंग हुई। सभी संवेदनशील एवं अति संवेदनशील परीक्षा केंद्रों की निगरानी के लिए एसटीएफ एवं एलआईयू को सक्रिय किया गया। हाईस्कूल में पहली बार 20 अंकों की बहुविकल्पीय प्रश्नों की परीक्षा ओएमआर शीट पर कराई गई।

औद्योगिक विकास मंत्री नन्दी ने प्रदेशवासियों को दी होली की शुभकामनाएं

भाईचारे के साथ आगे बढ़ते हुए प्रदेश की उन्नति में भागीदार बनें : नन्दी

लखनऊ, एजेंसी

उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री एवं प्रयागराज शहर दक्षिणी विधानसभा क्षेत्र से विधायक नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने समस्त प्रदेशवासियों को रंगोत्सव के पावन पर्व होली की शुभकामनाएं देते हुए सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की है। मंत्री नन्दी ने कहा कि होली का त्यौहार, सांस्कृतिक एकता को मजबूती प्रदान करने तथा समाज में भाई-चारे एवं समरसता की भावना को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। होली के रंग अनेकता में एकता की हमारी संस्कृति के परिचायक हैं। इसे और मजबूत बनाना हम सभी की जिम्मेदारी और नैतिक कर्तव्य है। रंगों और खुशियों से लबरेज यह पर्व हमें आपसी भाईचारे व प्रेम-सौहार्द को बढ़ाने की सीख देता है। नन्दी ने प्रदेशवासियों से आह्वान किया कि वे समरसता, सद्भाव और भाईचारे के साथ आगे बढ़ते हुए प्रदेश की उन्नति में भागीदार बनें। सामाजिक बुराईयों, विषमताओं, कुरीतियों और नकारात्मकता का दहन कर नई सोच, आचरण और उमंग के साथ होली का स्वागत करें। उन्होंने कहा कि होली के दिन सभी लोग आपसी स्नेह के रंग में सराबोर नजर आते हैं। यह लोगों के बीच खुशियां बांटने और आपसी भाईचारा और सौहार्द को मजबूत बनाने का दिन है। उन्होंने सभी लोगों से सौहार्द्रपूर्ण तरीके से सुरक्षित होली मनाने की अपील की है।

संक्षिप्त खबरें

माफिया मुख्तार अंसारी के करीबियों के घर पर चलाया गया बुल्डोजर

बांदा जिले में माफिया-राजनेता मुख्तार अंसारी के दो मददगारों द्वारा कराये गये अवैध निर्माण को मंगलवार को बुल्डोजर चलाकर ढहा दिया गया है। प्रदेश के अपर पुलिस महानिदेशक (कानून एवं व्यवस्था) प्रशांत कुमार ने मंगलवार को बताया कि माफिया-राजनेता मुख्तार अंसारी की मदद करने वाले बांदा शहर कोतवाली क्षेत्र के अलीगंज निवासी रफीक-उस-समद और बांदा नगर के जिला परिषद चौराहे के निवासी इख्तिखार अहमद के मकानों को नक्शा पास नहीं होने और शर्तों का उल्लंघन करने के चलते बुल्डोजर चलाकर ढहा दिया गया। उन्होंने बताया कि रफीक-उस-समद माफिया मुख्तार अंसारी को जरूरी चीजें उपलब्ध कराता था जबकि अहमद उसके परिजन को ठहरने की सुविधा देता था। दोनों के घर से लाइसेंसी डबल बैरल गन और मान्य सीमा से ज्यादा कारतूस बरामद हुए हैं। इस बारे में लाइसेंस के निरस्तीकरण के लिये भी रिपोर्ट भेजी जा रही है। कुमार ने बताया कि रफीक-उस-समद के घर से सात लाख रुपये नकद भी बरामद हुए हैं। इस संबंध में कार्यवाही के लिये आयकर विभाग से पत्राचार किया जा रहा है।

हरदोई: युवक की हत्या कर गर्रा नदी में फेंका गया था शव, परिजनों का आरोप

पचदेवरा थाने के बीरमपुर गांव की गर्रा नदी से युवक का शव बरामद किया गया था। युवक की शिनाख्त हो गई है। बताया गया है कि वह 7 दिनों से लापता चल रहा था। उसके घर वालों का कहना है कि युवक की हत्या कर शव नदी में फेंका गया। जबकि एएसपी पश्चिमी दुर्गेश कुमार सिंह का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। बताया गया है कि सोमवार को पचदेवरा थाने के बीरमपुर गांव में गर्रा नदी में युवक का शव उतराता हुआ देखा गया। शव का पता होते ही वहां लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। इसका पता होते ही वहां पहुंची पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी। पुलिस की तमाम कोशिशों के बाद शव की शिनाख्त हो सकी। शव किलबिलि गांव निवासी सुमित पुत्र दिनेश बाल्मीकि का बताया गया था। इसका पता होते ही वहां पहुंचे युवक के घर वाले उसकी हत्या कर शव को नदी में फेंकने की बात कह रहें हैं। उनका कहना था कि सुमित करीब 7 दिनों से लापता चल रहा था। इस बारे में एएसपी पश्चिमी दुर्गेश कुमार सिंह ने बताया कि जो भी आरोप लगाए है या लगाए जाएंगे उनकी जांच होगी साथ ही पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

लखनऊ डीएम ने पेश की मिसाल, वृद्धाश्रम जाकर बुजुर्गों के साथ खेली होली

होली के पावन पर्व से ठीक एक दिन पहले मंगलवार को लखनऊ के डीएम सूर्य पाल गंगवार ने सरोजनीनगर स्थित व्योश्रेष्ठ मन्दिरम वृद्धाश्रम पहुंचकर बुजुर्गों के साथ होली मनाई। डीएम को अपने बीच पाकर बुजुर्ग भावुक हो उठे। होली के पर्व पर डीएम सूर्य पाल गंगवार ने वृद्धाश्रम के बुजुर्गों को खुश होने की एक और वजह दे दी है। व्योश्रेष्ठ मन्दिरम वृद्धाश्रम में अपनों से दूर रह रहे बुजुर्गों से डीएम ने बातचीत कर उनका हाल जाना। डीएम ने बुजुर्गों से बातचीत के दौरान कहा कि उम्र के इस पड़ाव में आप सभी को बहुत बड़ा परिवार मिला है। सब लोग मिलकर खुशियां मनाईये। उन्होंने कहा कि आप सभी के स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के लिए जल्द ही एक स्वास्थ्य कैंप लगाया जायेगा।

श्री वेंकटेश्वरा यूनिवर्सिटी में होली मिलन समारोह रंगोत्सव का आयोजन

- हमेशान सुख,समृद्धि,उल्लास एवं खुशियां से सरोबर रहे मनुष्य का जीवनः डॉ0 सुधीर गिरि
- अपने से कमजोर लोगो के जीवन में भी रंग भरने का काम करें:डॉ0 राजीव त्यागी

प्रात : किरण संवाददाता

अमरोहा। श्री वेंकटेश्वरा विश्वविद्यालय होली मिलन समारोह रंगोत्सव का आयोजन किया गया।जिसमें सभी ने फूलो की होली एवं रंग लगाकर व गले मिलकर शानदार तरीके से इस उत्सव को सेलीब्रेट किया।समूह चेयरमैन डॉ0 सुधीर गिरि ने सभी को होली की शुभकामनाएं देते हुए सभी देशवासियों के जीवन में हर्ष, उल्लास, सुख एवं समृद्धि की कामना की।वेंकटेश्वरा विश्वविद्यालय के सी0वी0 रमन ग्रास कोर्ट में आयोजित होली मिलन समारोह रंगोत्सव का शुभारम्भ समूह चेयरमैन डॉ0 सुधीर गिरि, प्रतिकुलाधिपति डॉ0 राजीव त्यागी, सी0ई0ओ0 अजय श्रीवास्तव, कुलपति डॉ0 राकेश यादव, डीन डॉ0 संजीव भट् आदि ने सरस्वती माँ की प्रतिमा के सन्मुख दीप प्रज्जवलित करके किया। इसके बाद प्रबन्धन एवं स्टॉफ ने फूलो की होली खेलकर एवं गले मिलकर एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ0 पीयूष पाण्डेय, मेरठ परिसर निदेशक डॉ0 प्रताप सिंह, अलका सिंह, ब्रजपाल सिंह, सी0एफ0ओ0 विकास भाटिया, मारूफ चौधरी, अरूण गोस्वामी, विक्रांत चौधरी, डॉ0 राजवर्द्धन, डॉ0 सी0पी0 कुशवहा, डॉ0 एस0एन0 साहू, नीतूश्री पाल, डॉ0 अनिल जयसवाल, एस0एस0 बघेल, रिंकी शर्मा, आनन्द नागर, डॉ0 योगेश्वर प्रसाद, अनिल कुमार, लोकेश शर्मा, राजू, अविनाश,अभिषेक चटर्जी, विशाल शर्मा, नीरज गिरि,अभिषेक,अभिषेक हुडडा, अखिल,संजीव, विकास, मनेन्द्र, राजा माइकल, सौरभ, विवेक शर्मा, अश्विन तोमर, स्वाति सिंह,अनु भारद्वाज, मुकेश,भगत, प्रीतपाल एवं मीडिया प्रभारी विश्वास राणा आदि मौजूद रहे।

ग्रेडर मशीन ऑपरेटर की चाकू से गला रेतकर हत्या, सड़क पर मिला शव

प्रात : किरण संवाददाता

अमरोहा। थाना देहात क्षेत्र के कैलसा में होली के दिन हत्या से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, देहात थाना इलाके में गांव यमपुरी बमनिया के रहने वाले ग्रेडर मशीन के ऑपरेटर संजीव उर्फ कालू (25) की गला रेतकर हत्या कर दी गई।उसका शव गांव से आठ किलोमीटर दूर मिलक पापड़ी मार्ग पर पड़ा मिला। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों ने गांव के ही युवकों पर हत्या करने का आरोप लगाया है।गांव में किसान जसवंत सिंह का परिवार रहता है। उनके परिवार में पत्नी के अलावा तीन बेटे और दो बेटियां हैं। पांच भाई-बहनों में सबसे छोटे संजीव उर्फ कालू राजस्थान में ग्रेडर मशीन को ऑपरेट करते थे। वर्तमान में वह दिल्ली से मुंबई को जाने वाले हाईवे पर चल रहे निर्माण कार्य पर ग्रेडर मशीन चलाते हैं।पिछले कुछ दिन से वह अपने घर आए हुए थे। होली बाद उन्हें वापस काम पर लौटना था। परिवार में होली के त्यौहार को खुशी-खुशी मनाने की तैयारी चल रही थीं। लेकिन सोमवार की शाम गांव के ही कुछ युवक संजीव उर्फ कालू को घर से बुलाकर ले गए। जिसके बाद वह वापस नहीं लौटे। लेकिन मंगलवार की सुबह करीब संजीव उर्फ कालू का शव गांव से आठ किलोमीटर दूर मिलक पापड़ी से बहलोलपुर को जाने वाले मार्ग पर पड़ा मिला।गर्दन में चाकू से गोदकर हत्या की गई। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष सत्येंद्र कुमार फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए।सीओ सिटी विजय कुमार राणा ने भी मौका मुआयना किया। एसपी आदित्य लांग्हे के निर्देश पर फील्ड यूनिट की टीम ने भी मौके पर साक्ष्य जुटाए। सीओ सिटी विजय कुमार राणा ने बताया कि परिजनों ने गांव पर ही युवकों पर हत्या का आरोप लगाया है।हत्या क्यों की गई है अभी ये स्पष्ट नहीं है।तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर घटना का पदार्फाश किया जाएगा।

मारपीट मामले में 21 साल बाद 6 आरोपी दोषी करार,तीन साल की जेल व 30 हजार का जुमार्ना

प्रात : किरण संवाददाता

अमरोहा। न्यायालय ने 21 साल पुराने मारपीट के मामले में दो पक्षों के 6 लोगों को तीन-तीन साल की सजा सुनाई है। इतना ही नहीं, दोषियों पर 30 हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया है। हालांकि मुकदमे की सुनवाई के दौरान दो लोगों की मौत हो चुकी है। ये घटना मंडी धनौरा थाना क्षेत्र गनौरा गांव में हुई थी। गांव में कैलाश वाल्मीकि और छुट्टन त्यागी के परिवार रहते हैं।दरअसल, दोनों पक्षों के बीच वर्ष 2002 में झगड़ा हो गया था। बताया जा रहा है कि छुट्टन त्यागी के खेत में कैलाश वाल्मीकि के पालतू सूअर घुस आए थे। उन्होंने मक्का व तरबूज की फसल बर्बाद कर दी थी। इस दौरान दोनों पक्षों में जमकर लाठी-डंडे चले थे। एक दूसरे ने जान से मारने की नीयत से हमला किया था।मंडी धनौरा थाना पुलिस ने कैलाश वाल्मीकि की तहरीर पर छुट्टन, सुभाष, दीपक, अनिल के खिलाफ मारपीट,धमकी और एससी एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया था।जबकि दूसरे पक्ष छुट्टन त्यागी की तहरीर पर पुलिस ने कैलाश, करन सिंह, बबलू और राजपाल के खिलाफ मारपीट गाली-गलौज और जानलेवा हमला करने की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था।पुलिस ने सभी को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया था।फिलहाल सभी जमानत पर बाहर थे।ये मुकदमा अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश विशेष एससी एसटी एक्ट तृप्ता चौधरी की अदालत में विचाराधीन था।मुकदमे की सुनवाई के दौरान कैलाश, छुट्टन की मृत्यु हो चुकी है।अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता मनोज सक्सेना ने पैरवी की।न्यायालय ने साक्ष्य और सबूतों के आधार पर दोनों पक्षों को दोषी पाया। कैलाश पक्ष के करन सिंह, बबलू, राजपाल व दूसरे पक्ष के सुभाष, दीपक, अनिल को मारपीट के मामले में तीन-तीन साल की सजा सुनाई है।साथ ही दोनों पक्षों पर पांच-पांच हजार रुपये का जुमार्ना लगाया है।सभी आरोपी जमानत पर बाहर थे।जिन्हें फैसला आते ही पुलिस ने कस्टडी में लेकर जेल भेज दिया है।

बरेली: होली और शब-ए-बारात को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट, सोशल मीडिया पर साइबर सेल की नजर

लखनऊ, एजेंसी

होली और शब-ए-बारात को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट हो गया है। पुलिस ने सभी तैयारियां पूरी करने के साथ ही शहर के संवेदनशील इलाकों को चिह्नित कर निगरानी कर रही है। सुबह से पुराना शहर समेत कई इलाकों में ड्रोन से सर्च अभियान शुरू कर दिया है। तीन कंपनी पीएसी के साथ ही 1000 हजार पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई। संवेदनशील इलाकों को चिह्नित करने के साथ ही पांच ड्रोन से नजर रखी जा रही है। साइबर सेल सोशल मीडिया पर नजर बनाए है। ताकि कोई आपत्तिजनक पोस्ट कर सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास न करे। शहर में होली का त्योहार शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन ने कमर कस ली है। होली के मद्देनजर शहर में तीन कंपनी पीएसी समेत एक हजार अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती कर दी है। एसएसपी ने सभी थाना प्रभारियों और सीओ को हुड़दंगाइयों पर नजर रखने के साथ ही रात की गश्त बढ़ाने के निर्देश

जारी कर दिए हैं। पुलिस प्रशासन ने शहर में होलिका दहन किए जाने वाले संवेदनशील स्थानों को भी चिह्नित कर नजर रखी जा रही है। एससी सिटी राहुल भाटी ने बताया कि होली, राम बारात और शब ए बारात को देखते हुए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। शहर में सभी मुख्य स्थानों पर पुलिस फोर्स की ड्यूटी लगाई है। जहां जहां होलिका दहन होना है, वहां भी शाम के समय थानों से ड्यूटी रहेगी। जिन स्थानों पर धार्मिक जुलूस यानी होली और शब ए बारात के जुलूस का कार्यक्रम है। वहां पुलिस फोर्स की ड्यूटी लगाई गई। स्टंट रोकने को लेकर मुख्य स्थानों पर बैरियर लगाए गए हैं। डीआईजी ने निर्देश दिए हैं कि शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर कार्रवाई की जा रही है। होटल और रेस्टोरेंट में अभियान चलाया जा रहा है। पिछले 3 दिन में 20 लोगों को गिरफ्तार किया गया है, गरम मसाला के होटल मैनेजर सुधीर को अवैध तरह से शराब पिलाने में अरेस्ट किया गया। मस्जिद, चाहबाई, पनवड़िया आदि जगह फोर्स तैनात है। वहीं संवेदनशील स्थानों पर भी पुलिस बल तैनात रहेगा। उन्होंने बताया कि शहर की लाल शाहबाद, मठकी चौकी, सराय खाम, चौकी नवादा, हामतगंज, कालीबाड़ी संवदेनशील इलाकों में रखे गए हैं। उन्होंने बताया कि इन इलाकों पर ड्रोन से नजर रखी जा रही है। पुराना शहर में ड्रोन कैमरे उड़ाकर संवेदनशील इलाकों में छतों पर ईंट-पत्थरों की तलाश की जा रही है। वर्ष 2019 में सराय खाम इलाके में विवाद हुआ था। जिसके चलते पूरी सतर्कता बरती जा रही है। ताकि कोई भी विवाद न हो। त्योहारों को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए सभी थाना प्रभारियों को दिशा-निर्देश जारी किए जा चुके हैं कि अपने-अपने क्षेत्र में गश्त बढ़ाने के साथ ही आपत्तिजनक तत्वों पर नजर बनाए रखें। यदि कोई सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास करता है उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी। वहीं साइबर सेल भी सोशल मीडिया पर नजर बनाए हुए है।

भाजपा सरकार की कुनीतियों से परेशान हैं किसान : अखिलेश यादव

लखनऊ, एजेंसी

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने मंगलवार को कहा है कि उत्तर प्रदेश में किसान भाजपा सरकार की कुनीतियों के चलते बुरी तरह परेशानियों से घिर गया है। महंगाई और कर्ज से त्रस्त कई किसानों ने आत्महत्या कर ली। मुख्यमंत्री इसके बाद भी अपना छह साल का स्याह रिकार्ड छुपा रहे हैं। किसानों के जान की कोई कीमत नहीं रह गई है। किसानों को झूठे दावों और आश्वासनों के जरिए छला जा रहा है। किसान अन्नदाता होने के अलावा देश की अर्थव्यवस्था को भी गति देता है। लेकिन उसकी उपेक्षा हो रही है और अपमानित किया जा रहा है। किसानों से भाजपा ने वादा किया था कि सन-2022 तक किसानों की आय दोगुनी हो जाएगी। 2023 में भी इस दिशा में किसी सरकारी प्रयास का संकेत नहीं मिला है। हां, किसानों की आय दोगुना करने का झूठा ढिंढोरा जरूर पीटा जाने लगा है। गन्ना किसान का कोई पूछने वाला नहीं है। अभी भी गन्ना किसानों का छह हजार करोड़ रूपए से ज्यादा बकाया है। गन्ना बकाये पर ब्याज का भी प्रावधान है लेकिन यहां तो मूलधन के ही लाले पड़े हैं। भाजपा सरकार ने दस वर्ष बाद के ट्रैक्टरों पर पाबंदी लगाकर अपना किसान विरोधी चरित्र उजागर किया है। खेती किसानी के काम आने वाली हर वस्तु पर भाजपा सरकार ने टेढ़ी निगाहें कर रखी है। भाजपा नहीं चाहती है कि किसान सुखी हो, सम्पन्न हों। किसान को आलू की कीमत नहीं मिली। धान, गेहूं की सरकारी खरीद में धांधली की गई। किसानों की फसल न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर नहीं खरीदी गई। किसानों को न तो समय पर खाद मिली न डीएपी। कीटनाशक दवाइयां भी महंगी है और समय से मिलती नहीं। डीएपी और यूरिया के लिए किसान लाठियां खा रहे हैं। सत्ता संरक्षण में भ्रष्टाचार फल-फूल रहा है। वैसे भी रोजमर्रा की चीजों की महंगाई से घरेलू अर्थव्यवस्था संकट में है। पेट्रोल-डीजल, गैस के दाम बढ़ने से परिवहन महंगा हुआ जिसकी वजह से खाद्य पदार्थ के अलावा अन्य सभी उपयोगी सामान महंगा हो गया है। बिजली की दरें बढ़ गई, रसोई गैस के दाम बढ़ गए। इससे आम जनता का बजट बिगड़ गया है। कर्मचारी हो या आम आदमी सभी सरकारी महंगाई और भ्रष्टाचार से बुरी तरह पीड़ित है। परेशान जनता का यह आक्रोश सन-2024 के लोकसभा चुनाव में अवश्य रंग दिखाएगा।

गम में बदली होली की खुशियां, घर आए युवक की हत्या, गांव से आठ किमी दूर मिला शव

लखनऊ, एजेंसी

गांव में घर आए युवक की हत्या कर दी गई। शव गांव से करीब आठ किलोमीटर दूर मिलक पापड़ी से बहलोलपुर मार्ग पर पड़ा मिला। परिजनों की होली की खुशियां गम में बदल गईं। पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और जांच पड़ताल की। फोरेंसिक टीम को मौके पर बुलाकर साक्ष्य जुटाए गए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों ने गांव के युवकों पर हत्या करने का आरोप लगाया है। अमरोहा देहात थानाक्षेत्र के गांव यमपुरी बमनिया निवासी संजीव उर्फ कालू पुत्र जसवंत सिंह (25) राजस्थान में ग्रेडर मशीन का आपरेटर था। फिलहाल वह दिल्ली-मुंबई हाइवे पर चल रहे निर्माण कार्य पर ग्रेडर मशीन चला रहा था। वह पिछले कुछ दिनों से गांव आया हुआ था और होली के बाद काम पर वापस जाना था। जसवंत सिंह के परिवार में पत्नी के अलावा तीन बेटे और दो बेटियां हैं। होली को लेकर परिवार में तैयारियां चल रही थीं। लेकिन, इस दौरान सोमवार की शाम गांव के युवक संजीव उर्फ कालू को घर से बुलाकर अपने साथ ले गए। इसके बाद वह वापस नहीं लौटा। परिजनों ने रातभर तलाश किया, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। खोजबीन के बीच मंगलवार सुबह संजीव उर्फ कालू का शव गांव से आठ किलोमीटर दूर मिलक पापड़ी से बहलोलपुर को जाने वाले रास्ते पर पड़ा मिला। जानकारी मिलते ही एसओ सत्येंद्र कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस क्षेत्राधिकारी विजय कुमार राणा ने भी मौका मुआयना किया। उन्होंने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की बात कही है।

तिथियों के फेर में काशी में दो दिन होली, युवाओं ने उल्लासपूर्ण माहौल में रंगों के बजाय अबीर गुलाल की खेली होली

रंगों की होली बुधवार को, जिले के कुछ स्थानों पर हुआ मध्यरात्रि में होलिका दहन

● अधिकांश हिस्सों में आज गोधुली बेला में होलिका दहन

लखनऊ, एजेंसी

तिथियों के फेर में होली को लेकर लोगों में बने भ्रम के चलते काशीपुराधिपति की नगरी में रंगों का पर्व होली उल्लासपूर्ण माहौल में दो दिन मनाया जा रहा है। जिले के अधिकतर हिस्सों में होलिका दहन मंगलवार की शाम गोधुली बेला और रंगों की होली बुधवार को होगी। शहर के कुछ हिस्सों में सोमवार देर रात होलिका दहन भी किया गया। मंगलवार को कई जगहों पर लोगों ने होली मनाई। चेतगंज जायसवाल ज्वेलरी हाउस के सामने जुटे हजारों युवाओं ने डीजे की धुन पर नाचते-गाते एक दूसरे पर अबीर गुलाल के साथ रंग भी उड़ाए। युवा होली के परम्परागत गीतों के साथ नये गानों पर मदमस्त होकर थिरकते रहे। हुड़दंग के बीच युवाओं ने एक-

दूसरे पर रंग-अबीर की बौछार की। पर्व की खुमारी बच्चों के सिर चढ़कर बोली। दोपहर 12 बजे चेतगंज पुलिस ने युवाओं को समझा-बुझा कर डीजे हटवाया और युवाओं को घर भेजा। गंगाघाटों पर भी युवाओं की टीम ने ढोलक-मजीरे के साथ होली के गीत गाते हुए गुलाल-अबीर एक दूसरे को लगाकर पर्व मनाया। इसमें विदेशी पर्यटक भी शामिल हुए। लोगों ने ज्योतिष शास्त्र को ध्यान में रख होली खेली लेकिन रंगों से परहेज किया। लोगों ने कहा कि आज छोटी होली मनाई है। कल रंगों के पर्व का आनंद लेंगे। शहर में कुछ व्यापारिक और सामाजिक संगठनों ने अबीर गुलाल के साथ फूलों की भी होली खेली। होली खेलने के बाद लोगों ने परम्परानुसार चौसठ्ठी घाट स्थित चौसठ्ठी देवी मंदिर में दर्शन पूजन किया।

पर्व पर लोगों ने काशी के विद्वानों का जमकर उड़ाया मजाक, बनाया मीम होली पर्व को लेकर असमंजस की स्थिति के बीच आम लोगों के निशाने पर काशी के विद्वान और उनके संगठन रहे। लोगों ने सड़कों से लेकर सोशल मीडिया के जरिय उन पर निशाना साधा और मजाक भी उड़ाया। पूरे दिन लोग मीम और वीडियो शेयर कर पूछते रहे कब है, कब है होली ? लोग सुपरहिट फिल्म शोले का डायलॉग और उसके वीडियो भी शेयर करते रहे। दरअसल काशी के कई विद्वतजनों ने बताया कि फाल्गुन शुक्ल पूर्णिमा छह मार्च की शाम को 4:18 बजे से और सात मार्च की शाम को 5:30 बजे समाप्त हो रही है। ऐसे में प्रदोष काल व्यापिनी पूर्णिमा में होलिका दहन छह मार्च को किया जाएगा। पूर्णिमा के साथ भद्रा होने के कारण भद्रा के पुच्छकाल में होलिका दहन का मुहूर्त रात्रि में 12:30 बजे से 1:30 बजे तक मिलेगा। पूर्णिमा सात मार्च को समाप्त होने के बाद चैत्र कृष्ण प्रतिपदा शाम को शुरू हो रही है, लेकिन होली उदया तिथि में मनाने का शास्त्रीय विधान है। ऐसे में आठ मार्च को होली मनाई जाएगी। वाराणसी में होली के लिए अलग परंपरा है। काशी में जिस रात को होलिका दहन होता है, उसके अगले दिन चाहे प्रतिपदा हो या पूर्णिमा हो, होली मनाई जाती है। यह ऐसी परंपरा है, जो शास्त्र से हटकर है। होलिका दहन के दूसरे दिन काशीवासी चौसठ्ठी देवी योगिनी की यात्रा निकालते हैं। जब होली जलाकर यात्रा के लिए निकलते हैं तो अबीर, गुलाल और रंग खेलते हुए निकलते हैं। चौसठ्ठी देवी केवल काशी में ही विराजती हैं। इसलिए इस परंपरा का पालन भी काशीवासी ही करते हैं। ऐसे में केवल काशी में सात मार्च को होली मनाई जाएगी।

संक्षिप्त खबरें

हैल्प डैस्क के प्रति चलाया अभियान

नगीना। मुख्यमंत्री उ0प्र0 द्वारा नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन के लिये चलाए जा रहे अभियान मिशन शक्ति के अन्तर्गत थाने पर गठित पुलिस टीम द्वार अपने थाना क्षेत्र में बालिकाओं व छात्राओं को मिशन शक्ति अभियान के संबन्ध में जागरूक किया गया तथा हेल्पलाईन नंबर 102, 108, 112, 181, 1076, 1098, 1090 की जानकारी दी गई। इस अवसर पर सडकों पर तथा स्कूल व कॉलेजों के आसपास बेवजह घूम रहें मनचलों पर शिकंजा कसा गया।

जिला बार एसो0 की ओर से होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया

बिजनौर। जजी परिसर में जिला बार एसोसिएशन ने होली का त्यौहार धूमधाम से मनाया। जिला जज ने भी बार हाल में आकर वकीलों के साथ होली खेली। अधिवक्ता बार हाल में होली पर खूब धूमधडाके से सूखे रंग और गुलाल से होली खेली गयी। इस अवसर पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश मदनपाल सिंह, लघुवाद न्यायाधीश शारिब अली, सीजेएम शिवानन्द गुप्ता सहित न्यायिक अधिकारियों के साथ बार हाल में आये और उन्होंने वकीलों पर फूलों की बरसात कर दी। इसके बदल अध्यक्ष एसके बबली एड0 ने भी जज साहब पर फूलों की बारिश की, इसके बाद न्यायिक अधिकारी वकीलों से गले मिले और होली की शुभकामनायें दीं और इस बार होली मिलन ऐतहासिक बना दिया गया। इस अवसर पर बबली, नवदीप सिंह, आलोक गोविल, मनोज सेठी, राजेन्द्र सिंह सेढा, सत्यप्रकाश चैहान, मनप्रताप सिंह, संजय वशिष्ठ, तुषार, वरूण अग्रवाल भोलू आदि मौजूद रहे। इस अवसर पर डीजे लगाकार वकीलो ने डांस भी किया।

विद्युतकर्मी का चालान कटने पर किया पलटवार

पुलिस की भी बिजली काटी

मंडावर। पुलिस को एक विद्युतकर्मी का चालान काटना महंगा पड गया। पुलिस ने विद्युतकर्मी की बाइक का चालान काटा तो विद्युतकर्मी ने अपने घर से औजार लाकर पुलिसवालों की बिजली काट दी। थाना प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस चैकिंग कर रही थी। विद्युतकर्मी ने बताया कि वह बिजलीघर से लौट रहा था। पुलिस वालों ने उसकी एक नहीं सुनी और बाइक का चालान काट दिया। विद्युतकर्मी आगबबूला हो गया। वह अपने घर पहुंचा और वहां से औजार लाकर पुलिसवालों की बिजली काट दी। बताया जाता है कि पुलिसवालों ने अवैध रूप से बिजली ले रखी है। बिजली कटते ही थाने में हडकंप मच गया। आनन फानन में विद्युतकर्मी का चालान कैंसिल करना पडा। उसके बाद पुलिस और बिजली वालों के बीच वार्ता हुई। उसके बाद पुलिसवालों के कनेक्शन जोडे गये। तब पुलिसवालों ने राहत की सांस ली।

महिलाओं व युवतियों को मिशन शक्ति के प्रति किया जागरूक

नूरपुर। मुख्यमंत्री उ0प्र0 द्वारा नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन के लिये चलाए जा रहे अभियान मिशन शक्ति के अन्तर्गत थाने पर गठित पुलिस टीम द्वार अपने थाना क्षेत्र में बालिकाओं व छात्राओं को मिशन शक्ति अभियान के संबन्ध में जागरूक किया गया तथा हेल्पलाईन नंबर 102, 108, 112, 181, 1076, 1098, 1090 की जानकारी दी गई। इस अवसर पर सडकों पर तथा स्कूल व कॉलेजों के आसपास बेवजह घूम रहें मनचलों पर शिकंजा कसा गया।

प्रेस क्लब कार्यालय पर होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया, खेली होली

प्रातः किरण, संवाददाता

अफजलगढ़। होली पर्व के अवसर पर अफजलगढ़ प्रेस क्लब (रजि०) के कार्यालय पर होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें गंगा जमुनी तहजीब कायम रखने और साम्प्रदायिक एकता कायम रखने के लिए एक दूसरे को गुलाल का तिलक व गले मिलकर होली की बधाई दी। मंगलवार को अफजलगढ़ प्रेस क्लब (रजि०) के कार्यालय पर आयोजित होली मिलन समारोह के दौरान जमकर पत्रकारों ने एक-दूसरे को गुलाल का तिलक लगाया ओर एक दूसरे के गले लगकर होली की बधाई दी। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए अध्यक्ष सुनील कुमार धस्माना ने सभी उपस्थित पत्रकारों को होली व शब ए बराअत की बधाई देते हुए कहा कि हमें सभी त्योहार एक दूसरे के साथ मिलकर भाईचारे व सौहार्द के साथ मनाने चाहिए ओर भविष्य में भी हमें ऐसे कार्यक्रम का आयोजन करते रहना चाहिए जिससे आपस में वैमनस्य खत्म होकर भाईचारा बढ़ सके। इस दौरान पत्रकार मस्ती में झुमते नजर आए ओर कुछ ने अपने अंदाज में गीत व गजल सहित सुनाए ओर चुटकुलो से आपस में मनोरंजन किया। वही कार्यक्रम की अध्यक्षता सुनील धस्माना व संचालन महासचिव शुऐब कुरैशी ने किया। इस अवसर पर सुनील कुमार के अलावा शुऐब कुरैशी, सन्नी अग्रवाल, विनय भार्गव, अर्जुन चैहान, रविदत्त शर्मा, नौशाद अहमद, अजमल खान, विपिन यादव, सलमान सैफी, साजिद अंसारी, मतलूब अंसारी तथा बसंत कुमार आदि उपस्थित रहे।

पर्वतीय जन विकास समिति द्वारा गांव गांव जाकर होली का मंचन किया गया

प्रातः किरण, संवाददाता

अफजलगढ़। पर्वतीय जन विकास समिति विजयनगर द्वारा गांव गांव जाकर होलि का मंचन किया गया। पर्वतीय जन विकास मंच विजयनगर के कलाकारों द्वारा पर्वतीय मूल के प्रत्येक गांव में घर घर जाकर होली के गीत गाए गए हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पर्वती जन विकास मंच द्वारा अपनी संस्कृति को बचाए रखने के चलते होली कार्यक्रम मनाया जाता है। इसी के अंतर्गत पिछले एक हफ्ते से पर्वतीय जन विकास मंच विजयनगर के होली कलाकारों द्वारा प्रत्येक गांव में जाकर होली के गीत गाए गए जहां पर पर्वतीय मूल के लोगों द्वारा उनका जोरदार स्वागत किया गया उनके द्वारा गाए गए होली गीतों को सभी लोगों ने प्रशंसा की इस मौके पर पर्वतीय जन विकास मंच के अध्यक्ष बालम सिंह रावत, पूरन सिंह अस्वाल, जयदीप सिंह रावत, मदन मोहन जोशी, हरेंद्र सिंह गुसाईं, सोनू,मोनू, पंचम सिंह, रिधिमा बिष्ट, वंश रावत ,कृष्णा रावत, धनु रावत, प्रिंस रावत ,नितिन गॉड,सुमित रावत,दीपांशु रावत तनिष्क नेगी,सिद्धू नेगी,अयोध्या प्रसाद आदि कलाकारों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

उप्र : कन्नौज में घर से बरामद किये गये दम्पति के शव

लखनऊ, एजेंसी

कन्नौज जिले के गुरसहायगंज क्षेत्र में मंगलवार को एक दम्पति के शव घर के अंदर पाये गये। पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह ने यहां बताया कि गुरसहायगंज थाना क्षेत्र के पाठकनपुर गांव में संजू जाटव (35) और उसकी पत्नी गीता देवी (30) के शव उनके घर से बरामद किये गये। आज सुबह जब जाटव के घर का दरवाजा नहीं खुला तो पड़ोसियों ने आवाज दी। कोई जवाब नहीं मिलने पर जब अंदर जाकर देखा गया तो गीता का खून से लथपथ शव जमीन पर पड़ा था और संजू जाटव का शव फांसी से लटकता पाया गया। दोनों शव पोस्टमार्टम के लिये भेजे गये हैं। उन्होंने बताया कि संजू जाटव और उसकी पत्नी गीता देवी के बीच किसी बात को लेकर रात में झगड़ा हुआ था। आशंका है कि गुस्से में आकर संजू ने अपनी पत्नी की किसी धारदार हथियार से हत्या कर दी और फिर खुद फांसी लगा ली। दूसरी ओर, ग्रामीणों का कहना है कि आपसी रंजिश के चलते किसी ने दम्पति की हत्या कर दी और आत्महत्या का रूप देने के लिए संजू के शव को फांसी पर लटका दिया। बहरहाल, पुलिस मामले की जांच-पड़ताल कर रही है।

बांदा: बुलडोजर से ठेकेदारों के गिराए गए भवनों से मिले सात लाख कैश और कारतूस

लखनऊ, एजेंसी

जिला और पुलिस की सयुंक्त कार्रवाई में अलग-अलग मोहल्ले में रहने वाले दो ठेकदारों के अवैध निर्माण पर मंगलवार को बुलडोजर चला। यह दोनों ठेकेदार मुख्तार अंसारी गैंग से जुड़े हैं और गैंग के सदस्यों की हर तरह से मदद करते हैं। कार्रवाई के दौरान इनके घरों से दो शस्त्र व भारी मात्रा में कारतूस मिले हैं। एक ठेकेदार के घर पर सात लाख नकद बरामद हुए हैं। बरामदगी को लेकर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है पुलिस अधीक्षक अभिनंदन ने पत्रकारों को बताया कि जिला परिषद चौराहा निवासी इख्तिखार अहमद और अलीगंज निवासी रफीकुस्समद के अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिए गए हैं। आरोप है कि घर नक्शा पास न होने तथा शर्तों का उल्लंघन करने पर यह कार्रवाई की गई है। यह भी बताया गया है कि यह लोग माफिया मुख्तार अंसारी गैंग से जुड़े हैं। मुख्तार के जेल में रहने के दौरान उसे व उसके परिवार को लॉजिस्टिक सपोर्ट, रहने एवं अन्य सहयोग प्रदान करते हैं। इसके अलावा अंसारी गिरोह के सदस्यों को भी हर प्रकार से मदद की जाती थी। कार्रवाई के दौरान पुलिस को रफीकुस्समद व इख्तिखार अहमद के घर से लाइसेंसी डबल बैरल गन व लाइसेंस की शर्तों का उल्लंघन करते हुए सीमा से अधिक कारतूस बरामद हुए हैं। जिसके संबंध में लाइसेंस के निरस्तीकरण को रिपोर्ट भेजी जा रही है। रफीकुस्समद के घर से सात लाख रुपये कैश बरामद हुआ है, जिसके संबंध में आयकर विभाग से पत्राचार किया जा रहा है। एसपी ने बताया कि रफीकुस्समद के विरुद्ध रंगदारी मांगने के मामले में मुकदमा दर्ज है। उसकी बुआ का लड़का इफ्तिखार है। दोनों जेल में ठेकेदारी करते हैं, जिससे जेल के कर्मचारियों से भी उसकी मिलीभगत है। जिनकी मदद से वह मुख्तार अंसारी को खाने पीने की वस्तुएं मुहैया कराता था।

भू माफिया को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जायेगा : योगी

लखनऊ, एजेंसी

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि उन्हे यह हर हाल में सुनिश्चित करना होगा कि किसी भी व्यक्ति की जमीन पर कोई भू माफिया अवैध कब्जा न कर पाए। इसके लिए जरूरी है कि भू माफिया को करारा कानूनी सबक सिखाया जाए। ोरखपुर दौरे पर आए श्री योगी ने मंगलवार को जनता दर्शन में लोगों की समस्याएं सुनते हुए प्रशासन एवं पुलिस के अधिकारियों को निर्देशित किया कि जमीन कब्जाने से संबंधित शिकायतों पर त्वरित व प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने में किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होने जनता दर्शन में आए लोगों को आश्वस्त किया सबकी समस्या का समाधान कराया जाएगा। किसी को भी चिंता करने या परेशान होने की आवश्यकता नहीं है। ोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति सभागार के बाहर आयोजित जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने 500 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और त्वरित व संतुष्टिपरक कार्यवाही का भरोसा दिया। जनता दर्शन में कुछ महिलाएं जमीनी विवाद व कब्जा किए जाने की शिकायत लेकर पहुंची थीं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि ऐसी कार्रवाई करें कि कोई भी दबंग जमीन कब्जा करने की जुर्रत न कर आए। जमीन के आपसी विवाद के मामलों में उन्होनें पक्षों के बीच कॉउंसलिंग करने और तदुपरांत यथोचित विधिक कार्यवाही का निर्देश दिया। पराध व जमीनी विवाद संबंधी शिकायतों को लेकर आए लोगों को उन्होने आश्वस्त किया ह्लघबराइए मत, सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान मुख्यमंत्री साथ चल रहे अधिकारियों को प्रार्थना पत्र की पत्रियां उनके अधिकार क्षेत्र के साथ सौंपते रहे और कार्रवाई के लिए जरूरी दिशा निर्देश देते रहे। अन्य जिलों से संबंधित शिकायतों को उन जिलों के अफसरों को भेजने के निर्देश दिए। ाी योगी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जमीन की पैमाइश और राजस्व संबंधी मामलों का तहसीलों में निस्तारण तेज किया जाए। जहां जरूरत पड़े पुलिस बल भी साथ लिया जाए। उन्होंने थानों और तहसीलों में समस्याओं के गुणवत्तापूर्ण समाधान के प्रति अधिकारियों को निर्देशित किया। जनता दर्शन में कुछ लोग गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर पहुंचे थे। मुख्यमंत्री ने उन्हें भरपूर मदद का भरोसा दिया। अधिकारियों को निर्देशित किया कि इलाज संबंधी इस्टीमेट की प्रक्रिया को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराकर शासन को भेजें। सरकार इलाज में धन की कमी आड़े नहीं आने देगी। नता दर्शन में लोगों की समस्याएं सुनते वक्त मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की नजर एक महिला के साथ आए बच्चे पर पड़ गई। उन्होंने बच्चे को दुलारा तो वह खूब खुश हो गया। फिर क्या था, सीएम व बालक भाव विह्वल होकर एक दूसरे के साथ खेलने लगे। कुछ देर दुलारने के बाद मुख्यमंत्री ने उसे चॉकलेट गिफ्ट कर आशीर्वाद दिया।

पुलिस ने त्यौहार के मद्देनजर निकाला फ्लैगमार्च

प्रातः किरण, संवाददाता

बढापुर। थाना बढ़ापुर में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण राम अर्ज द्वारा आगामी त्यौहार शबे-ए-बारात व होली पर सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत थाना बढ़ापुर क्षेत्रान्तर्गत भारी पुलिस बल के साथ फ्लैग मार्च किया गया। फ्लैग मार्च कर आमजन को सुरक्षा का एहसास दिलाया गया। फ्लैग मार्च थाना बढ़ापुर के प्रमुख चैराहों से निकला। फ्लैग मार्च में क्षेत्राधिकारी नगीना, मोटरसाईकिल स्कवायड, क्यूआरटी व सर्किल के सभी थाना प्रभारी शामिल रहे।

महिलाओं को पुलिस ने किया जागरूक

प्रातः किरण, संवाददाता

अफजलगढ। मुख्यमंत्री उ0प्र0 द्वारा नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन के लिये चलाए जा रहे अभियान मिशन शक्ति के अन्तर्गत थाने पर गठित पुलिस टीम द्वार अपने थाना क्षेत्र में बालिकाओं व छात्राओं को मिशन शक्ति अभियान के संबन्ध में जागरूक किया गया तथा हेल्पलाईन नंबर 102, 108, 112, 181, 1076, 1098, 1090 की जानकारी दी गई। इस अवसर पर सडकों पर तथा स्कूल व कॉलेजों के आसपास बेवजह घूम रहें मनचलों पर शिकंजा कसा गया।

योगी ने पंडित गोविंद बल्लभ पंत की पुण्यतिथि पर अर्पित किये श्रद्धासुमन

प्रातः किरण, संवाददाता

भारत रत्न से सम्मानित प्रसिद्ध स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं उत्तर प्रदेश के पहले मुख्यमंत्री पंडित गोविंद बल्लभ पंत की पुण्यतिथि पर मंगलवार को सीएम योगी आदित्यनाथ ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। गोरखनाथ मंदिर स्थित कार्यालय परिसर में एक सादे कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पंडित पंत के चित्र पर पुष्पांजलि कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर सांसद रविकिशन शुक्ल, भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष एवं एमएलसी डॉ धर्मेंद्र सिंह, विधायक विपिन सिंह, प्रदीप शुक्ल, भाजपा के महानगर अध्यक्ष राजेश गुप्ता, महानगर मंत्री अजय श्रीवास्तव आदि भी मौजूद रहे।

वाराणसी कैंट स्टेशन पर एक करोड़ नगदी के साथ दो युवक पकड़ाये

आयकर विभाग की टीम कर रही पूछताछ

लखनऊ, एजेंसी

रंगों के पर्व होली के मद्देनजर कैंट स्टेशन पर सघन चेकिंग अभियान के दौरान जीआरपी ने एक करोड़ रुपये नगदी के साथ झारखंड निवासी दो युवकों को हिरासत में लिया है। मंगलवार को हिरासत में लिए गये युवकों से आयकर विभाग के अफसरों ने भी देर तक गहन पूछताछ किया। पूछताछ में दोनों युवक रुपयों से जुड़े कागजात या साक्ष्य नहीं दिखा पाये। जीआरपी के सीओ के अनुसार सोमवार की देर रात कैंट रेलवे स्टेशन पर होली के मद्देनजर जांच अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान देहरादून एक्सप्रेस से जाने के लिए दो व्यक्ति स्टेशन पर पहुंचे। संदेह होने पर जीआरपी ने जब उनसे पूछताछ की तो उन्होंने अफसरों को बरगलाने की कोशिश की। उनमें से एक युवक ने पुलिस पर धौंस जमाने की भी कोशिश की। इसके बाद जीआरपी टीम दोनों को थाने ले आई। जब दोनों युवकों की तलाशी ली गई तो उनके बैग से ढाई-ढाई लाख के 40 बंडल में 50-50 लाख रुपये मिले। पूछताछ में युवकों ने बताया कि दोनों झारखंड के खाटू श्याम ट्रेडर्स के रुपये लेने बनारस आए थे। बनारस में मलदहिया पर एक व्यक्ति ने उन्हें यह रुपये दिए। इसे लेकर वे धनबाद रवाना होने वाले थे। इसके पहले ही जीआरपी के हत्थे चढ़ गए। पूछताछ में दोनों ने अपना नाम धनबाद निवासी सुबोध कुमार चौधरी और अभिषेक कुमार सिन्हा बताया। जीआरपी अफसरों के पूछताछ में दोनों रुपये से जुड़े कागजात मांगने पर कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सके। इसके बाद जीआरपी प्रभारी ने इसकी सूचना आयकर विभाग को दी।

कंडीशंस अप्लाई में पल्लवी की भूमिका निभा रहीं आयशा जुल्का ने अपने शो के बारे में की खुलकर बात

प्राइम वीडियो ने हाल ही में अपनी आने वाली फैमिली कॉमेडी सीरीज हैप्पी फैमिली-कंडीशंस अप्लाई का ट्रेलर रिलीज किया है। इस ट्रेलर को फैन्स ने अपना भरपूर प्यार दिया और जिसके चलते सिर्फ 3 दिनों में इसे 16+ मिलियन व्यूज मिल चुके है। ये सीरीज 4 पीढ़ियों के एक संयुक्त परिवार के इर्द-गिर्द घूमती है, जो अपने अलग-अलग व्यक्तित्वों से बंटे हुए हैं, लेकिन एक-दूसरे के साथ अपने रिश्तें की वजह से एक साथ हैं, और कैसे उनके मतभेद अक्सर मजेदार स्थितियों का जन्म देती है। आयशा झुल्का, जो इस सीरीज में पल्लवी की भूमिका निभा रही हैं, उन्होंने शो में कॉमेडी करने और सास और बहू दोनों की भूमिका निभाने के बारे में खुलकर बात की है। उन्होंने कहा, बैक टू बैक गंभीर शो के बाद, कॉमेडी करना बहुत अच्छा लगा। मैंने अभी-अभी महसूस किया कि हैप्पी फैमिली-कंडीशंस अप्लाई मेरे जीवन में एक वेलकम करने वाला चेन्ज था। असल जीवन में मैं काफी मजेदार कैरेक्टर हूं और मुझे अपना जीवन सभी पहलुओं में हल्का पसंद है। इसलिए, मैंने सोचा कि यह एक बहुत ही दिलचस्प किरदार है और मुझे यह करना चाहिए। उन्होंने आगे कहा, पल्लवी समझदार और शांत हैं और परिवार का स्तंभ हैं। वह हर किसी पर नजर रखती है, रूल करती है और खुद के लिए अलग-अलग शेड्स रखती है जो बहुत दिलचस्प है। ये अलग-अलग शेड्स दर्शकों के लिए सरप्राइज एलिमेंट की तरह काम कर सकते हैं। कहीं न कहीं मुझे लगता है कि आयशा में थोड़ी बहुत पल्लवी है। आयशा ने हैप्पी फैमिली-कंडीशंस अप्लाई के बारे में भी बात की, जो कि प्राइम वीडियो के साथ उनका दूसरा शो है और उन्होंने स्ट्रीमिंग सर्विस के साथ अपने संबंधों को बयां किया। उन्होंने कहा, मुझे प्राइम वीडियो के साथ काम करने में मजा आता है क्योंकि वे मुझे घर जैसा महसूस कराते हैं। पूरी बातचीत में कुछ बहुत वॉर्म है और बहुत ज्यादा जुड़ाव है। कोई भी सीरीज या फिल्म बनाना अच्छे कंटेंट के बारे में है। चुनने के लिए विविध सामग्री होने के साथ, प्राइम वीडियो एक खुशहाल परिवार की तरह महसूस करता है। हैट्स ऑफ प्रोडक्शंस के बैनर तले आतिश कपाड़िया और जेडी मजेठिया द्वारा निर्मित और निर्देशित इस फैमिली कॉमेडी में रत्ना पाठक शाह, राज बब्बर, अतुल कुलकर्णी, आयशा झुल्का, सनाह कपूर, मीनल साहू, रौनक कामदार और अहान साबू हैं। 10-एपिसोड की इस सीरीज़ का प्रीमियर 10 मार्च को चार एपिसोड के साथ प्राइम वीडियो पर होगा, इसके बाद 31 मार्च तक हर शुक्रवार को दो नए एपिसोड रिलीज़ होंगे।

बादशाह ने अपने फिजिकल ट्रांसफॉर्मेशन से फैंस को किया हैरान

लोकप्रिय रैपर बादशाह को अक्सर अपने वजन घटाने के परिवर्तन के बारे में बात करते देखा गया है और हाल ही में गायक ने अपनी नवीनतम तस्वीर के साथ अपने प्रशंसकों को चौंका दिया, जिसमें वह जिम के अंदर पोज देते नजर आए। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर जो तस्वीर साझा की, उसमें उन्हें सुगठित फिजिके और अपने बाइसेप्स को दिखाते हुए देखा जा सकता है। बादशाह, जो कर गई चुल, डीजे वाले बाबू, सैटरडे सैटरडे जैसे अपने हिट ट्रैक के लिए जाने जाते हैं, ने कैप्शन में लिखा है - आपको अपने पेन गेम पर काम करना चाहिए। उनकी तस्वीर उनके कई प्रशंसकों के लिए प्रेरणा बन गई और उनके पोस्ट के तुरंत बाद, वह उनके शारीरिक परिवर्तन से हैरान रह गए। अभिनेता अर्जुन बिजलानी ने लिखा वोहो। खाकी द बिहार चैप्टर ने भी उनकी सराहना की और उल्लेख किया - वाह। एक अन्य फैन ने लिखा, 20 रुपे की पेप्सी, बादशाह भाई सेक्सी। वहीं दूसरे सोशल मीडिया यूजर ने लिखा, सॉलिड बॉडी। उनके एक प्रशंसक ने लिखा, बादशाह सर असली बाजीगर हैं।

परिणीति ने चमकीला की शूटिंग पूरी की

बॉलीवुड अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा ने अपनी आगामी फिल्म चमकीला की शूटिंग पूरी कर ली है, जिसमें वह पंजाबी गायक-अभिनेता दिलजीत दोसांझ के साथ स्क्रीन साझा करेंगी। फिल्म का निर्देशन इम्तियाज अली ने किया है, जो जब वी मेट, रॉकस्टार और तमाशा जैसी फिल्मों के लिए जाने जाते हैं। यह फिल्म परिणीति और दिलजीत के बीच सहयोग का प्रतीक है, जो फिल्म में पंजाब के महानतम गायकों को चित्रित करने के लिए तैयार हैं। जहां दिलजीत टिट्युलर चरित्र को चित्रित करने के लिए तैयार हैं, वहीं परिणीति अमरजोत कौर के चरित्र को चित्रित करती नजर आएंगी। फिल्म की ज्यादातर शूटिंग पंजाब में की गई है। परिणीति ने अपने इंस्टाग्राम के स्टोरी सेक्शन में फिल्म के पूरे क्रू के प्रति आभार व्यक्त किया और अपने अनुभव को सोशल मीडिया पर साझा किया। उन्होंने लिखा, इम्तियाज सर, दिलजीत, टीम चमक. मेरी जिंदगी हमेशा के लिए बदली हुई है.. सबसे स्वर्गीय दल और अनुभव। शांति, खुशी, ध्यान, पंजाब..इसे कभी नहीं भूलूंगी। दिलजीत ने अपने सह-अभिनेता परिणीति चोपड़ा की प्रशंसा करने के लिए अपने सोशल मीडिया का भी सहारा लिया। उन्होंने लिखा, एट द रेट परिणीतिचोपड़ा फिल्म च कमाल काम कीता परिणीति जी ने।

ओशो के किरदार में रवि किशन आएंगे नजर

रवि किशन की आने वाली फिल्म ओशो के जीवन पर आधारित होगी. इस फिल्म का दर्शक बेसब्री से इंतेजार कर रहे है. दर्शकों को रवि किशन की फिल्म का इंतेजार है. वहीं इस फिल्म की रिलीज डेट भी सामने आ चुकी है. है. रवि किशन की आने वाली फिल्म ओशो के जीवन पर आधारित होगी. इस फिल्म का दर्शबेसब्री से इंतेजार कर रहे है. दर्शकों को रवि किशन की फिल्म का इंतेजार है. वहीं इस फिल्म की रिलीज डेट भी सामने आ चुकी है. आपको बता दें कि भोजपुरी के सुपरस्टार, आचार्य रजनीश की बायोपिक सीक्रेट्स ऑफ लव को लेकर सुर्खियों में बने हुए है. इस फिल्म की हर कोई चर्चा कर रहा है. सभी रवि किशन की इस फिल्म को देखना चाहते है. वहीं रवि किशन की आनेवाली यह फिल्म बड़े पर्दे पर रिलीज नहीं होगी. बल्कि इसे ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज किया जाएगा. बताया जा सहा है कि सीक्रेट्स ऑफ लव फिल्म एमएक्स प्लेयर पर 6 मार्च, 2023 को रीलिज होगी. इस फिल्म के डायरेक्टर रितेश एस कुमार है. उन्होंने इस फिल्म को लेकर खास जानकारी दी है. डायरेक्टर ने बताया है कि फिल्म में उनके बचपन से लेकर पूरे जीवन को दिखाया जाएगा. दर्शकों को उनके जीवन की पूरी जानकारी दी जाएगी. इस फिल्म में ओशो के साथ अमेरिका में घटी घटना भी दिखाई जाएगी. इसके अलावा ओशो की सबसे पॉपुलर स्पीच संभोग से समाधि को भी फिल्म में दर्शाया जाएगा. वहीं इस फिल्म को बनाने से पहले फिल्म की टीम ने ओशो पर लंबा रिसर्च किया है. गौरतलब है कि फिल्म को लेकर टीम ने बड़ा रिसर्च किया है. फिल्म के रिसर्च में समय भी दिया गया है. वहीं अभिनेता रवि किशन ने भी फिल्म को लेकर काफी मेहनत किया है. रवि किशन इससे पहले भी खाकी, द बिहार चैप्टर वेब सीरीज में नजर आए थे, जिसमें उन्होंने बाहुबली अभ्युदय सिंह का किरदार निभाया था. इसके अलावा उन्होंने रंगबाज और मत्स्य कांड जैसी सीरीज में भी काम किया है.

रिशूल के साथ एक्शन सीक्वेंस पर बोले अजय देवगन

बॉलीवुड स्टार और फिल्म निर्माता अजय देवगन फिल्म भोला में त्रिशूल के साथ लड़ते दिखाई देंगे। अपने फाइट सीक्वेंस के बारे में उनका कहना है कि उन्हें शूटिंग में एक संवेदनशीलता बनाए रखनी थी और इसे एक जिम्मेदारी बताया। हिंदू पौराणिक कथाओं में भगवान शिव द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले हथियार त्रिशूल के साथ अपने फाइट सीक्वेंस के बारे में बात करते हुए अजय ने कहा- मुझे लगता है कि यह बहुत दिलचस्प था। यह थोड़ा मुश्किल था, लेकिन नया था। हमें इसे डिजाइन करना, निष्पादित करना और प्रदर्शन करना था। एक संवेदनशीलता बनाए रखनी थी और एक जिम्मेदारी थी क्योंकि मेरे हाथ में त्रिशूल था। भोला तमिल फिल्म कैथिया की रीमेक है, जो 2019 में रिलीज हुई थी। अजय ने फिल्म का निर्देशन किया है और इसमें अभिनय भी कर रहे हैं। फिल्म में तब्बू भी हैं। भोला 30 मार्च को रिलीज होने के लिए पूरी तरह से तैयार है। फिल्म में दीपक डोबरियाल, संजय मिश्रा और गजराज राव भी हैं।

साउथ बनाम बॉलीवुड पर संजय दत्त ने की खुलकर बात

संजय दत्त के उन चंद अभिनेताओं में से हैं, जिन्होंने हिंदी पट्टी के साथ दक्षिण भारत में भी अपने अभिनय से खास पहचान बना ली है। उन्होंने केजीएफ* चैप्टर 2 के साथ कन्नड़ फिल्म इंडस्ट्री में अपनी शुरुआत की थी। फिल्म में उनके काम को दर्शकों को ने खूब पसंद किया था। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान संजय ने बॉलीवुड बनाम साउथ डिबेट पर खुलकर बात की।

बातचीत में जब इस विषय पर उनसे टिप्पणी करने के लिए कहा तब उन्होंने कहा कि सिनेमा को अलग करना सही नहीं है। अपनी प्रतिक्रिया में एक्टर ने जोर देकर कहा, मैं इसे दक्षिण और बॉलीवुड और उत्तर या पूर्व के रूप में नहीं देखता। इस देश में बनी हर फिल्म एक सिनेमा का हिस्सा है, जो भारतीय सिनेमा है। ऐसा ही होना चाहिए। हम सब इस एक देश का हिस्सा हैं, यह एक टीम है। सिनेमा को अलग-अलग करना ठीक नहीं है। यह पूरी इंडस्ट्री एक बड़ा परिवार है, जो भारतीय सिनेमा के लिए अच्छी बात है। हम भारतीय फिल्म इंडस्ट्री का प्रतिनिधित्व करते हैं और सब कुछ इसका हिस्सा है। मैं दक्षिण, पूर्व, उत्तर और पश्चिम में विश्वास नहीं करता। यह सब एक परिवार है। उसी बातचीत में, संजय ने सिनेमा के विकसित होने के बारे में भी बात की और कहा, एक समय हुआ करता था जब हमारे पास एक पेपर होता था और हम एक फिल्म साइन करते थे। बहुत सारी असुरक्षाएं और वित्तीय जोखिम थे, लेकिन अब ऐसा नहीं है। अब एक प्रॉपर चैनल बन चुका है और हर चीज डॉक्यूमेंटेड है। पहले हमें कैमरा के सामने जाने से पहले स्क्रिप्ट मिला करती थी, लेकिन अब पूरी स्क्रिप्ट तैयार मिलती है और आपके पास रोल को निभाने के लिए प्रैक्टिस सेशन भी होते हैं। उन्होंने आगे कहा, हम जिस तरह से फिल्मों में तकनीक का इस्तेमाल कर रहे हैं, उससे भी मैं बहुत खुश हूं। हमें तकनीक को कभी भी कम नहीं समझना चाहिए क्योंकि यही भविष्य है। मैं पठान और आरआरआर जैसी फिल्मों को बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन करते हुए देखकर बहुत खुश हूं। ये शानदार फिल्में हैं और इस तरह की फिल्में चलनी चाहिए। हर कलाकार के लिए बेहतरीन भूमिकाएं लिखी जा रही हैं और ऐसे हर प्रतिभावान व्यक्ति के लिए कई मौके मौजूद हैं।

किसी का भाई किसी की जान से बॉलीवुड में डेब्यू करेंगी विनाली भटनागर

एक्ट्रेस विनाली सलमान खान स्टारर अपकमिंग फिल्म किसी का भाई किसी की जान के साथ बॉलीवुड में डेब्यू करने जा रहीं हैं। इस फिल्म में वह अहम भूमिका में नजर आने वाली हैं। अपने करियर की नई शुरुआत के बारे में साझा करते हुए एक्ट्रेस ने कहा कि मैं हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में अपनी यात्रा शुरू कर रही हूं और इस फिल्म ने मुझे बड़ा मौका दिया है। मैंने हमेशा खुद को बड़े पर्दे पर देखने का सपना देखा था। यह सब एक सपने के सच होने जैसा लगता है। एक्ट्रेस विनाली भटनागर एक जानी-मानी अदाकार हैं। अभिनेत्री आखरी बार म्यूजिक वीडियो काफिले नूर के में नजर आईं थी। विनाली सलमान खान स्टारर अपकमिंग फिल्म किसी का भाई किसी की जान के साथ बॉलीवुड में डेब्यू करने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। इस फिल्म में वह अहम भूमिका में नजर आने वाली हैं।

किसी का भाई किसी की जान से मिला बड़ा मौका

मध्य प्रदेश की विनाली एक्टिंग की दुनिया में अपनी किस्मत आजमाने के लिए मुंबई आ गईं और काफी संघर्षों के बाद उन्हें इंडस्ट्री में यह मौका मिला है, लेकिन मेरा मानना है कि पहली फिल्म हमेशा खास होती है, और मैं अपनी पहली फिल्म को लेकर बहुत उत्साहित हूं। मुझे उम्मीद है कि दर्शक मुझ पर अपना आशीर्वाद बरसाएंगे।

इस दिन रिलीज होगी फिल्म

बता दें कि फिल्म किसी का भाई किसी की जान सलमान खान द्वारा निर्मित और लेखक-निर्देशक फरहाद सामजी द्वारा निर्देशित है। फिल्म में विनाली के अलावा पूजा हेगड़े और वेंकटेश भी मुख्य किरदार में नजर आएगे हैं। फिल्म साल 2014 में रिलीज हुई तमिल ब्लॉकबस्टर वीरम का रीमेक है। फिल्म 21अप्रैल को ईद के मौके पर रिलीज होगी।

सेंसेक्स
59808.01 पर बंद
निफ्टी
17594.87 पर बंद

सोना
56, 325
चांदी
64,878

अदाणी समूह के मुंद्रा पावर प्लांट पर संपत्ति से ज्यादा हैं देनदारियां

अदाणी समूह के कर्ज को लेकर इस समय काफी चर्चा हो रही है। अब खुलासा हुआ है कि अदाणी पावर का कोयले से चलने वाला मुंद्रा पावर प्लांट भी भारी कर्ज में डूबा हुआ है। इस पर संपत्तियों से ज्यादा देनदारियां हैं और प्लांट 1.8 अरब डॉलर के घाटे में है। ब्लूमबर्ग के मुताबिक, अदाणी पावर ने मुंद्रा पावर प्लांट को एक अरब डॉलर से ज्यादा का क्रिएटिव डेट फाइनेंसिंग किया है। निवेशकों को भरोसा दिया है कि हम मुनाफे में आएंगे। हालांकि, अदाणी पावर या अकाउंटिंग विशेषज्ञों ने ब्लूमबर्ग से इस रिपोर्ट पर कोई बात नहीं की है।

पांच साल पहले 1.5 अरब डॉलर के रिकॉर्ड घाटे के बाद अदाणी पावर के नए ऑडिटर एसआरबीसी एंड कंपनी ने मुंद्रा प्लांट में अनिश्चितता को लेकर चिंता जताई थी। उधर, अदाणी परिवार ने 30 करोड़ डॉलर के शेयरों को अतिरिक्त गारंटी के तौर पर

रखने की प्रतिबद्धता जताई है। ऐसे में मुंद्रा प्लांट में दिक्कत आने पर अदाणी पावर के शेयर प्रभावित होंगे। गौतम अदाणी ने 15 साल पहले ऊर्जा क्षेत्र में कदम रखा था। इसके बाद उन्होंने कई पावर प्लांट को अपने नियंत्रण में ले लिया और जल्द ही देश के बड़े ऊर्जा आपूर्तिकर्ताओं में शामिल हो गए। लागत को कम रखने के लिए इस प्लांट में कोयले की आपूर्ति इंडोनेशिया से होती थी। हालांकि, अदाणी समूह की यह योजना बहुत दिनों तक सफल नहीं रही। प्लांट का घाटा बढ़ने लगा और संपत्ति से अधिक कर्ज हो गया। अदाणी पावर ने मुंद्रा पावर प्लांट को कर्ज देने के लिए खास तरह के अनसिक्योर्ड डिबेंचर का इस्तेमाल किया। एक्सचेंज फाइलिंग के मुताबिक, इसके लिए ब्याज की दर सालाना 10 फीसदी तय की गई और इसे तभी देना है, जब अदाणी पावर मांगे। इसके अलावा, कोई तारीख भी तय नहीं की गई कि मुंद्रा पावर प्लांट को मूल कर्ज कब तक चुकाना है।

8 कंपनियों के शेयर बढ़त में गौतम अदाणी 26वें स्थान पर

अदाणी समूह की 10 कंपनियों में 8 के शेयर सोमवार को बढ़त में बंद हुए। दो कंपनियों अदाणी ग्रीन और अदाणी विल्मर में अपर सर्किट रहा। अदाणी इंटरप्राइजेज के शेयर में सर्वाधिक 5.51 फीसदी बढ़त रही। हालांकि, एसीसी और अंबुजा सीमेंट के शेयर गिरावट में बंद हुए। शेयरों में तेजी से अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी की संपत्ति सोमवार को 1.9 अरब डॉलर बढ़कर 44.9 अरब डॉलर पहुंच गई। इससे वह अमीरों की सूची में 26वें स्थान पर पहुंच गए।

सेंसेक्स 415 अंक उछला 2 लाख करोड़ बढ़ी पूंजी

मजबूत वैश्विक संकेतों से उत्साहित घरेलू शेयर बाजार सोमवार को लगातार दूसरे कारोबारी सत्र में बढ़त में बंद हुए। आईटी, बैंकिंग और वाहन कंपनियों में लिवाली से सेंसेक्स 415.49 अंक उछलकर 60,224.46 पर बंद हुआ। एक समय यह 690 अंक तक चढ़ गया था। निफ्टी 117.10 अंकों की बढ़त के साथ 17,711.45 पर बंद हुआ। बाजार में तेजी से सूचीबद्ध कंपनियों की पूंजी 2 लाख करोड़ बढ़कर 265.42 लाख करोड़ पहुंच गई। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में 24 के शेयर बढ़त में बंद हुए।

एयरटेल ने एक साथ 125 शहरों में 5जी लॉन्च की घोषणा की, अब तक का सबसे बड़ा रोल आउट

इंदौर, भोपाल, उज्जैन, ग्वालियर के साथ अब देवास, जबलपुर, सागर, छतरपुर, महू, पीथमपुर में भी अल्ट्राफास्ट एयरटेल 5जी प्लस सेवाएं उपलब्ध

भोपाल, एजेंसी। भारत की अग्रणी टेलीकम्यूनिकेशन सर्विस प्रोवाइडर, भारती एयरटेल (एयरटेल) ने 125 शहरों में अपनी अल्ट्रा-फास्ट 5जी सेवाओं की शुरुआत की घोषणा की। इसके साथ ही एयरटेल 5जी प्लस सेवा अब देश के 265 से अधिक शहरों में ग्राहकों के लिए उपलब्ध है।

एयरटेल 5जी प्लस के तीन आकर्षक फायदे हैं। सबसे पहले, यह एक ऐसी तकनीक पर चलता है जिसकी दुनिया में सबसे विकसित इकोसिस्टम के साथ व्यापक स्वीकृति है। यह सुनिश्चित करता है कि भारत में सभी 5जी स्मार्टफोन एयरटेल नेटवर्क पर निर्बाध रूप से काम करें। दूसरा, कंपनी शानदार वॉयस एक्सपीरियंस और सुपर-फास्ट कॉल कनेक्ट के साथ आज की तुलना में 20 से 30 गुना अधिक गति का बेहतरीन अनुभव देने का वादा भी करती है। अंत में, एयरटेल 5जी प्लस नेटवर्क अपने विशेष पॉवर रिडक्शन सॉल्यूशन के साथ पर्यावरण के लिए भी अधिक अनुकूल होगा। भरोसेमंद एयरटेल नेटवर्क इंफ्रास्ट्रक्चर द्वारा संचालित, एयरटेल 5जी प्लस हाई-डेफिनिशन वीडियो स्ट्रीमिंग, गेमिंग, मल्टीपल चैटिंग, फोटो को तुरंत अपलोड करने व अन्य सुविधाएं के लिए सुपरफास्ट एक्सेस प्रदान करेगा।

इस लॉन्च के अवसर पर बोलते हुए, भारती एयरटेल के सीटीओ, रणदीप सेखों ने कहा, 5जी ने इंटरनेट की दुनिया में क्रांति लाकर कनेक्टिविटी और संचार के नए युग की शुरुआत की है, जो देश के लिए गेम-चेंजर साबित होगा। एयरटेल में, हम अपने ग्राहकों को उच्चतम गुणवत्ता का नेटवर्क और सेवा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम आज 125 नए शहरों में 5जी की शुरुआत कर रहे हैं। एयरटेल अक्टूबर 2022 में 5जी सेवाओं की पेशकश करने वाली देश की पहली कंपनी थी और आज का मेगा लॉन्च देश के प्रत्येक एयरटेल ग्राहक को अल्ट्रा-फास्ट एयरटेल 5जी प्लस से जोड़ने का हमारा वादा है। हमारा 5जी रोलआउट मार्च 2024 तक सभी कस्बों और प्रमुख ग्रामीण क्षेत्रों को कवर करने के लिए सही राह पर है।

एयरटेल की 5जी प्लस सेवा का विस्तार बेहद तेजी से किया जा रहा है और जल्द ही यह देश के हर कस्बे और गांव में उपलब्ध होगी। उत्तर में जम्मू से लेकर दक्षिण में कन्याकुमारी तक, हर बड़े शहर में पहले से ही एयरटेल की 5जी सेवा उपलब्ध है। बीते एक वर्ष में विभिन्न प्रकार के उन बेहद असरकारक उपयोग के मामलों में एयरटेल ने 5जी की अपनी क्षमता प्रदर्शित की है, जो ग्राहकों के व्यक्तिगत जीवन और बिजनेस करने के तरीके दोनों को बदल देंगे। हैदराबाद में भारत के पहले लाइव 5जी नेटवर्क से लेकर बेंगलुरू में बॉश फैसिलिटी में भारत के पहले निजी 5जी नेटवर्क तक चाकन मैन्युफैक्चरिंग फैसिलिटी बनाने के लिए महिंद्रा एंड महिंद्रा के साथ साझेदारी, भारत की पहली 5जी इनेबल्ड ऑटो मैन्युफैक्चरिंग यूनिट, हर जगह एयरटेल 5जी इनोवेशन के मामले में आगे रहा है।

अडानी के सपोर्ट में दिख रहे ऑस्ट्रेलिया के टॉप लीडर

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत में ऑस्ट्रेलिया के उच्चायुक्त बैरी ओफैरल ने सोमवार को कहा कि अडानी ग्रुप उनके देश में सफल कारोबार का संचालन करता है। उन्होंने कहा कि अडानी ग्रुप सबसे बड़ा भारतीय निवेशक बना हुआ है। ओफैरल ने मीडिया के साथ बातचीत में यह बात कही। उन्होंने कहा कि अडानी समूह पर आई हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट से उपजे हालात पर भारतीय नियामकों को गौर करना है और समूह द्वारा अपना ऑस्ट्रेलियाई कारोबार बंद करने की कोई भी रिपोर्ट नहीं है। ओफैरल ने अडानी समूह के बारे में पूछे गए एक सवाल पर कहा, गौतम अडानी के ऑस्ट्रेलिया में किए गए निवेश पूरी तरह सक्रिय हालत में हैं और ग्रीन एनर्जी एवं कोयला जैसे संसाधन मुहैया करा रहे हैं। मैंने ऐसी कोई भी रिपोर्ट नहीं देखी है कि ऑस्ट्रेलिया में उनका परिचालन ठप हो गया है। वह अब भी ऑस्ट्रेलिया में भारत से निवेश करने वाले महत्वपूर्ण निवेशक हैं। गौतम अडानी की अगुवाई वाला अडानी समूह ऑस्ट्रेलिया में एक बंदरगाह टर्मिनल के अलावा कोयला खदानों और सौर ऊर्जा परियोजनाओं का भी परिचालन करता है। ऑस्ट्रेलियाई उच्चायुक्त ने कहा कि अडानी समूह संभवतः ऑस्ट्रेलिया में भारत का सबसे बड़ा निवेशक है। उन्होंने कहा, ऑस्ट्रेलिया में उनके सफल कारोबार हैं। भारत और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों में जहां आर्थिक सहयोग समझौते हैं, लोग खुद ही अपने हितों को ध्यान में रखते हुए निवेश करने या कंपनियां खरीदने का फैसला करते हैं। इन मामलों में सरकार नहीं शामिल होती है। हालांकि, उन्होंने इस सवाल का जवाब देने के इनकार कर दिया कि बुधवार से भारत दौरे पर आ रहे ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज की अडानी से मुलाकात होगी या नहीं। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया के पूर्व प्रधानमंत्री टॉनी एबॉट अडानी ग्रुप के सपोर्ट में दिखे थे। उन्होंने कहा था, अडानी ग्रुप ने ऑस्ट्रेलिया में जो विश्वास दिखाया है, उसके लिए मैं आभारी हूं।

सनस्टोन ने लॉन्च किया अपना पहला एक्सपीरिएंस सेंटर

भारत में सनस्टोन का पहला सेंटर भोपाल के एमपी नगर ज़ोन-2 में खोला

कस्टार्टअप ने बड़े शहरों में ऐसे कई सेंटर खोलने की योजना बनाई है

भोपाल, एजेंसी। भारत के अग्रणी उच्च शिक्षा सेवा प्रदाताओं में से एक सनस्टोन ने छह नए एक्सपीरिएंस सेंटरों के साथ अपनी भौतिक मौजूदगी का विस्तार किया है। एक व्यक्ति के जीवन में करियर काउन्सलिंग बहुत अधिक मायने रखती है और सनस्टोन भारत के प्रमुख दूसरे एवं तीसरे स्तर के शहरों में उपलब्ध कराई जाने वाली काउन्सलिंग की गुणवत्ता के साथ किसी तरह का समझौता नहीं करता है।

मध्य प्रदेश एक एजुकेशनल हब के रूप में उभर रहा है, जहां उच्च शिक्षा हासिल करने वाले छात्रों की बड़ी संख्या है। सनस्टोन ने राज्य के कॉलेजों में अपनी मौजूदगी स्थापित की है और अब राज्य के हर कोने तक पहुंचने एवं छात्रों को डायरेक्ट एडमिशन्स में मदद करने के लिए काम कर रही है। ऐसे में सनस्टोन के ये एक्सपीरिएंस सेंटर उन्हें व्यक्तिगत मार्गदर्शन एवं ज़रूरी संसाधन उपलब्ध कराकर शिक्षा और रोज़गार के बीच के अंतर को दूर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। तेज़ी से बदलते जॉब मार्केट और बढ़ती प्रतिस्पर्धा के बीच, बहुत से छात्रों के लिए करियर का सही मार्ग चुनना और अच्छी नौकरी हासिल करना मुश्किल हो जाता है। ये सेंटर शैक्षणिक संस्थानों एवं एम्पलॉयर्स के साथ मिलकर काम करते हुए छात्रों को ज़रूरी मार्गदर्शन एवं संसाधन उपलब्ध कराएंगे।

इस लॉन्च के अवसर पर श्री अंकुर जैन, सह-संस्थापक एवं सीबीओ, सनस्टोन ने कहा, ''हमें खुशी है कि हम भोपाल में अपने एक्सपीरिएंस सेंटर का लॉन्च करने जा रहे हैं। इस सेंटर के माध्यम से हम उन छात्रों को सहयोग प्रदान करेंगे जिन्हें अपने करियर के लिए सही मार्गदर्शन की ज़रूरत है। हमारे सर्टिफाईड करियर काउन्सलर्स की टीम के पास करियर डेवलपमेन्ट में अच्छा अनुभव है। वे छात्रों को व्यक्तिगत मार्गदर्शन प्रदान कर उन्हें करियर के लक्ष्यों को हासिल करने में मदद करते हैं। सनस्टोन में हम करियर के चुनाव के दौरान छात्रों के सामने आने वाली समस्याओं को समझते हैं और उनकी हर समस्या को हल करने के लिए उन्हें ज़रूरी संसाधन एवं सहयोग उपलब्ध कराने हेतु प्रतिबद्ध हैं। हमने वित्तीय वर्ष 23-24 में ऐसे कई एक्सपीरिएंस सेंटर खोलने की योजना बनाई है।'

सेंटर में सर्टिफाइड करियर काउन्सलर हैं, जिनके पास करियर डेवलपमेन्ट में व्यापक अनुभव है। वे छात्रों की ज़रूरत एवं रूचि को ध्यान में रखते हुए उन्हें करियर असेसमेन्ट सहित कई प्रकार की सेवाएं उपलब्ध कराएंगे। इस तरह वे छात्रों को करियर असेसमेन्ट, नौकरी ढूंढने, रेज़्युमे लिखने और इंटरव्यू कौशल में मदद कर उनके पेशेवर विकास को सुनिश्चित करेंगे।

महंगाई ने बिगाड़ा बजट, घरेलू बचत 30 साल के निचले स्तर पर, कंपनियां उपभोक्ताओं पर डाल रही बोझ

नई दिल्ली, एजेंसी। उच्च महंगाई से परिवारों का बजट बिगड़ता जा रहा है। लगातार बढ़ती इनपुट लागत की वजह से मार्जिन में आ रही गिरावट को देखते हुए सभी उद्योगों से जुड़ीं कंपनियां कीमतों का बोझ अब उपभोक्ताओं पर डाल रही हैं। इससे खपत में तेज गिरावट आ रही है और निम्न से लेकर मध्य आय वर्ग वाले परिवारों की बचत 30 साल के निचले स्तर पर आ गई है।

मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज ने एक रिपोर्ट में कहा, हमारी गणना बताती है कि चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में कुल घरेलू बचत घटकर जीडीपी का 15.7 फीसदी रह गई। यह इसका 30 साल का निचला स्तर है। पिछले पांच वर्षों में घरेलू बचत जीडीपी का 20 फीसदी रही थी। रिपोर्ट के मुताबिक, 2022-23 की पहली

छमाही में शुद्ध घरेलू वित्तीय बचत भी घटकर जीडीपी का 4 फीसदी रह गई। यह भी 30 साल का निचला स्तर है। 2021-22 में यह बचत जीडीपी का 7.3 फीसदी और 2020-21 में 12 फीसदी रही थी। नुवामा इंस्टीट्यूशनल इक्विटीज की हाल में जारी रिपोर्ट के मुताबिक, कोरोना महामारी के बाद अर्थव्यवस्था में भले ही मजबूत सुधार दिख रहा है। लेकिन, कुल मिलाकर यह अब भी कमजोर है। घरेलू खपत के अलावा पूंजीगत निवेश के मोर्चे भी हालात बेहतर नहीं हैं। पूंजी की लागत बढ़ रही है, जबकि निर्यात में गिरावट जारी है।

सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, देश में खुदरा महंगाई की दर जनवरी, 2023 में बढ़कर 6.5 फीसदी पर पहुंच गई, जो दिसंबर, 2022 में 5.72 फीसदी और पिछले साल नवंबर में 5.88 फीसदी रही थी। इसके अलावा, 2022-23 की पहली छमाही में खुदरा महंगाई की दर औसतन 7.2 फीसदी रही, जबकि पिछले दो साल में यह औसतन 5.8 फीसदी रही थी। आर्थिक आंकड़ों के मुताबिक, ब्याज दरों के मोर्चे पर आरबीआई के नरम रुख के बावजूद महंगाई बढ़ रही है। उच्च कीमतों की वजह से हाल की तिमाहियों में खपत में गिरावट और घरेलू बचत में कमी भारतीय अर्थव्यवस्था में के-आकार में सुधार का प्रमाण है। इंडिया रेटिंग्स के मुताबिक, के-आकार में सुधार की वजह से देश में औद्योगिक विकास सुस्त रहने का अनुमान है।

पानी, हवा और मिट्टी भी जहरीली... 6 प्रतिशत से ज्यादा देसी उद्योग फिक्र को धुएं में उड़ा रहे

नई दिल्ली, एजेंसी। देश में वायु प्रदूषण तेजी से बढ़ रहा है। हवा के साथ अब पानी और मिट्टी भी जहरीली होती जा रही है। सरकार के तमाम प्रयासों के बाद भी बढ़ता प्रदूषण कम नहीं हो रहा है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, भारत के 6 फीसदी से ज्यादा देसी उद्योग करीब 4,40,989 मानकों का पालन नहीं कर रहे हैं। इसी की वजह से हवा, पानी और मिट्टी पर असर पड़ता जा रहा है। पिछले महीने बजट सत्र के दौरान संसद में एक सवाल के जवाब में पर्यावरण मंत्रालय की ओर से साझा किए गए आंकड़ों के मुताबिक, प्रदूषण फैलाने वाले सबसे ज्यादा उद्योग पंजाब में हैं। यहां पर करीब (6,293 उद्योग ऐसे हैं जो प्रदूषण फैलाने में सबसे आगे हैं। इसके बाद गुजरात का नंबर है। यहां पर करीब 4,605, फिर राजस्थान में 3,796, महाराष्ट्र में 3043 और झारखंड में 1760 ऐसे उद्योग हैं जो जमकर प्रदूषण फैला रहे हैं। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड

के मुताबिक, ऐसे उद्योग जो पर्यावरणीय नियमों का पालन नहीं करते हैं और प्रदूषण फैलाते हैं उनपर जुर्माना लगाया जाता है। साल 2018-22 के दौरान करीब 12.3 करोड़ रुपये से ज्यादा का जुर्माना लगाया गया था। पर्यावरण को दूषित करने और प्रदूषण फैलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करके जुर्माना लगाया जाता हे।

जनवरी, 2019 में मद्रास में फर्टिलाइजर्स लिमिटेड पर ईसी यानी एनवायरमेंट कंपनसेशन की उच्चतम राशि (1.93 करोड़ रुपये से अधिक) लगाई गई थी। इसके बाद फरवरी में असम पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड, नामरूप, डिब्रूगढ़, असम पर 1.03 करोड़ रुपये लगाए गए। तमिलनाडु की कंपनी ने ईसी का भुगतान किया था। जबकि असम पेट्रोकेमिकल्स के खिलाफ मुआवजा जमा नहीं करने के लिए नवंबर, 2020 में बंद करने का निर्देश जारी किया गया था। उल्लंघनों के लिए ईसी का भुगतान करने वाली अन्य कंपनियों की सूची में वडोदरा, गुजरात की इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (आईओसी) लिमिटेड (गुजरात रिफाइनरी); तेल और गैस निगम (ओएनजीसी) लिमिटेड, (टाटिपाका मिनी रिफाइनरी), नगरम, पूर्वी गोदावरी जिला, आंध्र प्रदेश; और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड, चेंबूर, मुंबई शामिल हैं।

प्रदूषण फैलाने वाले उद्योगों का प्रतिशत भले ही कम लगता हो लेकिन यह चिंताजनक है। जानकारों के मुताबिक, ऐसे उद्योगों के खिलाफ और सख्ती बढ़ाने की जरूरत है। अगर ऐसा नहीं किया गया तो आने वाले दिनों में यह प्रदूषण और तेजी से बढ़ने वाला है। इसका नुकसान सभी को भुगतना पड़ेगा।

गोल्डमैन सैक्स ने 6 सालों में पहली बार एप्पल के स्टॉक पर दी पॉजिटिव सलाह

नई दिल्ली, एजेंसी। ग्लोबल ब्रोकरेज फर्म गोल्डमैन सैक्स ने छह साल में पहली बार एप्पल के शेयरों को खरीदने की सलाह दी है। कंपनी के शेयर वैल्यू में हुए इजाफे के बाद गोल्डमैन ने एप्पल को लेकर अपना रुख बदला है। एप्पल के शेयरों की वैल्यू चार गुने से अधिक हुई है। एनालिस्ट माइकल एनजी ने इसकी कवरेज शुरू कर दी है। गोल्डमैन के मुताबिक आई फाने बनाने वाली कंपनी का यूजर बेस इतना बड़ा हो चुका है कि इसके सर्विस बिजनेस की ग्रोथ शानदार होगी। एप्पल के शेयर अमेरिकी स्टॉक एक्सचेंज पर 6 मार्च को 1.85 फीसदी के उछाल के साथ 153.83 डॉलर (12591.35 रुपए) के भाव पर बंद हुआ है।छह साल में माइकल गोल्डमैन के तीसरे एनालिस्ट हैं जो एपल को कवर कर रहे हैं। माइकल के मुताबिक प्रीमियर हार्डवेयर डिजाइन में एप्पल की सफलता ने इसके ब्रांड लॉयल्टी को मजबूत किया है जिस कारण से कंपनी का यूजर बेस बढ़ा है। इसके चलते कंपनी को अपने इकोसिस्टम को छोड़कर जाने वाले यूजर्स की संख्या को घटाने और क्लाइंट जोड़ने में खर्च घटाने में मदद मिली है।वहीं कस्टमर्स को फिर से खरीदारी के लिए बढ़ावा मिला है। एप्पल में निवेश के लिए 199 डॉलर का टारगेट प्राइस फिक्स किया है। यह इसके मौजूदा भाव 153.83 अमेरिकी डॉलर से करीब 29 फीसदी अपसाइड है। इस साल 2023 में अब तक यह 23 फीसदी मजबूत हुआ है। इस महीने में यह चार फीसदी से अधिक उछला है।

कंगाल पाकिस्तान में अब भी भारत से सस्ता है गोल्ड और पेट्रोल-डीजल

नई दिल्ली, एजेंसी। पड़ोसी देश पाकिस्तान के आर्थिक हालात दिन-ब-दिन बदतर होते जा रहे हैं। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 3.81 अरब डॉलर रह गया है जो एक महीने के इम्पोर्ट के लिए भी पर्याप्त नहीं है। देश में खानेपीने की चीजों की कीमत आसमान पहुंच गई है। हालत यहां तक पहुंच गए हैं कि आटे और रोटी के लिए लोगों में झगड़ा हो रहा है। पाकिस्तान की सरकार इंटरनेशनल मॉनीटरी फंड से कर्ज मांग रही है। आईएमएफ ने कर्ज देने के लिए कई तरह की शर्तें रखी हैं जिन्हें पाकिस्तान की सरकार ने मान लिया है। इसमें पेट्रोल और डीजल की कीमत में बढ़ोतरी भी शामिल है। लेकिन ऐसी दुर्गति के बावजूद पाकिस्तान में पेट्रोल, डीजल और सोने की कीमत भारत के मुकाबले कम है।

पाकिस्तान में पेट्रोल और डीजल की कीमत रेकॉर्ड स्तर पर है। पेट्रोल की कीमत 272 रुपये और डीजल की कीमत 280 रुपये लीटर है। सरकार ने 16 फरवरी को

पेट्रोल-डीजल की कीमत में बढ़ोतरी की थी। इस बढ़ोतरी के बावजूद पाकिस्तान में पेट्रोल की कीमत भारत के मुकाबले कम हैं। दिल्ली में अभी पेट्रोल की कीमत 96.72 रुपये है जो पाकिस्तानी रुपये के हिसाब से 322.30 रुपये बैठती है। एक भारतीय रुपये की कीमत 3.33 पाकिस्तानी रुपये के बराबर है। अगर पाकिस्तानी रुपये को भारतीय रुपये में कनवर्ट किया जाए तो पाकिस्तान में पेट्रोल की कीमत 81.58 रुपये बैठती है।

डीजल भी पाकिस्तान में सस्ता

पेट्रोल के मुकाबले डीजल बनाना महंगा पड़ता है। यही वजह है कि पाकिस्तान में पेट्रोल के मुकाबले डीजल की कीमत ज्यादा है। हालांकि भारत में इसके उलट स्थिति है। दिल्ली में पेट्रोल की कीमत 96.72 रुपये है जबकि डीजल की कीमत 89.62 रुपये है। पाकिस्तान रुपये में देखें तो भारत में डीजल की कीमत अभी 298.63 रुपये बैठती है। पाकिस्तान में डीजल की कीमत अभी 280 रुपये लीटर है। यानी पाकिस्तान में डीजल की कीमत भी भारत के मुकाबले कम है। डीजल का इस्तेमाल ट्रांसपोर्ट के साथ एग्रीकल्चर सेक्टर में होता है।

अगर सोने की बात की जाए तो पाकिस्तान में 10 ग्राम सोने की कीमत 1,72,754 रुपये है। भारतीय रुपये के हिसाब से यह 51,815 रुपये बैठती है। भारत में सोने की कीमत अभी 57,755 रुपये प्रति दस ग्राम है। हालांकि एलपीजी पाकिस्तान में भारत से महंगी है। पाकिस्तान में एलपीजी की कीमत 288 रुपये प्रति किलो है। यह भारतीय करेंसी के हिसाब से 86.83 रुपये बैठती है। दूसरी ओर दिल्ली में 14.2 किलो के सिलेंडर की कीमत 1103 रुपये है। प्रति किलो के हिसाब से देखें तो यह 77.67 रुपये बैठती है। भारत का विदेशी मुद्रा भंडार भी पाकिस्तान के मुकाबले कहीं ज्यादा है। 24 फरवरी को समाप्त सप्ताह में देश का फॉरेक्स रिजर्व 560.942 अरब डॉलर रहा जबकि पाकिस्तान का विदेशी मुद्रा भंडार 3.81 अरब डॉलर है।

साउथ अफ्रीका टी-20 टीम के नए कप्तान होंगे ऐडन मारक्रम

तेंबा बावुमा टी-20 स्क्वाड से बाहर, जेपी डुमिनी होंगे बैटिंग कोच

नईदिल्ली (एजेंसी)। साउथ अफ्रीका क्रिकेट टीम के स्टार बल्लेबाज ऐडन मारक्रम को टीम में नई जिम्मेदारी मिली है। मारक्रम को टी-20 टीम का कप्तान चुना गया है। जबकि, साउथ अफ्रीका क्रिकेट बोर्ड (सीएसए) ने जेपी डुमिनी को बल्लेबाजी कोच और रोरी क्लेनवेल्ट को टी-20 और वनडे के गेंदबाजी कोच के रूप में नियुक्त किया है। डुमिनी वनडे और टी-20 टीम के कोच बने रहेंगे। वहीं, रोरी क्लेनवेल्ट को वेस्टइंडीज दौरे के लिए ही टीम में शामिल होंगे।

साउथ अफ्रीका दो टेस्ट खेलने के बाद 16, 18 और 21 मार्च को 3 वनडे भी खेलेगा। इसके बाद 25, 26 और 28 मार्च को 3 टी-20 मैच भी होंगे। मार्करम ने तेंबा बावुमा की जगह टी-20 की कप्तानी संभाली है। बावुमा को टी-20 सीरीज से बाहर कर दिया गया है। बावुमा टेस्ट और वनडे टीम का हिस्सा रहेंगे।

साउथ अफ्रीका लीग में कप्तानी की और टीम को जिताया- मारक्रम ने फरवरी में साउथ अफ्रीका टी-20 लीग में अपनी कप्तानी में फ्रेंचाइजी की टीम सनराइजर्स ईस्टर्न केप को विजेता बनाया था। ऐडन मारक्रम ने ₹20 लीग में 12 मैचों में 33.27 की औसत और 127.97 की स्ट्राइक रेट से 366 रन बनाए थे। सनराइजर्स ईस्टर्न कैप ने फाइनल मुकाबले में प्रिटोरिया कैपिटल्स को 4 विकेट से हराते हुए खिताब जीता।

आईपीएल में हैदराबाद की भी कप्तानी करेंगे- आईपीएल 2023 में ऐडन मारक्रम को सनराइजर्स हैदराबाद टीम का कप्तान बनाया गया है। मारक्रम ने आईपीएल में अब तक 20 मैच खेले हैं। उन्होंने 134.10 की स्ट्राइक रेट से 527 रन बनाए। उनका औसत 40.57 रहा और उन्होंने अपनी 3 हाफ सेंचुरी भी लगाई हैं। वहीं, पिछले साल उन्होंने आईपीएल के 14 मैचों में 47.63 की औसत से 381 रन बनाए थे। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 68 रन था।

वेस्टइंडीज सीरीज के लिए साउथ अफ्रीका का स्क्वाड- टी-20= ऐडन मारक्रम (कप्तान), क्विंटन डी कॉक, ब्योर्न फोर्टुइन, रीजा हेंड्रिक्स, मार्को जानसन, हेनरिक क्लासेन, सिसांडा मगाला, डेविड मिलर, लुंगी एनगिडी, एनरिक नॉर्त्या, वेन पार्नेल, कंगिसो रबाडा, रिले रूसो, तबरेज शम्सी और ट्रिस्टन स्टब्स।

पहले दो वनडे लिए टीम- तेम्बा बावुमा (कप्तान), गेराल्ड कोएत्जी, क्विंटन डी कॉक, टोनी डी जोरजी, ब्योर्न फोर्टुइन, रीजा हेंड्रिक्स, सिसंडा मगाला, केशव महाराज, वियान मूल्डर, लुंगी एनगिडी, रयान रिकेल्टन, एंडिले फेहलुकवायो, ट्रिस्टन स्टब्स, विलियम्स और रासी वैन डेर डूसन।

अहमदाबाद की पिच का बारीकी से निरीक्षण करते नजर आए स्टीव स्मिथ

अहमदाबाद (एजेंसी)। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी एक बार फिर अपनी लय पर खरी उतरी है। श्रृंखला के पहले दो टेस्ट में भारत के दबदबे के बाद मैथ्यू कुह्नमैन और नाथन लियोन के सनसनीखेज प्रदर्शन से ऑस्ट्रेलिया ने तीसरे टेस्ट में रोमांचक वापसी की। अहमदाबाद में सीरीज के निर्णायक मैच से पहले पैट कमिंस की अनुपस्थिति में ऑस्ट्रेलियाई टीम का नेतृत्व एक बार फिर स्टीव स्मिथ के हाथों में हैं। पिचें पूरी श्रृंखला में विवादास्पद विषय रही हैं। ऐसे में चौथे टेस्ट से पहले स्मिथ पिच का

निरीक्षण करते हुए नजर आए।

टीम इंडिया 2-1 से श्रृंखला में आगे है और श्रृंखला निर्णायक जीतने के लिए उत्सुक होंगे और डब्ल्यूटीसी फाइनल में अपना स्थान बुक करेंगे। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का चौथा और आखिरी टेस्ट अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा। टीमों के लिए सब कुछ दांव पर है। ऑस्ट्रेलिया श्रृंखला ड्रा करने के लिए संभावित वापसी की ओर देख रहा है और मेजबान डब्ल्यूटीसी फाइनल में अपना स्थान बुक करने के लिए श्रृंखला निर्णायक में जीत की ओर देखेगा।

नाथन लायन ने कहा, अगर ये अफवाहें सामने आती हैं, तो यह बहुत जोरदार होगा। यह रोमांचक है। मैंने 2013-14 में एशेज में अब तक की सबसे बड़ी भीड़ 92,500 दर्शकों के सामने खेला है। हमें इसे उड़ाने का मौका मिला है। मुझे नहीं लगता कि ऐसे कई अन्य लोग होंगे जो कह सकते हैं कि वे इससे बड़ी भीड़ के सामने खेले होंगे।

टॉड मर्फी ने नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेलने पर भी विचार व्यक्त किए। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने मर्फी के हवाले से कहा, मैंने घर में बड़ी भीड़ से निपटा नहीं है इसलिए मैं यहां केवल इसका आनंद लेने और भारत के साथ जो आता है उसे अपनाने की मानसिकता के साथ आया हूं।

मैनचेस्टर यूनाइटेड की क्लब इतिहास में सबसे बड़ी हार

राइवल क्लब लिवरपूल एफसी ने 7-0 से हराया, दूसरे हाफ में दागे 6 गोल

लिवरपूल (एजेंसी)। इंग्लैंड के सबसे बड़े क्लबों में से एक मेनचेस्टर यूनाइटेड को रविवार रात उनके इतिहास की सबसे बड़ी हार मिली। यूनाइटेड के राइवल क्लब लिवरपूल ने उन्हें इंग्लिश प्रीमियर लीग यानी ईपीएल के लीग मैच में 7-0 से हराया। लिवरपूल के कोडी गाकपो, मोहम्मद सालाह, डार्विन न्यूनेज और रोबेर्टो फीर्मिन्हों ने गोल दागे। यूनाइटेड के खिलाडी कैसेमीरो ने 42वें मिनट में गोल दागा, लेकिन बाद में रेफरी ने इसे ऑफ साइड बताया और गोल नहीं माना गया।

दूसरे हाफ में 6 गोल दागे- 42वें मिनट तक किसी भी टीम ने गोल नहीं किया था। स्कोर 0-0 था। 43वें मिनट में कोडी गाकपो ने गोल दागा। हाफ टाइम के तुरंत बाद 47वें मिनट में टीम के स्ट्राइकर डार्विन न्यूनेज ने गोल स्कोर कर दिया। फिर 50वें मिनट में गाकपो ने अपना दूसरा गोल किया टीम 3- 0 से आगे हो गई। नुनेज ने 75वें मिनट में एक और गोल किया। वहीं, मोहम्मद सालाह ने 66वें और 83वें मिनट में गोल दाग दिया। मैच में सब्स्टीट्यूट हो आए रोबेर्टो फीर्मिन्हों ने 88वें मिनट में सातवां गोल दाग दिया।83वें मिनट में लिवरपूल के मोहम्मद सालाह ने जर्सी उतारकर गोल सेलिब्रेट किया।

क्यों है लिवरपूल और मेनचेस्टर यूनाइटेड के बीच राइवलरी- अगर इंग्लैंड फूटबाल के इतिहास की बात करें तो लिवरपूल और मैनचेस्टर यूनाइटेड इंग्लैंड के दो सबसे बड़े क्लब में से है। दोनों टीम के मैच को नार्थवेस्ट डर्बी कहा जाता है। दोनों के अपने शहर में राइवल है। मैनचेस्टर यूनाइटेड का राइवल मैनचेस्टर सिटी है। वहीं लिवरपूल का राइवल एवर्टन। फिर भी दोनों क्लब एक दूसरे को अपना सबसे बड़ा राइवल मानते है। फुटबॉल क्लब बनने से पहले 19वीं सदी की शुरुआत में औद्योगिक क्रांति के दौरान, मैनचेस्टर और लिवरपूल दोनों ही आर्थिक रूप से संपन्न थे। मैनचेस्टर के पास कपडे के बड़े उद्योग थे। वहीं लिवरपूल में बंदरगाह यानी पोर्ट हुआ करते थे। सदी के अंत में मैनचेस्टर की केनल का काम पूरा हो गया। इस वजह से लोग अब मैनचेस्टर के बंदरगाह जाने लगे। इस वजह से लिवरपूल में बेरोजगारी बढ़ गई और लिवरपूल के लाग मैनचेस्टर के लोगों को नापसंद करने लगे।

जब दोनों एरिया में क्लब बने तब दोनों शहर में दुश्मनी बढ़ते ही चली गई। एक समय में यह कम हुई। लेकिन, मैनचेस्टर यूनाइटेड और लिवरपूल क्लब में इंग्लैंड की बेस्ट टीम बनने की होड़ जारी रही और दोनों टीमों के कई फाइनल खेले। इस कारण ने फैंस में भी एक दूसरे की टीम खिलाफ आक्रोश रहा।

आर्सेनल टॉप पर- ईपीएल में 20 टीमों के बीच मैच खेले जाते है। हर टीम कुल 38 मैच खेलती है। 38 मैच के बाद टेबल के टॉप मैच जीता जाती है। इस समय 63 पॉइंट्स के साथ लंदन की टीम आर्सेनल टॉप पर है। वहिं मेनचेस्टर यूनाइटेड 25 मैच के बाद 49 पॉइंट्स के साथ तीसरे नंबर पर है। चौथे पर टॉटेनहम और पांचवे पर 25 मैच के बाद 42 पॉइंट्स के साथ लिवरपूल है।

रिकी पोंटिंग बोले- कोहली चैंपियन खिलाड़ी, जल्द बड़ी पारी खेलेंगे

कहा- भारत-ऑस्ट्रेलिया टेस्ट सीरीज बैटर्स के लिए बुरे सपने की तरह

सिडनी (एजेंसी)। ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने कहा कि भारत में खेली जा रही बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी बल्लेबाजों के लिए बुरे सपने की तरह है। पूरी सीरीज में स्पिनर्स हावी रहे, बैटर्स के बल्ले से रन ही नहीं निकले हैं। यहां विराट कोहली की तरह बाकी बैटर्स ने भी स्ट्रगल किया। लेकिन, कोहली एक चैंपियन खिलाड़ी हैं और टेस्ट में भी जल्द ही बड़ी पारी खेलते नजर आएंगे।

कोहली भी सच्चाई जानते हैं- आईसीसी रिव्यू में पोंटिंग बोले- कोहली के लिए मैंने हमेशा से कहा है कि वह एक चैंपियन खिलाड़ी हैं, जो हमेशा मुश्किलों से आगे बढ़ने का रास्ता निकाल लेते हैं। उनके बैट से अभी रन नहीं निकल रहे। हम सभी उनसे बड़ी पारी की उम्मीद भी कर रहे हैं, लेकिन कोहली खुद भी इस सच्चाई को जानते हैं। जब आप एक बैटर हों और आपके बैट से रन न निकलें तो आपको खुद में यह अहसास होने लग जाता है कि कुछ गलत हो रहा है। लेकिन, मैं इस बारे में थोड़ा भी चिंतित नहीं हूं, मुझे विश्वास है कि कोहली बाउंस बैक करेंगे और बड़ी पारी खेलेंगे।

14 पारियों से फिफ्टी नहीं बना सके- पोंटिंग तो विराट के फॉर्म में वापसी को लेकर कॉन्फिडेंट हैं, लेकिन टेस्ट में कोहली पिछली 14 पारियों से फिफ्टी नहीं बना सके हैं। उन्होंने 11 जनवरी 2022 को आखिरी बार साउथ अफ्रीका में 79 रन की पारी खेली थी। इस पारी के बाद से उनका बेस्ट स्कोर 45 रन रहा। वे 2 ही बार 25 रन का आंकड़ा पार सके यानी कि 12 पारियों में उन्होंने 25 से कम के स्कोर बनाए।

बॉर्डर-गावस्कर सीरीज बैटर्स के लिए नहीं

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जारी टेस्ट सीरीज में भी कोहली कुछ खास नहीं कर सके। 3 टेस्ट की 5 पारियों में वे 12, 20, 44, 13 और 22 रन की पारियां ही खेल सके। हालांकि पोंटिंग ने कहा कि भारत में जारी टेस्ट सीरीज बैटर्स के लिए बुरे सपने की तरह है। यहां स्पिनर्स को ही ज्यादा मदद मिली है।ऐसा पोंटिंग ने इसलिए भी कहा क्योंकि सीरीज के 3 टेस्ट में एक शतक लगा है। यहां तक कि 7 बार ही बल्लेबाज फिफ्टी का आंकड़ा पार सके जो बैटर्स के लिए वाकई में चिंताजनक है।

ऑस्ट्रेलिया ने बेहतर खेल दिखाया

भारत-ऑस्ट्रेलिया टेस्ट सीरीज पर पोंटिंग बोले कि शुरुआती 2 टेस्ट हारने के बाद ऑस्ट्रेलिया ने बेहतरीन कमबैक किया। इंदौर में टर्निंग ट्रैक पर टॉस हारने के बाद मैच जीतना वाकई में शानदार था। सभी जानते हैं कि इस सीरीज में बैटिंग करना मुश्किल है। ऐसा इसलिए नहीं कि यहां टर्न बहुत ज्यादा हो रहा है, बल्कि इसलिए भी कि पिचों पर बाउंस भी बहुत कम है। जब पिच पर बाउंस नहीं होता तब ज्यादातर बैटर कन्फ्यूज रहते हैं कि अगले शॉट के लिए पैर बाहर निकालें या नहीं। इसी कन्फ्यूजन में वे विकेट गंवा देते हैं।

भारत-आस्ट्रेलिया

चौथे टेस्ट में भारत कर सकता है 2 बदलाव, लौट रहा धुरंधर, ऐसी होगी संभावित इलेवन

अहमदाबाद (एजेंसी)। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज के आखिरी मैच में भारतीय क्रिकेट टीम 2 बदलाव के साथ मैदान पर उतर सकती है। भारत अगर ऑस्ट्रेलिया को हरा देता है तो फिर ना उसके नाम 3-1 से सीरीज होगी, बल्कि बिना किसी चिंता के विश्व टेस्ट चैंपियनशिपप के फाइनल का टिकट भी मिल जाएगा। हालांकि तीसरे टेस्ट में मिली हार से टीम को कुछ सबक लेने की जरूरत है। पिच को खुद पर हावी हो देने के बजाय आत्मविश्वास के साथ बल्लेबाजी करने की जरूरत है। 9 मार्च से 13 मार्च तक, सुबह साढ़े 9 बजे से शुरू होगा मैदान- नरेन्द्र मोदी स्टेडियम, अहमदाबाद।

हो सकते हैं कुछ बड़े बदलाव- तीसरे टेस्ट में मिली हार के बाद टीम में कुछ बड़े बदलाव हो सकते हैं। तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज की जगह शार्दुल ठाकुर शामिल हो सकते हैं, जिनकी हाल ही में शादी हुई। इसके अलावा जो दूसरा बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है जो है विकेटकीपर के रूप में। अभी तक सीरीज में केएस भरत को आजमाया गया, लेकिन वो बल्ले से प्रभावित नहीं कर पाए। वह सीरीज में 8, 6. 23* 17, 3 का स्कोर ही कर पाए हैं। ऐसे में उनकी जगह धुरंधर बल्लेबाज ईशान किशन को मौका मिल सकता है।

चौथे टेस्ट के लिए टीम इंडिया की संभावित प्लेइंग 11- रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, चेतेश्वर पुजारा, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, ईशान किशन, रवींद्र जडेजा, रविचंद्रन अश्विन, अक्षर पटेल, शार्दुल ठाकुर, उमेश यादव।

शुभमन गिल के हो रहे हैं झूठे चर्चे, इस एक्ट्रेस से नहीं है कोई चक्कर, खुद आए सामने

मुंबई (एजेंसी)। भारतीय युवा क्रिकेटर शुभमन गिल सोशल मीडिया पर काफी चर्चा में रहते हैं। वो ना सिर्फ अपनी बल्लेबाजी को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं, बल्कि आए दिन किसी मॉडल या एक्ट्रेस के साथ अफेयर की बातों को लेकर छा जाते हैं। शुभमन का नाम सचिन तेंदुलकर की बेटी सारा तेंदुलकर के साथ सबसे पहले जोड़ा गया था। फिर खबरें आईं कि सारा अली खान को शुभमन पसंद करते हैं। वहीं अब खबरें आईं कि शुभमन का क्रश कोई और नहीं बल्कि साउथ की एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना है।

यह खबर आग की तरह फैली। एक नई एक्ट्रेस के साथ उनका नाम जुड़ता देख फैंस हैरान रह गए। लेकिन इस बीच शुभमन ने साफ कर दिया कि ये सब झूठी बातें हैं। दरअसल, एक मीडिया बेवसाइट ने खुलासा किया कि शुभमन गिल से जब एक इंटरव्यू में उनके क्रश के बारे में पूछा गया तो पहले वो शर्माए लेकिन बाद में उन्होंने साउथ की एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना का नाम लिया था।

अबू धाबी टी10 सीजन 7 की तारीखों का ऐलान

अबू धाबी(एजेंसी)। अबू धाबी टी10 की वापसी हो रही है। टूर्नामेंट का 7वां सीजन इस साल के अंत में 28 नवंबर से 9 दिसंबर तक जायद क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। क्रिकेट के सबसे तेज प्रारूप के एक और रोमांचक संस्करण का ताज हासिल करने के लिए डेक्कन ग्लैडिएटर्स द्वारा लगातार दूसरे खिताब को जीतने के सिर्फ दो महीने बाद तारीखों की पुष्टि की गई है। अबू धाबी क्रिकेट एंड स्पोर्ट्स हब के सीईओ मैट बाउचर ने कहा, अबू धाबी स्पोर्ट्स कार्उसिल और संस्कृति और पर्यटन विभाग अबू धाबी में हमारे सहयोगियों के साथ अबू धाबी के शानदार शहर को प्रदर्शित करने के लिए वास्तव में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट विकसित करने और वितरित करने के लिए रणनीतिक प्रतिबद्धता बनाई। संस्करण ने आज तक हमारे सबसे मजबूत खिलाड़ी क्षेत्र और घरेलू तथा अंतरराष्ट्रीय दर्शकों की दिलचस्पी का एक और महत्वपूर्ण सीजन दिया है। उन्होंने कहा, हम अपनी महत्वाकांक्षाओं पर अडिग हैं और अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट की मेजबानी के लिए अबू धाबी की स्थिति को विश्व स्तरीय गंतव्य के रूप में और मजबूत करते हुए विश्व क्रिकेट के लिए एक और अभिनव और रचनात्मक कार्यक्रम देने के लिए तत्पर हैं।

टी10 लीग के अध्यक्ष शाजी उल मुल्क ने कहा, पिछले साल का अबू धाबी टी10 क्रिकेट और मनोरंजन का सही मिश्रण था। यह लीग के लिए और अधिक विस्तार लाया क्योंकि हमने संयुक्त राज्य अमेरिका से दो नई टीमों को पेश किया और एक बार फिर टूर्नामेंट के लिए कुछ सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों और कोचों का स्वागत किया। सीज़न 7 की आगामी तिथियां की घोषणा के साथ हम 2023 में एक और बड़े संस्करण के साथ एक और सफल वर्ष की आशा कर रहे हैं। अमीरात क्रिकेट बोर्ड के महासचिव मुबशिर उस्मानी ने कहा, अबू धाबी टी10 ने खुद को यूएई क्रिकेट कैलेंडर पर एक महत्वपूर्ण स्थिरता के रूप में स्थापित किया है और हम बधाई देते हैं क्योंकि वे अपने 7वें संस्करण में पहुंच रहे हैं। टी10 एक रोमांचक प्रारूप है जो हमारे यूएई खिलाड़ियों को अपने कौशल सेट को जारी रखने का शानदार अवसर प्रदान करता है, और हम एक और विश्व स्तरीय, अत्यधिक आकर्षक 12-दिवसीय टूर्नामेंट के लिए तत्पर हैं। हम आयोजकों, प्रबंधन, खिलाड़ियों की कामना करते हैं।

बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में पिच को लेकर सस्पेंस जारी, आखिरी टेस्ट से पहले दो पिचों की तस्वीर वायरल

अहमदाबाद (एजेंसी)। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के पहले तीन टेस्ट की पिचों पर कई सवाल उठे हैं और कई विशेषज्ञ इन सवालों को जायज भी ठहरा रहे हैं, क्योंकि अब तक इस सीरीज में कोई भी टेस्ट तीन दिन से अधिक नहीं चल पाया है। सीरीज के पहले दो टेस्ट जहां तीन दिन के अंदर ही समाप्त हो गए, वहीं तीसरा टेस्ट ढाई दिन भी नहीं चला। इसका नतीजा आईसीसी की पिच रेटिंग में भी दिखा, आईसीसी ने यहां पहले दो टेस्ट में पिच को औसत रेट किया, वहीं तीसरे टेस्ट की इंदोर पिच को उन्होंने खराब श्रेणी में रखा है।

वहीं अब इस सीरीज के अहमदाबाद में होने वाले आखिरी टेस्ट के लिए तैयार की गई पिच पर सस्पेंस बना हुआ है। यह सस्पेंस इस बात पर नहीं है कि अहमदाबाद पिच कैसा बर्ताव करेगी, बल्कि सस्पेंस वायरल हो रही दो पिचों की तस्वीर से बना हुआ है। अहमदाबाद के नरेंद्र स्टेडियम खेले जाने वाले इस टेस्ट से पहले एक तस्वीर काफी वायरल हो रही है, जिसमें दो पिचें तैयार की गई हैं और दोनों पिचों पर कवर दिया गया है। इस वायरल हो रही तस्वीर सस्पेंस बना हुआ है कि मैच किस पिच खेला जाएगा।



इंदौर टेस्ट की पिच को मिल चुकी है खराब रेटिंग- गौरतलब है कि आईसीसी ने बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी टेस्ट मैच के लिए इस्तेमाल की गई होलकर स्टेडियम की पिच को 'खराब' करार दिया था, जिसमें आस्ट्रेलिया ने भारत को तीसरे दिन नौ विकेट से शिकस्त दी। इस खराब रेटिंग से इंदौर को तीन डिमैरिट अंक भी मिले और ये अंक पांच साल के लिए सक्रिय रहेंगे। भारतीय टीम दोनों पारियों में 109 और 163 रन के स्कोर पर सिमट गई थी, जबकि आस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 197 रन बनाए और फिर तीसरे दिन सुबह उसने 76 रन के लक्ष्य का पीछा कर जीत हासिल की थी।

भारत को जीतना होगा चौथा टेस्ट - भारत के लिए बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी का आखिरी टेस्ट जीतना बेहद जरूरी है। भारत अगर यह टेस्ट जीत लेता है तो वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई कर लेगा, परंतु भारत अगर इस टेस्ट में हार जाता है तो उसका फाइनल का राह थोड़ा मुश्किल हो सकता है। भारत फिलहाल वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप रैंकिंग में दूसरे स्थान पर है, अगर भारत चौथा टेस्ट हार जाता है तो तीसरे स्थान पर मौजूद श्रीलंका टीम के लिए क्वालीफाई करने का रास्ता खुल जाएगा। बता दें कि ऑस्ट्रेलियाई टीम तीसरे टेस्ट को जीतकर पहले ही वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई कर चुकी है।

सभी क्षेत्र वासियों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं
चंदन कुमारी
मुखिया- ग्राम पंचायतराज बंधार, प्रखंड- शिवाजीनगर, समस्तीपुर

9931958994
Chandramani.in
The Best Online Service Portal
कंप्यूटर ट्रेनिंग एंड स्पोकन इंग्लिश कोर्स
मधुरापुर, शिवाजीनगर, समस्तीपुर
SPOKEN ENGLISH CLASSES
वीसी चंद्रमणि
यूनियन बैंक ग्राहक सेवा केंद्र होली ऑफर अकाउंट ओपनिंग फ्री

होली के शुभ अवसर पर प्रखंडवासियों, जिलावासियों, ग्रामवासियों, पधिकारियों, बुद्धिजीवियों शिक्षाविदों को हार्दिक शुभकामनाएं
वीणा कुमारी
प्रखंड प्रमुख, सरायरंजन, समस्तीपुर

होली के शुभ अवसर पर प्रखंडवासियों, जिलावासियों, ग्रामवासियों, पधिकारियों, बुद्धिजीवियों शिक्षाविदों को हार्दिक शुभकामनाएं
अखिलेश ठाकुर
प्रधानाध्यापक- मध्य विद्यालय, गंगापुर, सरायरंजन, समस्तीपुर

सभी क्षेत्र वासियों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं
जितेंद्र कुमार सिंह
पंचायत रोजगार सेवक, पंचायत कुंडल-1, प्रखंड- सिंघिया, जिला- समस्तीपुर

कल्याणपुर प्रखंड के सभी समाजसेवियों, बुद्धिजीवियों एवं जनप्रतिनिधियों को होली और शब-ए-बारात की हार्दिक शुभकामनाएं
अजीत कुमार गुप्ता
युवा व्यवसायी

सभी क्षेत्र वासियों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं
राजेश कुमार पासवान
पूर्व मुखिया, ग्राम पंचायतराज मधुरापुर, प्रखंड- शिवाजीनगर, समस्तीपुर

सभी क्षेत्र वासियों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं
उमेश यादव
पंचायत समिति प्रति सह समाजसेवी ग्राम पंचायतराज रहटौली, प्रखंड- शिवाजीनगर, समस्तीपुर
डॉ शिवशंकर मंडल
पूर्व जिला पार्षद सदस्य, ग्राम- रहटौली, प्रखंड- शिवाजीनगर, समस्तीपुर

भारत सरकार रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय औषध विभाग
pmbi प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना
G20 भारत
आजादी का अमृत महोत्सव
भागलपुर जिलावासी और देश की जनता को रंगों की होली की ढेर सारी शुभकामना
निवेदकः- अशोक कुमार
भारती व निशा भारती
जन औषधि केंद्र मायागंज भागलपुर व मोजाहिदपुर भागलपुर
"कम कीमतों पर उच्च गुणवत्ता वाली दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए पूरे देश में हजारों जन औषधि केंद्र खोले गए हैं, जहां दवाएं बाजार दरों से 50 से 90 प्रतिशत कम कीमत पर मिल रही हैं। इससे न केवल गरीबों को बल्कि मध्यम वर्ग को भी बहुत फायदा हुआ है।"
नरेन्द्र मोदी

सभी क्षेत्र वासियों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं
संतोष कुमार मुन्ना
पंचायत रोजगार सेवक पंचायत- कुंडल 2, प्रखंड- सिंघिया, जिला- समस्तीपुर

सभी क्षेत्र वासियों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं
जगन्नाथ पोद्दार
मुखिया, ग्राम पंचायतराज बारी प्रखंड- सिंघिया, जिला- समस्तीपुर

आप सभी को होली की हार्दिक शुभकामनाएं
KRISHNA CLASSES
FOR : I.SC (XI & XII)
MEDIUM : HINDI & ENGLISH
I.SC के साथ-साथ JEE, NEET, POLYTECHNIC, PARAMEDICAL, NDA, AIRFORCE की तैयारी के लिए SPECIAL BATCH
KRISHNA KANHAIYA M.Sc (8 Yrs. Teaching Exp)
99% सफलता की गारंटी नहीं तो FEE वापस।
COMRADE Academy
(Junior Section of KRISHNA CLASSES)
ONLY FOR : CBSE & ICSE BOARD
STD : VIII, IX & X
(Olympiad, NTSE, KVPY)
ALL SUBJECTS
By : Senior & Expert Faculties
GUIDED BY : KRISHNA CLASSES
MOB.: 8507257884, 9123125716
H.O.: FATUHA MAIN ROAD, ANAMIKA SWEETS के ऊपर FIRST FLOOR, PATNA
B.O.: Shivam International School के Opposite, Phulwariya (Hardas Bigha), Khushrupur, Patna

स्कॉलर्स एकेडमी सीटेट फतुहा
स्टेशन रोड, सरकारी हॉस्पीटल के नजदीक, एसबी कॉम्पलेक्स के पीछे, फतुहा
CTET
HOLI OFFER-Rs.-8500
only Rs. 5500 Till-15.03.2023
GOVIND SIR 9304604751
S.K. SIR 8340152800

A High Level Specialized Learning Centre
BABA LIBRARY
Station Road, Fatuha (Patna)
GREEN ENVIRONMENT
Vikash Kumar
7464064735
7858090494

आप सभी को खुशियों और रंगों का त्योहार होली की हार्दिक शुभकामनाएं
संजय गोप
समाजसेवी व पूर्व उपाध्यक्ष
सुषमा देवी
पूर्व उपमुख्य पार्षद, नगर परिषद् फतुहा

सभी क्षेत्र वासियों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं
रामचंद्र सिंह
मुखिया, ग्राम पंचायतराज राजौर रामभद्रपुर, प्रखंड- शिवाजीनगर, समस्तीपुर
सह अध्यक्ष, मुखिया प्रखंड संघ व जिला मुखिया संघ महासचिव

रंग-बिरंगी होली व शबे बरात की पटना नगर निगम क्षेत्र और देश की जनता को शुभकामना-बधाई
विनोद कुमार
पार्षद (वार्ड 70) सह सदस्य
सशक्त स्थायी समिति, पटना नगर निगम

बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज, गांधी सेतु लिंक पथ बिस्कोमान कॉलोनी गोलंबर से पूरब, पटना -7 की ओर से रंगों का त्योहार होली की बधाई व शुभकामना
वीणा कुमारी (कोषाध्यक्ष)
डॉ अजय प्रकाश (सचिव)
डॉ सर्वदेव गुप्ता (अध्यक्ष)

पटना नगर निगम क्षेत्र और देश की जनता को रंगों की होली की शुभकामनाएं ...
सतीश कुमार गुप्ता
पार्षद
पटना नगर निगम

सभी क्षेत्र वासियों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं
उमेश कुमार गिरी
पंचायत रोजगार सेवक, पंचायती राज हरदिया, प्रखंड- सिंघिया, जिला- समस्तीपुर

पटना नगर निगम क्षेत्र और देश की जनता को रंग-बिरंगी होली की शुभकामनाएं ...
संध्या यादव
पार्षद प्रतिनिधि पार्षद
अनिल यादव
वरीय समाजसेवी

मनोज कुमार उर्फ मुन्ना जायसवाल पार्षद सह सदस्य, सशक्त स्थाई समिति की ओर से आप सभी को होली की शुभकामनाएं ....
मनोज कुमार उर्फ मुन्ना जायसवाल
पटना नगर निगम

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129